रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-185 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### जीप और बस की भिड़ंत में छह लोगों की मौत, दो लोग घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा में एक जीप और बस की भिडंत में छह लोगों की



घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले सिहोरा के खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में सुबह लगभग चार बजे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से जबलपुर की तरफ जा रही एक जीप अनियंत्रित होकर रोड डिवाडर को तोड़ते हुए एक बस से टकरा गई। बस जबलपुर से कटनी तरफ जा रही थी। इस हादसे में कर्नाटका के गोकक निवासी विरुपाक्षी गुमेती, बासवराज कुराती, बालचंद्र और राजू सहित छह लोगों की मौत हुई है, जबकि सदाशिव और मुस्ताफ घायल हुए हैं।

### संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में महिला शांतिरक्षकों की भूमिका अद्वितीय : जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में महिला शांतिरक्षकों की



तैनाती बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि महिला शांतिरक्षकों की स्थानीय समुदायों तक अद्वितीय पहुंच होती है और संघर्ष क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य करती हैं जिससे शांति अभियानों की प्रभावशीलता बढ़ती है। डॉ. जयशंकर ने विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) के सहयोग से ग्लोबल साउथ की महिला शांति सैनिकों के लिए आयोजित पहले सम्मेलन को संबोधित किया।

### विपक्ष का रवैया निंदनीयः विजेंद्र

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाही के पहले दिन विपक्ष ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया है, उसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। गुप्ता के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बधाई प्रस्ताव में कहा कि उन्होंने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन बिताया। उनके अनुभव, ज्ञान और सामाजिक जीवन के अनुभव से सदन को लाभ मिलेगा। सबको नियमों का पालन कराते हुए सदन को चलायेंगे, ऐसी हमारी अपेक्षा है। नेता विपक्ष आतिशी ने सभी साथियों की ओर अध्यक्ष निर्वाचित होने पर गुप्ता को बधाई दी।

# नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में अब अंतिम साँसें ले रहा है : राज्यपाल डेका

## पंचायत चुनाव में सुकमा के पेंटाचिमली, केरलापेंदा, दुलेड, सुन्नम गुडा और पुवर्ती जैसे गांवों में पहली बार हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा के पंचम सत्र को संबोधित किया और अभिभाषण में कहा कि मेरी सरकार ने प्रदेश में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया है। राज्यपाल डेका ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश को 31 मार्च 2026 तक नक्सल हिंसा से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाई गई है। इसके अनुरूप लगातार कार्रवाई की जा रही है। नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में अब अंतिम साँसें ले रहा है। मेरी सरकार की कुशल रणनीति, जवानों के हौसले और आम जनता के संकल्प के बूते एरिया डॉमिनेशन की सतत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि चौदह महीने की अवधि में 300 से अधिक नक्सली मार गिराये गये। इस दौरान 972 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1183 नक्सली गिरफ्तार किये गये हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए पुनर्वास नीति के तहत 15 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये गये हैं। डेका ने कहा कि नक्सल हिंसा प्रभावित 26 गांवों में पहली बार ध्वजारोहण तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन में सुकमा जिले के पेंटाचिमली, केरलापेंदा, दुलेड, सुन्नम गुडा और पुवर्ती जैसे गांवों में पहली बार मतदान हुआ। सुकमा जिले के चिंतागुफा स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज की इतनी बढ़िया सुविधा मिल रही है कि इसे केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणपत्र मिला है, वहीं 19 साल बाद दन्तेवाड़ा जिले के पोटाली गांव में पुनः स्वास्थ्य केन्द्र आरंभ किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षा के इस नये वातावरण में बस्तर में तेजी से विकास का उजाला फैल रहा है। बस्तर में नक्सलवाद प्रभावित इलाकों में नियद नेल्ला नार योजना आरंभ की गई। इसके माध्यम से सुरक्षा कैंपों के निकटवर्ती पांच किमी के दायरे में आने वाले गांवों में 17 विभागों की 52 हितग्राहीमूलक योजना एवं 31 सामुदायिक सुविधाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत राज्य के 18 जिलों के 2121 ग्रामों की दो हजार 160 बसाहटों में 59 हजार 758 विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत देश में 4781 किलोमीटर लंबाई की सड़कें स्वीकृत की गई हैं जिनमें 2 हजार 449 किलोमीटर की सड़कें अकेले छत्तीसगढ़ में ही हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत राज्य के 32 जिलों के 6 हजार 691 अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है। डेका ने कहा कि बस्तर शांति की ओर लौटने का उत्सव मना रहा है। मेरी सरकार ने लोगों में उत्साह भरने और खेल प्रतिभाओं को निखारने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया। इन खेलों में एक लाख 65 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में माओवादी आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के लोग, आत्मसमर्पित माओवादी और माओवादी हिंसा में दिव्यांग हो चुके लोग भी शामिल रहे। इससे पहले विधानसभा पहुंचने पर डेका का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने स्वागत किया। डेका ने कहा कि यह विधानसभा गणतंत्र का मंदिर है। यहाँ संविधान की पूजा होती है। मुझे खुशी है कि सदस्यगण अपनी पूरी क्षमता के साथ यहाँ अपने संवैधानिक दायित्वों को निभा रहे हैं।



### कार्यमंत्रणा समिति की बैठक



छत्तीसगढ़ विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधान सभा परिसर में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सभापतित्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, मान. विधायक गण, मुख्य सचिव, अमिताभ जैन एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित थे।

## भाजपा को जनता का मिला पूर्ण समर्थन, उनके विश्वास पर खरा उतरना महापौर की सर्वोच्च प्राथमिकता हो : सीएम साय



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर अथाह विश्वास जनता ने जताया है, जिससे पार्टी को प्रचंड विजय हासिल हुई है। दस के दस नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक विजय हमारी डबल इंजन की सरकार के कार्यों का प्रमाण है। इसलिए अब जनता के विश्वास पर खरा उतरना सभी नवनिर्वाचित महापौर की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अटल विश्वास पत्र के एक-एक वादों को पूरा करना उनका लक्ष्य हो। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। सभी निगम के महापौर, पार्षदों से निरंतर संपर्क बनाकर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा में उनसे मिलने आए नगर निगमों के नवनिर्वाचित महापौर को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने नवनिर्वाचित महापौर को बधाई एवं सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। साय ने कहा कि भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है। इस जीत में संगठन के नेताओं, मंत्रिमंडल के साथियों, विधायकगणों और पदाधिकारियों का भी विशेष योगदान है। हमारी सरकार ने मात्र चौदह महीने में मोदी जी की गारंटी की सभी वादों को पूरा किया है। इससे जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमारी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के प्रति और प्रगाढ़ हुआ है। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम ऐतिहासिक परिणाम हैं, इससे पहले ऐसा परिणाम कभी नहीं आया। उन्होंने कहा कि महापौर पद हेतु डेढ़ लाख वोटों से जीत, निगम के 70 वार्डों में 60 पार्षद भाजपा के होना, सभी नगर निगमों में भाजपा का महापौर निर्वाचित होना ये सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। अतः अब हमें नगरीय निकायों के समुचित विकास के लिए काम करना है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के परिणाम पर सीएम साय ने कहा कि पंचायत चुनावों में भी भाजपा को ऐतिहासिक सफलता हासिल हुई है। लगभग 81 प्रतिशत सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की विजय हुई है। इससे साफ प्रतीत होता है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी बड़े भयावह स्थिति में है, कई जगहों पर ऐसी स्थिति रही कि कांग्रेस पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को प्रस्तावक और समर्थक के भी लाले पड़े।

## फैक्ट फाइंडिंग कमेटी पहुंची बिलासपुर, बंद कमरे में हुई चर्चा



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बिलासपुर पहुंची। इस कमेटी ने उन पदाधिकारियों से बंद कमरे में चर्चा की, जिन्हें संगठन ने भितरघात के आरोप में निष्कासित किया है। कमेटी ने उनसे लिखित और मौखिक बयान दर्ज किए। गौरतलब है कि पीसीसी प्रवक्ता अभय नारायण राय, महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री सीमा पांडेय और पीसीसी सचिव त्रिलोक श्रीवास के खिलाफ निष्कासन की अनुशंसा की गई थी। संगठन ने इस संबंध में पीसीसी को पत्र भेजा था, जिसके बाद पूर्व विधायक धनेंद्र साहू की अगुवाई में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की गई। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा ने इस मामले में दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। पहले संगठन के पदाधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई और उनका पक्ष सुना गया। इसके बाद निष्कासित नेताओं से अलग-अलग चर्चा कर उनके बयान दर्ज किए गए। फिलहाल कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे पीसीसी को सौंपा जाएगा। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## मोदीजी ने असम में लगा रखा है जुमलों का कारखानाः खरगे

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने



कहा है कि असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के रूप में 'जुमले का कारखाना' लगा रखा है, जहां सिर्फझूठ बोला जाता है और जुमले गढ़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व शर्मा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है और उनके झूठ तथा भ्रष्टाचार से असम की जनता में गहरा गुस्सा है और हालात यह हो गए हैं कि अब मोदी के जुमले भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पा रहे हैं। अब साफहै कि पूर्वोत्तर में बदलाव तय हो गया है। खरगे ने एक्स पर कहा, असम में मोदी जी ने जुमलों का कारखाना लगाया है, जिसके कर्ता-धर्ता भाजपा के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। हाल ही में असम में कांग्रेस के नेताओं पर दोनों तरह से - राजनीतिक और शारीरिक रूप से हमले किये गए हैं। इन हमलों का जवाब जनता एक वर्ष बाद कांग्रेस की सरकार बनवा कर देगी। उन्होंने कहा, असम राज्य, भाजपा के भू-माफ़िया द्वारा भ्रष्टाचार, नफ़रत और कुशासन का परिणाम झेल रहा है।

## आदतन अपराध के आरोपी नाबालिग को जमानत से सुप्रीम कोर्ट का इनकार


पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने बार-बार अपराध करने के आरोपी एक नाबालिग को जमानत से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि उसकी उम्र के कारण ही उसे कानून से छूट नहीं मिल जाती। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने नाबालिग के आपराधिक इतिहास पर गौर किया और बताया कि उसके खिलाफचार समान मामले दर्ज हैं। पीठ ने पहले से ही तीन अन्य मामलों में जमानत पर चल रहे याचिकाकर्ता से कहा कि किशोर अपनी उम्र की आड़ में बार-बार नतीजों से बच नहीं सकते। वह सुधारने लायक नहीं है! बस सुधारने लायक नहीं है। जबरन वसूली और आपराधिक धमकी के मौजूदा मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया। वर्तमान मामले के संदर्भ में यह स्वीकार करते हुए कि आरोपी किशोर कानून के तहत अधिकतम तीन साल की सजा के आधे से अधिक (एक वर्ष और आठ महीने) से हिरासत में है, न्यायालय राहत देने के लिए सहमत नहीं हुआ। पीठ ने इसके अलावा, गवाहों की गैर-मौजूदगी के कारण मुकदमे की कार्यवाही में देरी पर ध्यान दिया।

## भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र पांच वर्ष में 350 अरब डालर पहुंचने की उम्मीद : राजनाथ

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300 से 350 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, भारत का प्रौद्योगिकी सेक्टर बढ़ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300-350 अमेरिकी बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सवा लाख से अधिक स्टार्ट-अप और 110 यूनिकॉर्न के साथ, हमारा देश दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन रहा है। उन्होंने छात्रों को विकास और अवसर के इस दौर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न केवल भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में योगदान दें, बल्कि अनुसंधान और विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें।

## विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विजेंद्र गुप्ता सर्वसम्मति से दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष के लिए भारतीय जनता पार्टी विधायक विजेंद्र गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने समर्थन किया। अध्यक्ष के लिए दूसरा प्रस्ताव कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्रराज सिंह ने किया, जिसका मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर्थन किया। भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने भी गुप्ता के लिए अध्यक्ष पद के दोनों प्रस्तावों का समर्थन किया। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर लवली ने गुप्ता का नाम अध्यक्ष के लिए सदन के समक्ष रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। गुप्ता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने गुप्ता को अध्यक्षीय आसान तक पहुंचाया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

### इसके लिए राष्ट्रीय मिशन शुरु किया है

## टेक्सटाइल, टूरिज्म और टैक्नालॉजी में बड़ी भूमिका रहेगी भारत की : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के विकसित भविष्य में तीन क्षेत्रों टेक्सटाइल, टूरिज्म और टैक्नालॉजी की बड़ी भूमिका रहेगी और इनके माध्यम से रोजगार के करोड़ों अवसर सामने आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों से आह्वान करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में भी निवेश का यह सही समय है। मोदी यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी समेत देश-विदेश के कई ख्यातिप्राप्त उद्योगपति और राजनयिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के विकसित भविष्य में तीन क्षेत्रों 'टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी' की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। ये क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देने वाले हैं। भारत कॉटन, सिल्क, पालिएस्टर और विस्कोस का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। टेक्स्टाइल सेक्टर ही करोड़ों को रोजगार देता है। मध्यप्रदेश तो एक प्रकार से भारत की 'कॉटन कैपिटल' है। भारत की करीब 25 फीसदी ऑर्गेनिक कॉटन आपूर्ति मध्यप्रदेश से ही होती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मलबरी सिल्क का भी देश का सबसे बड़ा निर्माता है। यहां का चंदेरी और महेश्वर विश्वप्रसिद्ध हैं। इनमें निवेश निवेशकों को वैश्विक पहचान देगा। सरकार मेडिकल टेक्सटाइल और जियो टेक्सटाइल को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए राष्ट्रीय मिशन शुरु किया है। सात बड़े टेक्सटाइल पार्क में से एक मध्यप्रदेश में बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश-विदेश से आए निवेशकों के सामने मध्यप्रदेश की तमाम खूबियों को ना केवल विस्तार से रखा, बल्कि इस बात पर भी बल दिया कि राज्य में निवेश का सही समय यही है। पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश की पिछले दो दशक की विकास यात्रा को सबके सामने रखा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि और खनिज के मामले में देश के अव्वल राज्यों में है। मध्यप्रदेश को जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां विकास की हर संभावना है।

### मोदी ने किसानों को दी पीएम-किसान योजना के छह वर्ष पूरे होने की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान ) के छह वर्ष पूरे होने पर देश के किसानों को बधाई दी और कहा कि उनकी सरकार किसानों के सम्मान और समृद्धि तथा सशक्तीकरण के लिए काम कर रही है। मोदी ने ही बिहार में भागलपुर में एक सभा मंच पीएम किसान की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश भर में 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में किसी बिचौलिए की भूमिका के बिना प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता हस्तांतरित किए गए। सरकार के अनुसार लाभान्वित किसानों में इस लगभग 2.41 करोड़ महिला किसान हैं। मोदी ने सोसल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ' पीएम-किसान के 6 वर्ष पूरे होने पर देशभर के हमारे किसान भाई-बहनों को बहुत-बहुत बधाई।

## योगी ने कहा- कुम्भ के बारे में जैसी दृष्टि थी, वैसी सृष्टि नजर आई

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सदस्यों पर निशाना साधते हुये कहा कि कुम्भ के बारे में जैसी आपकी दृष्टि थी, वैसी सृष्टि नजर आई। हम लोग कुम्भ के संदेश को एकता के संदेश के रूप में देखते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया प्रदेश में 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। हमने एमएसएमई सेक्टर को आगे बढ़ाया। इससे दो करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। प्रदेश के अंदर 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने का परिणाम था कि 60 लाख नौजवानों को नौकरी मिली है। इसके अलावा अब नए बजट के जरिए आउटसोर्सिंग या संविदा कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने की क्रांतिकारी घोषणा होने जा रही है। उन्होने कहा आप (सपा) के समय में जो यूपी पीछे से पहले स्थान पर रहता है, आज क्रम से पहले स्थान पर है। महामहिम राज्यपाल ने अभिभाषण में भी कहा कि मेरी सरकार के सुनियोजित प्रयासों, प्रभावी क्रियान्वयन व सतत अनुश्रवण से यूपी देश में विभिन्न योजनाओं में प्रथम स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यटन (धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों व पर्यटकों को आकर्षित करने) में यूपी शीर्ष पर है। गत वर्ष 65 करोड़ लोग यूपी आए थे और महाशिवरात्रि पर जब महाकुम्भ का समारोप होगा, तब तक 65 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। देश में इसके समकक्ष कोई नहीं है। दुनिया में बड़े-बड़े आयोजन के दावे होते हैं, लेकिन यह लाखों में पहुंचते हैं। इतनी बड़ी संख्या नहीं है। यह संख्या यूरोपीय संघ व अमेरिका की जनसंख्या से डेढ़ गुना से अधिक है, लेकिन सपा आज भी सच्चाई नहीं स्वीकार कर पा रही है।

## अधिक से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करें सभी राज्य : वैष्णव

वार्ता < नयी दिल्ली /भोपाल
www.dailypioneer.com



रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश के सभी राज्यों को सोमवार को प्रस्ताव किया कि वे अधिक से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करके सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें तो रेलवे उनसे अधिक से अधिक बिजली खरीदने के लिए तैयार है। रेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करने वाले उद्यमियों को राज्य से अधिकतम संभव बिजली खरीदने का प्रस्ताव किया और कहा कि मध्य प्रदेश रेलवे को बिजली दे और रेलवे मध्य प्रदेश की सेवा करे।

वैष्णव ने भोपाल में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन सत्र को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। इस मौके पर नीमच में बनने वाले 170 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र से रेलवे के लिए रिकार्ड सस्ती (2 रुपये 15 पैसे प्रति यूनिट की दर) से बिजली खरीद के करार पर हस्ताक्षर किए गए। वैष्णव ने नयी दिल्ली से वीडियो लिंक के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे ने वर्ष 2030 तक नेट जीरो यानी शून्य कार्बन उत्सर्जन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रेलवे ने तेजी से 97 प्रतिशत से अधिक ट्रैक का विद्युतीकरण कर लिया है और नये वित्त वर्ष 2025-2026 में शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रेलवे ने 1500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद के करार किये हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का पुष्कर सिंह धामी ने किया निरीक्षण

एजेंसी उत्तरकाशी/देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र में आगमन से राज्य में शीतकालीन पर्यटन को काफी बढावा मिलेगा और यह दौरा राज्य की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान देगा। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के साथ ही समूचा उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव, पर्यटन, सचिन कुर्वे, अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरूगेशन सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हर्षिल-मुखवा के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र में आगमन से शीतकालीन यात्रा को पंख लगेंगे। पूरे विश्व में इस यात्रा का प्रचार-प्रसार होगा। जिससे हमारे राज्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटकों का आगमन होना तय है। यह अवसर हमारे राज्य की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान साबित होने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आगमन उत्तराखंड के लिए सदैव बहुत शुभ होता है। केदारानाथ धाम, माणा, आदिकैलाश की प्रधानमंत्री की यात्रा एवं प्रवास के बाद इन जगहों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में काफी अधिक वृद्धि हुई है। इसी तरह, इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री के आगमन के फलस्वरूप राज्य में साढे तीन लाख करोड़ रुपये की लागत के पूंजी निवेश के एमओयू हुए और अभी तक राज्य में लगभग अस्सी हजार करोड़ रूपये से ज्यादा के निवेश की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के हाथों राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ होना भी उत्तराखंड के लिए सौभाग्यशाली साबित हुआ है। देवभूमि ने खेलभूमि की प्रतिष्ठा भी अर्जित की है। इस बार राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने लंबी छलांग लगाकर सातवां स्थान हासिल किया है, जबकि राष्ट्रीय खेलों मे पिछली बार हम पच्चीसवें स्थान पर थे। मुख्यमंत्री ने की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रधानमंत्री की यात्रा को स्मरणीय व सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हर्षिल में प्रस्तावित जनसभा के लिए बनाए जा रहे पंडाल, मंच तथा प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर कहा कि कार्यक्रम के दौरान, स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक धरोहर को प्रदर्शित करने के विशेष प्रबंध किए जांय, जिससे राज्य का समृद्ध पर्यटन और अधिक सशक्त हो। इस दौरान, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने प्रस्तावित भ्रमण को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक सुरेश चौहान, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल, मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल, अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी, अधीक्षण अभियंता लोनिवि हरीश पांगती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश कपड़ा उद्योग निवेश का प्रमुख केंद्र: सीआईआई

एजेंसी भोपाल
www.dailypioneer.com



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-भोपाल में सीआईआई की टेक्सटाइल्स एंड अपैरल की राष्ट्रीय समिति की बैठक में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश को कपड़ा उद्योग के निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बताया है। समिति के अध्यक्ष कुलिन लालभाई ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति, बेहतर लॉजिस्टिक्स और निवेश अनुकूल नीतियों के कारण कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से किफायती राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयास से कपड़ा उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। श्रम-प्रधान क्षेत्र होने से इसमे बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन होता है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहाँ पीएम मित्र पार्क मूर्त रूप लेगा। राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टेक्सटाइल उद्योग की सहायता के लिये संवेदनशील हैं। उन्होंने उद्योगो को बढ़ावा देने के लिये हर स्तर से सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में उपस्थित औद्योगिक विशेषज्ञों और सीआईआई प्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश छोटे और बड़े स्तर के टेक्सटाइल निवेश के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग देगी। मध्यप्रदेश ने खुद को फार्म-टू-फाइबर, फाइबर-टू-फैब्रिक, फैब्रिक-टू-फैशन, और फैशन-टू-फॉरेन के विजन को दृष्टिगत रखते हुए कपड़ा उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में स्थापित किया है। औद्योगिक प्रतिनिधियों ने कहा कि अब टियर-2 और टियर-3 शहरों की ओर बढ़ने का समय है, जहाँ नीतिगत लाभों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। वैश्विक बाजार में भारत के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के बाद अब दुनिया भारत की ओर देख रही है। हमें इस अवसर का शत प्रतिशत लाभ लेना होगा ताकि भारतीय कपड़ा उद्योग ग्लोबल ब्रांड बन सके। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) के लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश में विश्व स्तरीय संस्थान हैं जो कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराते हैं। उद्योगों की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम में बदलाव किए जा रहे हैं ताकि औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में फैशन उद्योग का ट्रेंड सेटर बनेगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीकी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। बैठक में पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) और टेक्नोलॉजी मिशन ऑन कॉटन (टीएमसी) फेज-3 के तहत मिलने वाले केंद्रीय प्रोत्साहनों पर भी चर्चा हुई। इससे उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकेगा। उद्योग प्रतिनिधियों ने सतत विकास और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर बल दिया। बैठक में सीआईआई की टेक्सटाइल्स एंड अपैरल की राष्ट्रीय समिति के सदस्य सहित वस्त्र एवं कपड़ा उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकों को लेकर किया जागरूक

एजेंसी हरिद्वार
www.dailypioneer.com

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से एक होटल में मानक मंथन श्रृंखला के अंतर्गत मानव मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में विभिन्न इंडस्ट्री से जुड़े लोगों मानक ब्यूरो के अधिकारियों, उपभोक्ताओं सहित विशेषज्ञ लैब के लोगों ने भाग लिया। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं को भी आमंत्रित किया गया ताकि वह मानक ब्यूरो के नियमों को जानकर भविष्य में मानकों के अनुरूप उत्पाद खरीद सके एवं इस इंडस्ट्री के नियमों को भी जान सके। भारतीय मानक ब्यूरो उत्तराखंड के निदेशक सौरभ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक महीने मानव मंथन श्रृंखला के अंतर्गत विभिन्न जिलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनका उद्देश्य उद्योग से जुड़े लोगों एवं उपभोक्ताओं को मानकों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि अल्युमिनियम बनाने एवं इसमें प्रयोग की जाने वाली सामग्री के मानकों को लेकर मंथन किया गया उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष मानक बनाये गए है और इन मानकों की पिछले वर्ष पुनः समीक्षा की गई थी द्य अतः आज इसके लिए अल्युमिनियम बनाने से संबंधित विभिन्न उद्योग से जुड़े लोगों एवं विशेषज्ञों तथा उपभोक्ताओं को आमंत्रित किया गया ताकि सबके सुझाव से इनमें और अधिक सुधार एवं मानकीकरण प्रक्रिया को अधिक गुणवत्ता युक्त बनाने पर विचार किया जा सके। सिडकुल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग का कहना है कि मानक मंथन एक सतत प्रक्रिया है जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो और विशेषज्ञ सहित तमाम हित धारक इसमें शामिल हुए उनका कहना है कि सभी का प्रयास है कि पुराने मानकों पर विचार किया जाए ताकि इसके निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जाएं जिससे पूरे भारत में एकरूपता लाई जा सके और उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिले। सिडकुल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से जुड़े राजकुमार सुनेजा का कहना है कि मानक मंथन का उद्देश्य पुराने मानकों को पर विचार करना तथा उनमें और अधिक सुधार करना है ताकि भारतीय उत्पाद भी भारत सहित विदेश में भी अपनी गुणवत्ता को लेकर अन्य समानांतर उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सके उन्होंने कहा की भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारतीय उत्पादों का विश्व के पटल पर मानकों पर खरा उतरना जरूरी है जिसके लिए मानक ब्यूरो उद्योग जगत से जुड़े लोगों को जागरूक करता रहता है।

# गांव महलांवाली से झारखंड निवासी मजदूर का शव बरामद

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर के गांव महलांवाली में एक खेत से एक 54 वर्षीय एक प्रवासी मजदूर का शव बरामद किया गया। कुछ दिन पहले उसके सहकर्मियों ने कथित तौर पर उसकी हत्या कर शव दफना दिया था। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गजलप्रीत कौर ने बताया कि पीड़ित, मुलिया लुगुन, मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है और गांव पटियारियां में रहता है, इक्कीस फरवरी, 2025 की रात को लापता हो गया था। उसके रिश्तेदारों ने बाद में शिकायत दर्ज कराई थी कि चार लोगों ने उसकी हत्या कर दी और अपराध को छिपाने के लिए उसके शव को दफ्ना दिया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि लुगुन कुछ अन्य प्रवासी मजदूरों के साथ शराब पी रहा था, तभी किसी अज्ञात मुद्दे पर बहस छिड़ गई। स्थिति बिगड़ गई और मजदूरों ने कथित तौर पर लुगुन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कौर ने बताया कि इसके बाद उन्होंने उसके शव को खेतों में दफना दिया और भाग गए। जब लुगुन उस रात घर नहीं लौटा तो उसके सहकर्मियों ने दसूया में उसके रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी। जांच के बाद पुलिस ने उसका शव कब्र से निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# श्रीलंका से प्रवासी परिवार के चार सदस्य शरण लेने तमिलनाडु पहुंचे

एजेंसी रामेश्वरम
www.dailypioneer.com

श्रीलंका से दो बच्चों सहित एक तमिल प्रवासी परिवार के चार सदस्य शरण लेने तमिलनाडु पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवासी परिवार के सदस्यों की पहचान श्रीलंका के वावुनिया निवासी बी. कलईसेल्वन (37) पत्नी किरुबाना (33) एवं इनके दो बेटों जिबिन (9) और शर्विन (5) के रूप में हुई है। उन्होंने तमिलनाडु तट पर पहुंचने के लिए फाइबरग्लास नाव किराए पर ली थी। नाव संचालक ने भारतीय जल क्षेत्र में गुप्त रूप से घुसपैठ की और परिवार के सदस्यों को धनुषकोडी में अरिचलमुनाई के पास चौथे टापू पर उतार दिया और भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि गश्त पर तैनात भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के जहाज ने इन्हें बचाया और रामेश्वरम ले आया। बाद में उन्हें पूछताछ के लिए तमिलनाडु मरीन पुलिस के तटीय सुरक्षा समूह को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह परिवार पहले भी इसी तरह से तमिलनाडु में दाखिल हुआ था और बाद में तिरुवन्नामलाई जिले में श्रीलंकाई पुनर्वास शिविर में कुछ महीने रहने के बाद 2019 में श्रीलंका लौट गया। सूत्रों ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों को रामनाथपुरम के मंडपम पुनर्वास केंद्र में ठहराया जाएगा। द्वीप राष्ट्र में तीन दशक पुराने गृहयुद्ध ने भारत में शरणार्थियों की बड़ी संख्या को बढ़ावा दिया था और 2022 में श्रीलंका में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बाद अब तक 320 शरणार्थी तमिलनाडु में शरण लेने पहुंचे हैं।

# बिहार में होगी झूठ और जुमलों की बरसात: लालू प्रसाद यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार पहुंचने से पहले कटाक्ष करते हुए कहा कि राज्य में झूठ और जुमलों की बरसात होगी। यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री बिहार में है इसलिए बिहार में झूठ और जुमलो की बरसात होगी। राजद अध्यक्ष ने कहा, चुनावी वर्ष है इसलिए लोगों को भ्रमित करने के लिए केंद्र की देशभर की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन अब दिखावटी रूप से बिहार से होगा लेकिन बिहार को कुछ नहीं मिलेगा, ना ये देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी का आज भागलपुर में कार्यक्रम होना है।



# ट्रक और ऑटो को टक्कर में सात मजदूर की मौत

**पटना।** बिहार के पटना जिले में मसौढी थाना क्षेत्र के मसौढी-नौबतपुर मार्ग पर नूरा पुल के पास रविवार देर रात एक ट्रक और ऑटोरिक्शा के बीच हुई टक्कर में सात मजदूरों की दबकर मौत हो गई। मसौढी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (01) ने सोमवार को बताया कि पटना से मजदूरी कर करीब 12 मजदूर एक ऑटोरिक्शा पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे तभी नूरा पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक का एक्सल टूट जाने से वह अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गया और पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार सात मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शवों को ऑटो से बाहर निकाला।




# चुनावों में असफलता के बाद एफडीपी नेता लिंडनर ने छोड़ी राजनीति

**मॉस्को।** जर्मनी में मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हुये फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) के नेता और पूर्व वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर ने अपनी पार्टी के चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद राजनीति से हटने की पुष्टि की। लिंडनर ने इससे पहले कहा था कि अगर चुनावों के परिणामस्वरूप एफडीपी बुंडेस्टाग में नहीं पहुंची तो वह पार्टी का नेतृत्व छोड़ देंगे और राजनीति छोड़ देंगे। लिंडनर ने 'एक्स' पर कहा, संघीय चुनाव एफडीपी के लिए हार लेकर आए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि वे जर्मनी के लिए एक नई शुरुआत भी लेकर आए। मैंने इसी के लिए लड़ाई लड़ी। अब मैं सक्रिय राजनीति छोड़ रहा हूं। 299 में से 154 जिलों के वोटों की गिनती के साथ एफडीपी 5 प्रतिशत सीमा तक पहुंचने में विफल रहती है और इसलिए बुंडेस्टाग में प्रवेश नहीं करती है। पार्टी को केवल 4.1 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त मिला।

# बहुराष्ट्रीय कंपनी का कर्मचारी ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) के कर्मचारी को अपनी सहकर्मी को उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देने और उससे जबरन वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# संगम तट पर आस्था का सैलाब, 62 करोड़ से अधिक ने किया पुण्य स्नान

एजेंसी महाकुंभ नगर
www.dailypioneer.com



महाकुंभ 2025 के समापन की घड़ी नजदीक आने के साथ ही संगम में स्नान करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ का समापन हो जायेगा।

इस पावन अवसर पर दिव्य स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिये देश दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर कदम रख रहे हैं। सोमवार को स्नान करने वालों का तांता लगा हुआ है और सुबह दस बजे तक करीब 55 लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ में संगम स्नान करने वालों की संख्या 62 करोड़ से अधिक हो चुकी है। अंतिम स्नान पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की आशंका के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गो पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुयी हैं वहीं संगम तट पर बड़ी संख्या मे स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है।

# काजीरंगा में एस जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने की हाथी सवारी, वन्य जीवों संग बिताया खास वक्त

एजेंसी दिसपुर
www.dailypioneer.com




विदेश मंत्री एस जयशंकर और 61 देशों के मिशन प्रमुखों ने सोमवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी और जीप सफारी का आनंद लिया। ये राजनयिक विदेश मंत्री के साथ जोरहाट पहुंचे थे और सुबह एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध काजीरंगा पहुंचे। राजदूतों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी सफारी का आनंद लिया। इस दौरान, जयशंकर प्रसिद्ध हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए। हाथी सफारी के बाद, उन्होंने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजदूतों को हाथियों को खाना खिलाते देखा गया। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, काजीरंगा लोकसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष और डीएफओ अरुण विग्नेश सफारी के दौरान मेहमानों के साथ थे। जयशंकर राजदूतों के साथ शाम को लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झुमोर नृत्य देखने के लिए गुवाहाटी के लिए रवाना होंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। मिशन प्रमुख मंगलवार को एडवांटेज असम 2.0 अवसंरचना एवं निवेश शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भी भाग लेंगे।

इस दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऐतिहासिक यात्रा! कल रात, माननीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और 50 से अधिक मिशन प्रमुखों के साथ असम की ऐतिहासिक यात्रा पर जोरहाट पहुंचे। इससे राज्य में गहन विदेशी सहयोग के द्वार खुलेंगे।

# चुनावी साल में प्रधानमंत्री मोदी को बिहार और बिहारियों की चिंता सताएगी: तेजस्वी

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ और प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार आगमन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के सवालों के जरिये जमकर हमला बोला और कहा कि चुनावी वर्ष में अगले कुछ महीनों तक मोदी को राज्य और बिहारियों की गजब चिंता सताएगी। यादव ने बयान जारी कर कहा कि सर्वविदित है कि चुनावी वर्ष में अगले कुछ महीनों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार और बिहारियों की गजब चिंता सताएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में है। प्रदेश में 20 वर्षों से उनकी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार और केंद्र में 11 वर्षों से सरकार है। बिहारवासी उनसे झूठ और जुमला नहीं बल्कि कुछ वाज़िब सवाल पूछना चाहते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री से 15 प्रमुख सवाल पूछे, जिनमें बिहार की आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक स्थिति को लेकर जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था लेकिन 2025 आ गया। और महंगाई एवं बेरोज़गारी ने उनकी हालत और खराब कर दी। यादव ने पूछा कि बिहार के किसान खेतिहर मज़दूर और बटाईदारी पर अधिक निर्भर हैं लेकिन डबल इंजन सरकार ने उनके लिए कुछ भी विशेष नहीं किया। बिहार के किसानों की आय देश में सबसे कम क्यों है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में साक्षरता दर सबसे कम क्यों है और प्रति व्यक्ति निवेश भी सबसे कम क्यों है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि बिहार को पीएम श्री मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना में शामिल क्यों नहीं किया गया और 20 साल के राजग शासन के बावजूद गरीबी और बेरोज़गारी में बिहार अव्वल क्यों बना हुआ है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज क्यों नहीं मिला। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2014 में मोतिहारी की चीनी मिल चालू करवाने का वादा किया गया था लेकिन वह अब तक बंद क्यों है। यादव ने कहा कि मधुबनी, सारण, गोपालगंज, नवादा, मुजफ्फरपुर की बंद पड़ी चीनी मिलें और कटिहार की जूट मिल कब चालू होंगी। उन्होंने यह भी पूछा कि रेलवे और सेना में युवाओं को नौकरियां कब मिलेंगी और बिहार सरकार द्वारा पारित 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में क्यों नहीं जोड़ा जा रहा। राजद नेता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करा रही और बिहार से सबसे अधिक पलायन होता है, इसे रोकने के लिए क्या किया गया। उन्होने पूछा कि बिहार के विशेष खाद्य पदार्थों, उद्योगों और सांस्कृतिक धरोहरों को लेकर केंद्र सरकार की कोई नीति क्यों नहीं बनी। यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि इस साल प्रधानमंत्री श्री मोदी को गंगा मैया, छठी मैया, जानकी मैया, महात्मा बुद्ध, गुरु गोविंद सिंह, जननायक कर्पूरी ठाकुर, लिट्टी-चोखा, मखाना, आम, लीची, सिल्क उद्योग और कथित विशेष पैकेज की बहुत याद आएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में हैं और बिहार में 20 वर्षों से उनकी सरकार है फिर भी बिहार को कुछ खास नहीं मिला। अब जनता झूठे वादों और प्रचार से ऊपर उठ चुकी है।

# जालंधर में 150 ग्राम हेरोइन के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में सीआईए स्टाफ जालंधर ग्रामीण ने तलहन गेट, परसरामपुर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार उसके पास से 150 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक हरकंवलप्रीत सिंह खख ने बताया कि आरोपी की पहचान सूरज शर्मा पुत्र अश्वनी शर्मा निवासी गांव अलाचौर के रूप में हुई है, जो एक विवाह बैंड समूह के साथ काम करता था और गुप्त रूप से नशा वितरण नेटवर्क संचालित करता था। उन्होंने बताया कि एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तलहन साहिब गेट के पास आरोपी को रोका, जिसके बाद मोम से सीलबंद लिफाफे में छिपाई गई 150 ग्राम उच्च श्रेणी की हेरोइन बरामद हुई। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ के दौरान नवांशहर से जालंधर के विभिन्न क्षेत्रों में हेरोइन की आपूर्ति करने के अपने नेटवर्क का खुलासा किया।

# स्टालिन ने तमिलनाडु में एक हजार 'सीएम फार्मेसी' का किया शुभारंभ

एजेंसी चेन्नइ
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्य भर में एक हजार 'मुधलवार मरुंधगम' (सीएम फार्मेसी) का उद्घाटन किया। 'सीएम फार्मेसी' में जेनेरिक दवाइयां 75 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध होंगी। एक हजार 'सीएम फार्मेसी' में से 500 को सहकारिता विभाग चलाएगा, जबकि शेष 500 फार्मेसियों का प्रबंधन उद्यमी करेंगे, जिससे 1,500 बी. फार्मा और डी.फार्मा स्नातकों को रोजगार मिलेगा तथा उद्यमियों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी मिलेगी। स्टालिन ने चेन्नई के अन्ना सेंटेनरी लाइब्रेरी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में इन्हें लॉन्च किया, जबकि राज्य के सभी जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रियों ने इसमें भाग लिया। बाद में, स्टालिन ने टी नगर क्षेत्र में पोंडी बाजार का दौरा किया, एक स्टोर का उद्घाटन किया और आउटलेट पर उपलब्ध सुविधाओं और दवाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर 'मुधलवारिन मरुंधगम' की स्थापना की घोषणा की थी, क्योंकि निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मध्यम वर्ग के लिए दवाइयां महंगी हो रही थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें मधुमेह, रक्तचाप और अन्य बीमारियों के लिए ऊंची कीमत चुकाकर दवाएं खरीदनी पड़ती हैं इसलिए, सरकार ने 'मुधलवर मरुंधगम' स्थापित करने का फैसला किया है, जिसमें लोगों को रियायती दरों पर जेनेरिक और अन्य दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# कोंडागांव का वार्षिक मेला 4 से 9 मार्च तक आयोजित

## कलेक्टर ने मेला आयोजन को लेकर ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव का पारंपरिक मेला (मड़ई) इस वर्ष भी 4 मार्च से 9 मार्च तक पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित होगा। मेले के सुव्यवस्थित संचालन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए मेले के गरिमामय एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि, मेले में दुकान लगाने वाले व्यवसायियों को अपने दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखना होगा। मेला आयोजन रात 10 बजे तक ही होगा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों को भी रात 10 बजे तक धीमी आवाज में चलाने की अनुमति होगी। कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि सभी झूलों का सुरक्षा परीक्षण करने के बाद ही उनके संचालन की अनुमति दी जाए। खाद्य एवं औषधि विभाग को संयुक्त टीम गठित कर खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने और गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में देवी परिक्रमा मार्ग को सुव्यवस्थित करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका के सीएमओ को निर्देशित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु बेरिकेटिंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी दी गई, वहीं सुगम यातायात के लिए मंडी के पास, किशोर टॉकीज के पास एवं सुविधानुसार वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने और पार्किंग एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले में एंबुलेंस और चिकित्सकों की टीम तैनात की जाएगी, जबकि पुलिस विभाग कंट्रोल रूम और सहायता केंद्र स्थापित करेगा। साथ ही विद्युत, पेयजल, शौचालय जैसी अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# नंदपुरा डोंगरीपारा में साढ़े चार लाख की शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




जिला बस्तर में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे धरपकड़, गिरफ्तारी अभियान के तहत् पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अतिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं प्रभावी रूप से अंकुश लगाने निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में निरीक्षक अमित पद्मशाली थाना प्रभारी भानपुरी के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी तारतम्य में दिनांक 22.02.2025 को दोपहर जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नंदपुरा डोंगरीपारा में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना पर गठित टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ग्राम नंदपुरा डोंगरीपारा में एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम लखेश्वर कश्यप पिता जटू राम कश्यप जाति भतरा उम्र 35 वर्ष निवासी नंदपुरा डोंगरीपारा का होना बताया। जिनके घर की तलाशी के दौरान भूरे रंग के कार्टून में दीगर राज्य मध्यप्रदेश द्वारा निर्मित अंग्रेजी शराब (1) मैकडाल नंबर 01 का 10 पेटी, कुल 480 नग पौवा 180 एम एल वाली, मात्रा 86.400 बल्क लीटर, (2) गोवा व्हीस्की का 60 पेटी, कुल 3,000 नग पौवा 180 एम एल वाली, मात्रा 540.000 बल्क लीटर, (3) गोवा व्हीस्की का एक खुला पेटी जिसमें 28 नग पौवा 180 एम एल वाली, मात्रा 5.040 बल्क लीटर। कुल जुमला शराब की मात्रा 631.440 बल्क लीटर, कुल जुमला कीमती 4,65,820 /- रूपये तथा एक विवो कंपनी का पुरानी मोबाईल मिला। जिसे मौके पर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया। प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर विवेचना की जा रही है।

# कोड़ेनार पंचायत में पांचवीं बार सरपंच बनी मीना मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत 23 फरवरी रविवार को कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोड़ेनार में मतदान सम्पन्न हुआ।जिसके बाद शाम 05 बजे से मतगणना प्रारम्भ हुआ और शाम 7 बजकर 20 मिनट तक वोट गिनती की गई एवं परिणाम घोषित किया गया।जिसमें भाजपा समर्थित सरपंच प्रत्याशी मीना मंडावी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोतीम कतलाम से 152 मतों के अंतर से विजयी रहें।बता दें यह मीना मंडावी की लगातार पांचवीं जीत हैं। जीत के बाद नवनिर्वाचित सरपंच मीना ने सभी ग्रामीण मतदाताओं का धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी और मॉनिटरिंग सेल की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्षता में जिला नारायणपुर हेतु गठित अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन बंदियों के मामलों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से ऐसे मामलों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिनमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं या जहां जमानत संभव है, अण्डर ट्रायल मामलों की समीक्षा के अलावा, सजायाफ्ता बंदियो की स्थितियों पर भी चर्चा की गई और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपायों पर विचार किया गया और 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण किये जाने व राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठ अधिकारी नियुक्त किये जाने एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 एवं 2018 के क्रियान्वयन हेतु कार्य करने के संबंध में चर्चा की गई।

# गायत्री प्रज्ञापीठ चोलनार में किया गया 26 वां वार्षिकोत्सव एवं 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

माता भगवती विद्यालय दंतेश्वरी आश्रम गायत्री प्रज्ञापीठ चोलनार में 24 फरवरी को 26 वां वार्षिकोत्सव एवं 09 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।सोमवार प्रातः 09 बजे से गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार 11:30 बजे तक की गई। जिसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों स्वागत गीत, स्वागत भाषण,नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विद्यालय का प्रतिवेदन, पुरस्कार वितरण किया गया।दोपहर 12:30 बजे से भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया।मौके पर एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक खनन एस के कोचर, एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ. तेजप्रकाश, थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति के सचिव डी पी मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पत्नी को टंगिया से प्राणघातक वार कर आरोपी हुआ था फरार



**कोंडागांव।** आरोपी की पत्नी ने बताया कि, 21 फरवरी को रात करीबन 8 बजे सह परिवार खाना खाकर बैठे थे उसी समय मेरा ससूर शराब पीकर घर आया और मेरी सांस गोंची बाई पोयाम को लड़ाई झगड़ा कर रहा था तब मैं मेरे पति गोपनाथ व ननंद फुलदई नेताम आये शराब पीकर मां को झगड़ा लड़ाई कर रहा था जिसे हम लोग समझाये समझाने पर बनसिंग पोयाम घर से निकलकर कहीं चला गया, तब हम लोग अपने अपने रूम में जाकर सो गये रात करीबन 11 बजे मेरी सांस गोंची बाई का चिल्लाने की आवाज आने पर मैं मेरा पति, ननंद फुलदई नेताम के साथ जाकर देखे तो मेरा ससुर टंगिया से सिर पर मारकर वहीं खड़ा था हम लोगों को देखकर टंगिया लेकर कहीं भाग गया, जिसे ईलाज हेतु 22 फरवरी सुबह निजी वाहन से ईलाज हेतु जिला अस्पताल कोंडागांव ले गये रिपोर्ट करती हूं कार्यवाही की जावे कि रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

# नदी के सूखने से किसानों को भारी नुकसान, सैकड़ों एकड़ फसल प्रभावित



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

इन्द्रावती नदी के जलस्तर में भारी गिरावट के कारण बस्तर विकासखंड के कई गांवों में सिंचाई संकट गहरा गया है। लामकेर, भोण्ड, नदीसागर सहित नदी तट के समीप बसे अनेक गांवों के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए आवश्यक पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे सैकड़ों एकड़ फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों की बढ़ी चिंता गांव के किसान लंबे समय से इन्द्रावती नदी पर निर्भर रहे हैं। लेकिन इस बार पानी की भारी कमी के कारण धान, गेहूं, मक्का,सब्जियों और अन्य फसलों पर संकट गहरा गया है। किसानो ने बताया कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला, तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी और उन्हें आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। सरपंच ने उठाई आवाज ग्राम लामकेर के सरपंच लक्ष्मण कश्यप ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए वे जल्द ही किसानों के साथ मिलकर कलेक्टर बस्तर एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाएगी।

# चिंतावागू के गुंडराजगुडेम में बड़ी मात्रा में मिले हथियार

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जंगल में छापेमारी कर सुरक्षाबल के जवानों ने भारी मात्रा में नक्सलियों के द्वारा जमा किया गया विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिंतावागु नदी के करीब गुंडराजगुडेम गांव के जंगल क्षेत्र से बड़ी संख्या में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया चिंतागुफा थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शु वार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का कोबरा बटालियन और जिला बल के संयुक्त दल को पीनाचंदा, गुंडराजगुडेम गांव और चिंतावागु नदी क्षेत्र के जंगल में रवाना किया गया था।

# नक्सलगढ़ केरलापेंदा में गनतंत्र पर लोकतंत्र पड़ा भारी

पायनियर संवाददाता ◄ दोरनापाल
www.dailypioneer.com






केरलापेंदा में पहली बार पंचायत चुनाव का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सुकमा जिले में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का प्रयास है. यहाँ नक्सली दहशत के कारण पहले कभी मतदान नहीं हो पाया था, लेकिन अब स्थिति में बदलाव आया है और लोग विकास की ओर बढ़ने के लिए मतदान में भाग ले रहे हैं. केरलापेंदा के ग्रामीणों का यह कदम न केवल स्थानीय लोगों को अपने प्रतिनिधियों का चयन करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की मजबूती को भी दर्शाता है. ग्राम पंचायत चुनाव में भाग लेने वाले लोगों को अपने क्षेत्र के विकास के लिए अपने मतों का उपयोग करने का मौका मिलता है। इस चुनाव के परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत के नए सदस्यों का चयन होगा, जो क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे. यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो सुकमा जिले में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मदद करेगा. आखिर क्यों खास है करेलापेंदा केरलापेंदा उस वक्त काफी चर्चित हुआ जब दुनिया को पता चला कि दशकों पहले नक्सलियों ने राम मंदिर में पूजा पाठ बंद करवा के ताला जड़ दिया था. और करीब 20 वर्षों के कैद के बाद सीआरपीएफ के कैंप खुलने के बाद ग्रामीणों की मांग पर दुबारा मंदिर खुलवाया गया। जहां भगवान राम ने 14 वर्षों का वनवास काटा था. वहीं केरलापेंदा में राम मंदिर के वनवास खत्म होने के लिए 20 वर्षों का इंतजार करना पड़ा. लेकिन अब क्षेत्र वासी भी विकास का मन बना लिए और गन बुलेट का जवाब अब बेलेट से दे रहे है. केरलापेंदा में मतदान करने और अपनी ग्राम सरकार बनाने के लिए सुबह से ही कतार में खड़े हुए दिखाई दिए।

## पहला मतदान कर खुश हुए रोहित



रोहित सोढ़ी ने आपना पहला मताधिकार का प्रयोग किया और रोहित ने कहा कि आजादी के बाद पहला मतदान हुआ जिससे गावँ में काफी खुशी का माहौल रहा आजादी के बाद से गुप्त तरीके से निर्विरोध सरपंच चुना जाता था सरपंच चुनने के बाद सरपंच कोन्टा या दोरनापाल में रहते थे जिससे हमारे गावँ के लोगों का कोई काम नही होता था अब गावँ में चुनाव हो रहा हैं। गावँ के लोग वोट देकर जीताएँगे हम।

IndusInd Bank
क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, पहली मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता – 700017

परिशिष्ट–IV–क
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक** कब्जा, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के **कर्जदार सिद्धि एग्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड (उधारकर्ता), श्री सुशील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्री सुनील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्रीमती चंद्र कला जालान (गारंटर), श्रीमती संजू जालान (गारंटर), श्री सुरेश कुमार जालान (गारंटर), श्री बिहारीलाल जैन (गारंटर) और मैसर्स सुशील इंडस्ट्रीज (इसके प्रोपराइटर - सुशील कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधित्व) (गारंटर)** से इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **70,42,12,056.16** (रु. सत्तर करोड़ ब्यालीस लाख बारह हजार छप्पन और पैसे सोलह मात्र) दिनांक 03.04.2024 तक और दिनांक 04.04.2024 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित विशिष्ट तिथियों पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे वर्णित है।

| लॉट नं. | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | ज्ञात भार | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील कुमार जैन के नाम पर जिसका दुकान नं./प्लॉट नं.- 9, सर्वे नं. 355(पी) का भाग, भूमि क्षेत्रफल 286 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, मौंजा भैस्थान, रामसागरपारा, ग्राम- चिरहुलडीह, पी.एच. नं. 106-बी, आर.आई.सी. - रायपुर-1, रामसागरपारा वार्ड नं. 17, सिटी तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - सड़क, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति और पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति | शून्य | रु. 30,80,000/- (रु. तीस लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 3,08,000/- (रु. तीन लाख आठ हजार मात्र) |
| 2. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर जिसका कार्यालय सं. 327, कारपेट क्षेत्रफल - 165 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित) अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल, म्युनिसीपल मकान नं. 12/358 से 365 तक का भाग, कालकरपारा वार्ड क्रमांक 14 (पुराना) इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 20 (नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पी.एच. नं. 106-ए, आर.आई.सी. - रायपुर-।. सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) - उत्तर में - भवन का मार्ग, दक्षिण में - मार्ग, पूरब में - कार्यालय सं. 326 और पश्चिम में - कार्यालय सं. 328 | शून्य | रु. 11,20,000/- (रु. ग्यारह लाख बीस हजार मात्र) | रु. 1,12,000/- (रु. एक लाख बारह हजार मात्र) |
| 3. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर श्री कृष्णा अपार्टमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट नं. डी-105, निर्मित क्षेत्रफल-784.93 वर्ग. फुट एवं बालकनी क्षेत्रफल-90.93 वर्ग. फुट. कुल क्षेत्रफल- 875.86 वर्ग. फुट., (उस पर निर्माण सहित) सर्वे सं. 625/4-7, 625/5-8, 625/9-10 का भाग, ग्राम-मोवा, पी.एच. सं. 109, आर.आई.सी.-रायपुर-1, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड सं. 27, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - फ्लैट नं. ए-106, दक्षिण में - खुली जगह, पूरब में - खुली जगह और पश्चिम में - गालियारा | शून्य | रु. 23,60,000/- (रु. तेईस लाख साठ हजार मात्र) | रु. 2,36,000/- (रु. दो लाख छत्तीस हजार मात्र) |
| 4. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन और संजू जैन के नाम पर, सर्वे सं. 778/11 भूमि क्षेत्रफल 0.166 हेक्टेयर (17860 वर्ग फुट), (उस पर निर्माण सहित), ग्राम-हीरापुर उर्फ जरवाय, पी.एच. नंबर 103, आर.आई.सी. -रायपुर-।, रामकृष्ण परमहंस, वार्ड सं. 2, सिटी तहसील एवं जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - नंदकिशोर की संपत्ति, दक्षिण में - लाहोटी की संपत्ति, पूरब में - नहर और पश्चिम में - सड़क | शून्य | रु. 3,43,80,000/- (रु. तीन करोड़ तैतालीस लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 34,38,000/- (रु. चौंतीस लाख अडतीस हजार मात्र) |
| 5. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील इंडस्ट्रीज (प्रोप. सुशील कुमार जैन) के नाम पर प्लॉट नं. 48/6 (पी), भूमि क्षेत्रफल 0.093 हेक्टेयर या 10000 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित), ग्राम - गोंदवारा, पीएच सं. 108, यतियतान वार्ड क्रमांक-4, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार): उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता द्वारा अन्य को बेची गई संपत्ति, पूरब में - रोड और पश्चिम में - रोड | शून्य | रु. 77,00,000/- (रु. सतहत्तर लाख मात्र) | रु. 7,70,000/- (रु. सात लाख सत्तर हजार मात्र) |
| 6. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर, प्लॉट नंबर 32, सर्वे सं. 696/7 का भाग, क्षेत्रफल - 2400 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) स्वामी आत्मानंद वार्ड सं. 15, समता कॉलोनी, ग्राम - चिरहुलडीह, पी.एच. सं. 106-बी, आर.आई.सी. -रायपुर-।, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर-छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - प्लॉट नं. 26, दक्षिण में - रोड, पूरब में - प्लॉट नं. 31 और पश्चिम में - प्लॉट नं. 31 | शून्य | रु. 1,60,00,000/- (रु. एक करोड़ साठ लाख मात्र) | रु. 16,00,000/- (रु. सोलह लाख मात्र) |

| | |
|---|---|
| नीलामी की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 हेतु: 07-04-2025 (प्रातः 10:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक) लॉट नं. 2 हेतु: 07-04-2025 (अपा. 01:00 बजे से अपा. 02:00 बजे तक) लॉट नं. 3 हेतु: 07-04-2025 (अपा. 04:30 बजे से अपा 05:00 बजे तक) लॉट नं. 4 हेतु: 08-04-2025 (प्रातः 10:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक) लॉट नं. 5 हेतु: 08-04-2025 (अपा. 01:00 बजे से अपा. 02:00 बजे तक) लॉट नं. 6 हेतु: 08-04-2025 (अपा. 04:30 बजे से अपा 05:00 बजे तक) |
| ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट | https://www.bankeauctions.com |
| ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि | 04-04-2025 (सभी लॉट नं. हेतु) |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 1,00,000/- मात्र (सभी लॉट नं. हेतु) |
| इच्छुक खरीदारों हेतु संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 और 2 हेतु: 17-03-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) लॉट नं. 3 और 4 हेतु: 18-03-2025 (सुबह 11:00 बजे से अपा. 01:00 बजे तक) लॉट नं. 5 और 6 हेतु: 19-03-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) |
| प्राधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण | मोबाइल नंबर 9874438785 ईमेल rohit.swaroop@indusind.com |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

**सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक 30 दिन का नोटिस**

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इस नोटिस को 30 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में मानें, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर्स को एतद्द्वारा इस बिक्री सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने और प्रतिभूत आस्ति पर बंधक सम्पत्ति को छुड़ाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिभूत आस्ति को ऊपर उल्लिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांकः 25.02.2025
स्थानः रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी, जिले के 134269 किसानों को 31.38 करोड राशि का हुआ हस्तांतरण



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की राशि का हस्तान्तरण बिहार के भागलपुर जिले से किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से किया। बलौदाबाजार जिले में राज्य के सर्वाधिक 134269 पात्र किसानों को 31.38 करोड की राशि हस्तांतरित की गई। जिले के दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा 19वीं किस्त जारी होने के दिन को किसान सम्मान समारोह के रुप में मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस दौरान योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार विकासखण्ड कार्यालय एवं मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। जिले के 5 प्रतिशत किसानों का योजना में भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है जिसकी जानकारी किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा विकासखण्ड कृषि कार्यालय तथा बैंक शाखा में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। बैंक में डीबीटी सक्रिय नहीं होने की स्थिति में हितग्राही स्वयं बैंक शाखा में संपर्क कर डीबीटी सक्रिय करावें अथवा पोस्ट ऑफिस बैंक में डीबीटी के साथ नवीन खाता खुलवाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न विकासखण्ड कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि कृषकों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति सुनिश्चित् करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 01 दिसम्बर, 2018 से लागू की गई है। योजना का उद्देश्य कृषि भूमिधारक पात्र कृषक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत् पंजीकृत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की राशि दो-दो हजार की तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार कश्यप, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश कुमार उपाध्याय भाटापारा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सौरभ सिंह सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में कार्यशाला का आयोजन





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स की अध्यक्षता में गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का कार्यक्रम रखा गया था। जिसका शीर्षक हाउ वी केन क्रिएट इंट्रेस्ट इन मेथेमेटिक्स था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. पुरुषोत्तम झा, प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय, कोमाखान, डॉ हेमलाल साहू, सहायक प्राध्यापक जे. योगानन्दम शा.छ.ग.पी.जी. महाविद्यालय रायपुर, चन्द्रशेखर डहरिया, सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय लवन, जीविका वर्मा, शिक्षक शासकीय कन्या शाला बलौदाबाजार, पुनम बिशी, शिक्षक शासकीय विद्यालय भाटागाँव एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एव प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्जलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात स्वागत गीत के साथ अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रध्यापकों का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गणित की विभागाध्यक्ष नीरजा नामदेव द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओ एवं गणित विभाग को इस आयोजन हेतु बधाई दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा संबोधन एवं पी.पी.टी. की प्रस्तुतिकरण किया गया। पी.पी.टी. के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गणित का महत्व एवं विशेषताओं का प्रभावी ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के अनुसार महाविद्यालय के कुछ छात्रों द्वारा भाषण एवं पी.पी.टी. का भी प्रदर्शन किया गया। विद्यालयीन शिक्षको का भी बहुमुल्य विचार छात्र-छात्राओं को मिला। उसके बाद उपस्थित सभी अतिथियों, अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा राष्ट्रीय गान गा कर किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक नीरजा नामदेव (विभागाध्यक्ष गणित), सहसंयोजक लकेश्वरी साहु, कंचन कश्यप एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# चौरेंगा में सबसे कम उम्र के युवा विलियम ग्रीतलहरे ने एक हजार मतों से जीता सरपंच का चुनाव



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में सिमगा विकासखंड के ग्राम पंचायत चौरेंगा में सबसे कम उम्र के युवा विलियम ग्रीतलहरे ने सरपंच बन कर लगभग एक हजार मतों से रिकार्ड बना कर जिले में बड़ी जीत हासिल किया है। ये पूर्व जिला पंचायत सदस्य का सुपुत्र है, उन्होंने कहा गांव के लोग जो मुझे आशीर्वाद दिया है, तो मैं ग्राम के विकास के लिया पूरा निष्ठा के साथ विकास करूंगा। सड़क बिजली पानी और शिक्षा स्वास्थय मेरी पहली प्राथमिकता होगी और शपथ लेते ही ग्राम में बिक रहे अवैध शराब को बंद करना मेरा उद्देश्य है। सभी ग्रामवासी मिल कर गांव का विकास करेंगे और सभी ग्रामवासी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# बजट सत्र से पहले वित्त सचिव को संयुक्त मोर्चा का ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की ओर से अनिल शुक्ला, महेंद्र सिंह राजपूत एवं संजय सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से बजट सत्र से पहले 13 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ के वित्त सचिव मुकेश कुमार बंसल को राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित मांगो का ज्ञापन सौंपकर बजट प्रावधान करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ शासकीय कर्मचारी अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक दीपक शर्मा, संयुक्त मोर्चा के महासचिव संजय नारंग, मनोज वाधवानी, आर एस टंडन, प्रदेश लिपिक वर्ग के रमेश देवांगन, जिला अध्यक्ष रजत शिंदे, बाघमरे, आनंद ठाकुर, आलोक आड़ेपवार, घोरपडे, अशासकीय अनुदान प्राप्त संघ के अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, प्रकाश पवार, विद्यालय कर्मचारी संघ के रोहित साहू, शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश सोनकर ने पटवारी संघ के अध्यक्ष वासुदेव भोई ने बताया कि प्रमुख मांगो में पिछले दिए गए दो मंहगाई भत्ता की एरियर राशि, चार स्तरीय समय मान वेतन मान, तीन सौ दिन के अर्जित अवकाश का नकदीकरण, संविदा, दैनिक वेतन भोगी एवं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को सम्मान जनक वेतन मान का बजट प्रावधान तथा नियमिति करण, कर्मचारियों एवं पेंशनरों को पांच लाख तक कैश लेश चिकित्सा सुविधा, राज्य के पेंशनरों को भारत सरकार के पत्र दिनांक 13 नवंबर 2017 के आधार पर महंगाई राहत हेतु मध्यप्रदेश सरकार की सहमति की अनिवार्यता समाप्त करने तथा कोविड काल में पदोन्नति एवं समयमान वेतन मान की एरियर राशि के भुगतान पर लगे प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग को ज्ञापन में सम्मिलित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त सभी मांगो पर संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल के साथ 23 दिसंबर 2024 को प्रदेश के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के साथ विस्तृत चर्चा हो चुकी थी। चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री को स्मरण कराया कि कर्मचारियों के लिए प्रदेश में मोदी की गारंटी लागू नहीं होने से कर्मचारियों एवं पेंशनरों में आक्रोश है।

# महाशिवरात्रि पर मनोकामना पालकी यात्रा 26 को



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर समिति बनियापारा द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को पालकी यात्रा श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर से निकाली जायेगी जो शिव चौक, दुर्गा चौक, सांई मंदिर, मराठापारा, सदर बाजार होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर में आगमन होगा। इस दिन सुबह 7 बजे रूद्राभिषेक, सुबह 8 बजे संपूर्ण श्रृंगार, दोपहर 3 बजे पालकी यात्रा तथा शाम 7 बजे महा आरती एवं प्रसादी वितरण किया जायेगा।समिति द्वारा जारी कार्यक्रम विवरण के अनुसार बनियापारा स्थित महाकालेश्वर मंदिर में 26 फरवरी बुधवार को दोपहर 3 बजे से मनोकामना पालकी यात्रा का आयोजन किया जायेगा। महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण से अभिषेक, श्रृंगार एवं महाआरती पश्चात मनोकामना पालकी यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण करते हुए शिव चौक, दुर्गा चौक, कचहरी चौक, बटुकेश्वर मंदिर से होती हुई मराठापारा रंगोली चौक पहुंचेगी। वहां से पुनः बम्लेश्वरी मंदिर चौक, ईतवारी बाजार चौक, सदर बाजार होते हुए मठ मंदिर चौक से बनियापारा होते हुए श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर विश्रामित होगी। समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि पालकी यात्रा में शामिल होकर अपनी मनोकामना पूर्ण करें।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी दर्शन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में 89वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 25 फरवरी दिन मंगलवार से 27 फरवरी दिन गुरुवार तक प्रतिदिन संध्या 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक एवं महाशिवरात्रि के दिन प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक स्थान-भाग्य विधाता भवन, नरसिंह विहार कॉलोनी, तरेंगा रोड भाटापारा में द्वादश ज्योतिर्लिंग की झांकी लगाई गई है। साथ ही महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है एवं भारत की प्राचीन राजयोग मेडिटेशन की विधि सिखलाई जावेगी। अतः समस्त श्रद्धालु भाईयों एवं बहनों से निवेदन है कि सपरिवार पधारकर द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का दर्शन कर पुण्य के भागीदार बनें।

# हरिशंकर परसाई का साहित्य व्यंग्य के विविध आयाम विषय में डॉ. राधेश्याम पटेल ने दी व्याख्यान

## बिलासपुर के महाविद्यालय में संपन्न हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हरिशंकर परसाई का साहित्य व्यंग्य के विविध आयाम विषय पर संगोष्ठी महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल सिंह, मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ के जाने-माने साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. विनय कुमार पाठक तथा विशेष वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश माहेश्वरी, डॉ. राधेश्याम पटेल बलौदाबाजार विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्यामलाल निराला ने की। इस कार्यक्रम में साहित्यप्रेमी हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण बाजपेई विशेष रूप से उपस्थित थें। प्रथम सत्र में वक्ताओं के द्वारा सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के व्यंग्य रचनाओं की वृहद चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में ए.के. यादव, राघवेन्द्र दुबे, डॉ. विष्णु तिवारी और जी.पी. पटेल ने आसंदी संभाली और अपने विचार रखे। साहित्यकारो ने परसाई की बहुमुखी प्रतिभा को रेखांकित किया तथा भारतीय साहित्यजगत में उनके व्यंग्य विधा के क्षेत्रों में योगदान को याद किया। तृतीय सत्र में डॉ. राधेश्याम पटेल बलौदाबाजार ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। इस सत्र में शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र का वाचन भी किया। डॉ. राधेश्याम पटेल ने हरिशंकर परसाई को भारत के प्रसिद्ध व्यंग्यकार बताते हुए कहा कि उनका जीवन प्रारंभ से ही अभावों एवं संघर्ष के बीच गुजरा इसलिए उनका व्यक्तित्व कुंदन सा निखरा। विषम परिस्थितियों में भी उन्होने समाज के सामने बडी बेकाबी से अपना व्यंग्य रचनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होने समाज हित में राजनेताओं, धार्मिक कट्टर पंथी, भ्रष्ट शिक्षातंत्र एवं शोषक वर्गो के कारगुजारियों को समाज के सामने उजागर किया। डॉ. पटेल ने परसाई के व्यंग्य के क्षेत्र मे याद करते हुए कहा कि परसाई ने भाई भतिजावाद पर लिखा है फारूख अब्दुल्ला को एक बात समझ लेनी चाहिए कि शेर-ए-काश्मीर का बेटा भी शेर-ए-काश्मीर होगा, यह जरूरी नही। ऐसा तो जानवरो में होता है कि शेर का बेटा शेर और कुत्ता का बेटा कुत्ता। भारत में दिवस मनाये जाने पर व्यंग्य करते हुए परसाई कहते है कि दिवस, कमजोर का मनाया जाता है। जैसे-मजदूर दिवस, शिक्षक दिवस, महिला दिवस आदि। कभी भी थानेदार दिवस नही मनाया जाता। इसी तरह भ्रष्ट शिक्षातंत्र को निशाना बनाते हुए परसाई जी ने लिखा है उसको इंगित करते हुए पटेल कहा कि प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक सब गुरू कृपा से होता है। अपना युगो से विश्वास रहा है कि विद्या पढने से नही आती, गुरू कृपा से आती है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में छ.ग. के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राध्यापकगण शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. परमजीत पाण्डेय, डॉ.मंजुला पांडेय, डॉ. चैताली सलूजा, बलौदाबाजार जिले से राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित सेवा निवृत्त प्रधान पाठक सलीम खान एवं वरिष्ठ व्याख्याता विरेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहें। स्वागत भाषण प्राचार्य डॉ. श्यामलाल निराला एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. फिदोरा बरवा ने किया।

# टोनाटार के सत्यप्रकाश साहू बने छ.ग. प्रदेश साहू संघ के प्रभारी महामंत्री

## प्रदेशाध्यक्ष ने दिया नियुक्ति पत्र

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



तहसील साहू संघ भाटापारा के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र प्रकाश साहू ने जानकरी दी कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू के द्वारा भाटापारा के टोनाटार निवासीं सत्यप्रकाश साहू को सामाजिक समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए प्रभारी महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शौपी है। सत्यप्रकाश साहू पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के रूप में अपनी कर्तव्यनिष्ठा, संगठनात्मक दक्षता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को सिद्ध कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिली, जिससे युवा वर्ग में संगठनात्मक चेतना जागृत हुई तथा समाजहित में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सका है। उनके नेतृत्व में साहू समाज के संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिली, जिससे समाज के सभी वर्गों को संगठित करने और उनकी प्रगति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# पीजी कॉलेज में डिजिटल युग में अनुसंधान पद्धति के उभरते रूझान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ सरला व्दिवेदी एवं आईक्यूएसी समिति के समस्त प्राध्यापकों के सहयोग से 22 फरवरी को नवीन भवन सेमीनार हॉल में प्रात 10:00 बजे से डिजिटल युग में अनुसंधान पद्धति के उभरते रूझान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ऑनलाईन एवं ऑफ्लाईन मोड में किया गया। कार्यशाल का आरंभ मां सरस्वती पूजन व राज्य गीत के साथ किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ सैमसन, आर विक्टर सहायक प्राध्यापक शिक्षा शास्त्र इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ट्रायबल विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्यप्रदेश एवं डॉ राजीव चौधरी प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर व प्रो विजय पी राहंगडाले विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र अरविन्द बाबू देशमुख महाविद्यालय नागपुर महाराष्ट्र से उपस्थित रहें। सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। स्वागत व सम्मान के उपरांत प्रथम सत्र का प्रारंभ हुआ जिसमें डॉ तामेश्वरी साहू कार्यशाला समन्वयक ने प्राचार्य का परिचय देते हुए कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य के व्दारा हुआ। सत्र के प्रारंभ में प्राचार्य व्दारा की.नोट एड्रेस प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्रथम सत्र प्रारंभ हुआ जिसमें प्रो अमित साहू के व्दारा वक्ता का परिचय देकर आमंत्रित किया गया। इस सत्र में डॉ सैमसन आर विक्टर के व्दारा ऑर्टीफिसियल इंटेलीजेंस पर अनुसंधान पद्धति पर नये रूझान विषय पर विस्तृत एवं गहन व्याख्यान उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया एवं तकनीकि ज्ञान व अर्थपरक शोध नीति पर आधारित शोध पर बल दिया जिससे भविष्य में उच्च शिक्षा में शोध के माध्यम से नवीन आयाम स्थापित किया जा सके। प्रथम सत्र में दूसरे वक्ता का परिचय सहायक प्राध्यापक आकांक्षा कश्यप के व्दारा शैक्षणिक विवरण के साथ परिचय देकर आमंत्रित किया गया। वक्ता डॉ राजीव चौधरी के व्दारा अनुसंधान विश्लेषण में सांख्यिकीय डॉटा का अनुप्रयोग विषय पर अनुसंधान विधियों को बहुत बारीकियों से प्रयोग करते हुए शोध के गुणात्मक व मात्रात्मक शोध के तुलनात्मक शोध को मौलिक और सुगम बनाने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही तकनीकि ज्ञान का होना आवश्यक है। प्रथम सत्र के समाप्ति के बाद लंच के पश्चात् दूसरे सत्र में वक्ता का परिचय आकांक्षा कश्यप के व्दारा किया गया। इस सत्र में प्रो विजय पी राहंगडाले ने शोध पत्र लेख एवं आलेख प्रकाशन पर गहन जानकारी दी जिसमें शोध पत्र के प्रकार व शोध पत्र के नियम व गुणवत्ता के साथ संदर्भ ग्रंथ व आधार ग्रंथ एसहायक ग्रंथ एवं पत्र.पत्रिकाओं को शोध पत्र में संकलित करने पर गुणवत्ता परक शोध को बढ़ावा देकर मौलिकता पर बल दिया। जिससे अनुसंधान में मौलिकता को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्राचार्य महोदय के व्दारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में धमतरी जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ मनदीप खालसा, डॉ अनिता राजपुरिया, डॉ प्रभा वेरूलकर एवं शोध छात्रों की महती उपस्थिति रही। इस कार्यशाला को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र.छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यशाला का संचालन डॉ सरला व्दिवेदी एवं डॉ तामेश्वरी साहू के व्दारा एवं आभार प्रदर्शन प्रो निरंजन साहू के व्दारा किया गया।

# पीएम किसान का 19 वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केन्द्र डूमर बहार से हुआ सीधा प्रसारण

## जिले के 79 हजार 921 कृषकों के बैंक खाते में 15.98 करोड़ किया गया हस्तांतरित

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पीएम किसान सम्मेलन अंतर्गत पूरे देश के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का 19 वां किस्त का हस्तांतरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले के किसानों को धान के अलावा भी अन्य फसल लेने के लिए जिले में कृषि और उद्यान विभाग द्वारा प्रेरित किया जा रहा है और किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है साथ ही योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार में हस्तांतरण का सीधा प्रसारण कार्यक्रम आयोजन किया गया। पीएम किसान सम्मेलन कार्यक्रम के तहत आज देश भर के 1.27 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में 25 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित किया गया। जशपुर जिले के कुल 79921 कृषकों के खाते में 15.98 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत द्वारा इस प्रक्षेत्र में चल रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में तथा आगामी रबी फसल लगाने हेतु एवं उससे सम्बंधित पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। कायक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पत्थलगांव जीवन एक्का ने किसानों को शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, लखपति दीदी योजना पीएम किसान सम्मान निधि में छूटे किसानों को पंजीयन कराने के साथ में किसी भी प्रकार का त्रुटि के कारण किसी किसान का पीएम किसान का किस्त नहीं आ रही है तो संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करके सुधरवाने की बात कहीं, वहीं भारत सरकार व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और सभी किसानों को योजना का लाभ किसान ले पाए इसके लिए विभाग के लोगों को किसानों के सम्पर्क में रहने और फील्ड में रहने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सालिक साय ने कहा कि भारत सरकार किसानों को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों की आय दोगुनी करने में उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से किसानों को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य की सरकार कार्यरत है साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र जशपुर में लगे मशरूम प्रदर्शनी का अवलोकन किये और उपस्थित कृषकों को मशरूम उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया एवं अंत में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा प्रकाशित कृषि पंचांग एवं कृषि दर्शिका 2025 का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि जगदीश यादव ने उपस्थित कृषकों को बताया कि भारत सरकार किसानों को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप कुजूर, महेन्द्र पटेल, डॉ. विवेक शांडिल्य, डॉ वीर सिंह, एस.के. भूआर्य, लेपाराम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से बलराम सोनवानी, उद्यान विभाग से खोम साहू, भूषण वैष्णव, प्रगति शील कृषक मोती बंजारा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जशपुर के समस्त स्टाफसहित 62 कृषक उपस्थित रहे।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ने किया 10 लाख से बने भवन का लोकार्पण

## गोडवाना समाज भवन में विधायक निधि से खुदेगा बोर

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com





समाज के विकास के लिए मंत्रणा आवश्यक है। गोडवाना समाज छत्तीसगढ़ का प्रगतिशील समाज है। समाज के पास खुद का भवन होना गौरव की बात है। उक्त बाते उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण और विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कही। उन्होंने रविवार को 10 लाख से हिंद नगर में बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भवन की सार्थकता तब है जब हम वहां बैठ समाज को नई दिशा देने की चर्चा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख कार्य कर रही है। जिसके पास भूमि नहीं है उन्हें 10 हजार के साथ-साथ सभी वर्ग के लिए महंगी चिकित्सा से निजात दिलाने आयुष्मान कार्ड की सुविधा दे रही है। इसी तरह गरीबों के लिए आवास सुविधा है। हर वर्ग की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत राशि दी जा रही है। वहीं महापौर शशि सिन्हा ने गोडवाना समाज के सदस्यों को एक धागा में पिरोकर रहने वाला समाज निरूपित किया। महापौर ने मंदिर प्रागण में भोले बाबा के प्राण प्रतिष्ठा किए जाने पर समाज को बधाई दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद चन्द्रभान ठाकुर, ईश्वरी साहू, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता विष्णू देव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**विधायक ने की घोषणा-** लोकार्पण समारोह में समाज के लोगों ने पेयजल की समस्या बताते हुए बोर उत्खनन की मांग की। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निधि से परिसर में जल्द बोर खनन कराने घोषणा की।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने जननी के साथ गंगा स्नान कर की सुख समृद्धि की कामना

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के प्रयागराज संगम तट पर महाकुंभ के अंतिम चरण में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने अपने जननी मां विमला देवी अनुजों में प्रकाश अग्रवाल विकास अग्रवाल एवं परिवार के महिलए बाल गोपाल सहित अपने लगभग 150 समर्थकों के साथ गंगा स्नान उपरांत गंगा तट पर कथा श्रवण भीं किया। रमन अग्रवाल ने बताया कि नगरपालिका चुनाव में तीसरी बार जनता जनार्दन के आशीर्वाद से विजय मिलने के बाद यह हमारा प्रथम तीर्थ धाम यात्रा में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं गंगा स्नान कर अपने नगर वासियों के लिए सुख समृद्धि के साथ बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गंगा स्नान के अंतिम चरण में भी भारी भीड़ उमड़ रही है स्नान करने के लिए लगभग 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा लेकिन आस्था के डुबकी लगाने के लिए यह दूरी काफी कम थी। क्योंकि महाकुंभ में स्नान करने का सौभाग्य जो प्राप्त हुआ है।

# महाशिवरात्रि : 26 फरवरी को मांस-मटन की बिक्री पर लगी रोक

## पकड़े जाने पर नगर निगम करेगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर निगम क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर 26 फरवरी को मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। नगर निगम ने 26 फरवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर निगम के सभी स्वच्छता निरीक्षक मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में मांस-मटन की दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। शहर क्षेत्र के शिवनदी एवं शिवालयों/ मंदिरों में बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर आएंगे। ऐसे में उनके मार्ग पर मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

# वर्क आर्डर मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं, आयुक्त ने दी अंतिम चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ऐसे निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है, जो काम करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। आयुक्त के निर्देश पर निगम के अधिकारी अंतिम नोटिस जारी कर दी है। चेतावनी के दायरे में आने वाले निर्माण एजेंसी की संख्या लगभग 12 है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि शासन के अलग-अलग मद से वार्डो में नाली निर्माण, सी.सी. रोड और मंच निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया में वरीयता के आधार पर कार्य आरंभ करने कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्य आदेश भी जारी हो चुका है। इसके बाद भी निर्माण एजेंसी कार्य आरंभ करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। उन्होंने बताया कि अंतिम नोटिस के बाद भी कार्य आरंभ न करने पर कार्य रद्द कर ब्लेक लिस्ट करने के लिए पंजीकृत विभाग को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए है।

**पहले किया था आगाह-** उल्लेखनीय है कि जनवरी में आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की थी। तब अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि प्रभारी इंजीनियर कार्य आदेश की सूची रखे। कार्य आदेश के बाद फरवरी अंतिम सप्ताह तक कार्य हर हाल में पूर्ण करवाएं।

**मॉर्निंग विजिट में खुलासा-** स्वच्छता और निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट लेने आयुक्त लगातार मॉर्निंग विजिट कर रही है। स्टेशन मरोदा वार्ड निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य स्थल पहुंची तो खुलासा हुआ कि एजेंसी ने कार्य प्रारंभ ही नहीं किया है।

# विदाई समारोह में रिटायर कर्मी हुए भावुक, जताया सम्मान के लिए आभार



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह जनवरी-2025 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/फल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण देते हुए अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं और हम इनसे सतत संपर्क में रहेंगे। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। इन रिटायर होने वाले कर्मियों में मेडिकल से प्रवीण कुमार, जी. रामामणि, सत्येंद्र कौशिक, प्लांट गैरेज से महेश राव साखरे,कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से आनंद सिंग्रोल, टेली कम्युनिकेशन से अनुपम जैन, ऑक्सीजन प्लांट-2 से बाबूलाल वासनिक, प्लेट मिल से विजय कुमार पांडेय, देवदत्त, सीआरएम से प्रदीप कुमार, दल्ली माइंस से कलाम मोहम्मद खान, पी पी एंड ई से शंकरसिंह नेताम, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से अरुण कुमार, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से सुजीत धर, ब्लास्ट फर्नेस से मुकेश शर्मा, सिंटर प्लांट-3 से जयचंद, शिक्षा विभाग से उमा पांडे,जे.जॉन सैमुअल, स्टील मेल्टिंग शॉप 1 से चिन्मय खान, प्लांट गेराज से एन.रामबाबू, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से गोविंद राम और ब्लास्ट फर्नेस से रविशंकर सिंह शामिल हैं।

# शहर को सुंदर बनाने में निगम कमिश्नर ने व्यापारियों से मांगा सहयोग

## सभी व्यपारियों ने दिए अपने-अपने सुझाव देकर बनाई अपनी सहमति

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर को सुंदर बनाने में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने व्यापारियों से सहयोग मांगा नगर निगम द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए 24 फरवरी को शहर के चेंबर ऑफ कामर्स के साथ नगर एवं व्यापार हित में सभी प्रतिष्ठित व्यापारियों को बुलाकर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने निगम के डाटा सेंटर में बैठक की। इन बिंदुओं पर की बारी-बारी गई चर्चा जैसे कि बाजारों के विकास हेतु उनसे सुझाव लिए। बाजारों से निकलने वाले सूखे गीले कचरे का निष्पादन करने।बाजारों को कैसे जीरो वेस्ट डिस्चार्ज मार्केट बनाया जाये उनपर जोर दिया गया।इसके अलावा व्यापारियों/ दुकानदारों को खुले में कचरा फेंकने से रोकने संबंध चर्चा करते हुए एकत्रित रखने की बात कही। राजस्व से संबंधित बकाया कर समय पर अदा करने हेतु अपील किया गया।व्यापारियों की सुविधा अनुसार सहयोग राजस्व वसूली भी लिया जाएगा. केडा विभाग द्वारा संचालित योजना के संबंध में चर्चा किया गया।इस सम्बन्ध में व्यापारियों ने कहा कि इदिरा मार्केट पार्किंग व्यवस्था को सुधारने पर अपने सुझाव दिए। इदिरा मार्केट स्थित कुआँ चौक के करीब मूत्रालय को बेहतर व्यवस्थित करने की बात कही। चेंबर ऑफ कामर्स के साथ नगर एवं व्यापार द्वारा स्वच्छ शहर सुंदर शहर के लिए अपील की है इसे खुद भी अमल में लायेंगे।जीरो वेस्ट प्रक्रिया समझाने जल्द निगम के स्वास्थ्य विभाग टीम व्यापारियो के साथ लोगो को बताएंगे। इस दौरान उनसे सुझाव लेने के अलावा क्षेत्र को सुंदर बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि शहर को सुंदर बनाने संबंधी व्यापारियों से बैठक की गई। बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स के साथ नगर एवं व्यापारियो ने स्वच्छ शहर सुंदर शहर बनाने के लिए जरूरी सहयोग देने की सहमति दी। इसके अलावा दुकानों में डस्टबिन लगाने के लिए सहयोग की पेशकश की गई। इस अवसर पर बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता करण यादव,सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोइर, ईश्वर वर्मा, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष प्रकाश सांखला, पवन बड़जत्या, दिलीप मरोटी, बहादुर अली,अशोक राठी, प्रह्लाद रूंगटा, जितेंद्र सोनकर सहित अन्य व्यापारीगण मौजूद रहें।

# पीएम आवास योजना का मकान आबंटन लाटरी पद्धति से 25 फरवरी को



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया जा रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के वह नागरिक जो किरायेदारी के रूप में निवासरत है या जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है और जो नागरिक पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये है, जिनका पात्र सूची में नाम है, उनको खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान आबंटन निगम मुख्य कार्यालय सभागार में 25.02.2025 को समय 11:00 बजे से किया जाएगा। नागरिक समय तिथि में उपस्थित होकर लाटरी में भाग ले सकते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है, कि शासन की इस योजना का अधिक से अधिक परिवार लाभ लें। यह मकान पूर्ण रूप से गुणवत्तापूर्वक निर्मित किया गया है, जहां परिवारो के लिए सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही है। जो एक मकान खरीदने पर मिलता है। मकान का निर्माण नागरिको की सुविधाओं को देखकर किया गया है, जहां पर वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं सामान्य परिवारो को दिया जा सके। भूतल के मकान दिव्यांगजन एवं वरिष्ठों के लिए आरक्षित रखा गया है। प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है।

# मदरसा जामिया अरबिया में हुआ सालाना जलसा, की गई हाफिजे कुरआन की दस्तारबंदी

## बच्चों की तालीम, तरबीयत ओर परवरिश हो हजरत मुहम्मद की जिंदगी के मुताबिक : मौलाना खुर्शीद

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com







मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैंप-2 मरकजी मस्जिद का सालाना जलसा हाल ही में मनाया गया। इस दौरान पवित्र कुरआन कंठस्थ कर हाफ्जि बनने वाले तालिबे इल्म की दस्तारबंदी की गई और उन्हें इनाम दिए गए। वहीं अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी में नाते रिसालत, हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दरूद व सलाम, दीनी मामले और अदब तहज़ीब के तरीके पेश किए गए।

जलसे में मौजूद लोगों के बीच मेहमाने खुसूसी मौलाना खुर्शीद आलम सदर छत्तीसगढ़ जमीयते उलेमा हिंद मोहतमिम मदरसा जामिया अबू बकर अंबिकापुर ने अपने बच्चों की तालीम, तरबीयत ओर परवरिश को हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की पाकीजा जिंदगी के मुताबिक करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सच्चा मुसलमान बनाए ताकि वो अल्लाह के डर के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हमदर्दी, इंसानियत ओर पाकीजा माहौल बनाने में भागीदारी दे। मरकजी मस्जिद के सदर मोहम्मद असलम व मदरसा के मोहतमिम हाफिज़ कासिम ने कहा कि यहां बच्चों की दीनी तालीम, तरबीयत ओर सादगी के साथ दुनियावी तालीम को बेहतर अंदाज में देने पूरी कोशिश की जा रही है। यह पूरा जलसा मौलाना दिलशाद, इमाम व खतीब मदनी मस्जिद फरीद नगर, रिटायर्ड जज शफाउल्लाह मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, रिटायर्ड चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर व इंजीनियर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल जलीलुर रहमान और डॉक्टर इरफान रहीम की मौजूदगी में पूरा हुआ। इस दौरान मदरसा के मुफ्ती सालिम, मौलाना इनामुल हक मौलाना जुनैद, हाजी इमामुद्दीन पटेल, सैय्यद असलम, मोहम्मद अकरम, निजामुद्दीन अंसारी, युसूफ सिद्दीकी, हाफिज़ महफूज, मोहम्मद सईद, जमीर अहमद, अजमत अली, मोहम्मद अहमद, तमयुजूदीन पटेल, मोहम्मद असलम, जफर कुरैशी, अब्दुल हई, मौलाना फैसल अमीन, अशरफ , निसार, इनाम, शाकिर, हाफिज़ अहमद, इमरान, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना हाशिम, मुफ्ती सलीम, अजहर कुरैशी, अफजल, सोहेल, ताहिर, हाफिज़ आबिद, अरशद, आदिल, मौलाना हारून, मौलाना निजामुद्दीन और इनाम सिद्दीकी सहित कई लोगों की भागीदारी रही।

**पवित्र कुरआन किया कंठस्थ, इनाम में मिला फ्री उमराह पैकेज-**इस दौरान पवित्र कुरआन कंठस्थ कर हाफ्जि बनने वाले मुहम्मद आमिर वल्द मुहम्मद निजामुद्दीन और हाफिज़ अबु ज़ैद वल्द मुहम्मद जावेद की पगड़ी पहनाने की रस्म दस्तारबंदी मौलाना खुर्शीद आलम, मौलाना दिलशाद, मौलाना शकील, शहर काजी मुफ्ती मोहम्मद सोहेल व अन्य उलेमा के हाथों की गई। हाफ़िज़ अबू ज़ैद ने इस साल पवित्र कुरआन को ऐसा याद किया है, जिसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्हें पूरे कुरान मजीद में जहां से भी पढ़ने बोला जाए, तुरंत बिना देखे सुना देते हैं। इसके साथ ही पेज, सफा, रूकूअ, आयत व सूरह सभी बता देते हैं। उनकी इस कामयाबी को देखते हुए मफाअत हज टूरिस्ट ने उनके लिए इनाम के तौर पर उमराह का पैकेज फ्री दिया है। जिसमें सऊदी अरब में पवित्र मक्का व मदीना जा सकेंगे।

**पेश की नाते नबी, नवाजे गए बच्चे -** जलसे में मौलाना फैसल अमीन हाउसिंग बोर्ड छावनी, मुफ्ती सालिम व युसूफ सिद्दीकी ने नाते नबी पेश कर महफिल की दाद लूटी। वहीं बच्चों को उनके बेहतरीन तालीम पर इनामात से नवाजा गया। जिसमें दर्जे हिफ्ज में अव्वल अबू ज़ैद,दूसरा मो जाबिर और तीसरा मो अदनान रहे। दर्जे नाजरा में अव्वल मो साद, दूसरा मो तौसीफ , तीसरा मो उजैर, मकतब की तालीम में दर्जे नाजरा में अव्वल मोहम्मद बिंत वसीम, दूसरा मो फरहान और तीसरा मुबश्शिरा रही। क्लास 2 में माहिरा,अरहाम ओर मो साद, तीसरी क्लास में आफरीन परवीन, मो शिबली और अलीना को मौलाना अब्दुल खुर्शीद आलम और दूसरे मेहमानों के हाथों नवाजा गया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक-1252/NIT-19/2024-25/नि.लि. दिनांक 21/02/2025

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07.03.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13.03.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 14.03.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रू. 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "A"
7. निविदाकारों की श्रेणी :- द-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह

| एन आई टी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 19 T0092 | Construction of 2 No. Additional Lift (Civil Work) in New 5th Floor Building at District Court Raipur (पंचम आमंत्रण) | 17.38 13100.00 2,61,000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2
रायपुर (छ.ग.)

G-242505532/3

## संपादकीय

### ट्रंप के शांति प्रयास प्रभाव अनिश्चित

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन में लंबे समय से जारी युद्ध समाप्त कराने के प्रयास कर रहे हैं, पर उनके तरीकों की प्रभावशीलता अनिश्चित बनी हुई है। यूक्रेन में युद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर गया है, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शांति स्थापना के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उनका दृष्टिकोण विवादास्पद है क्योंकि वे प्रमुख वार्ताओं में यूक्रेन को हाशिए पर धकेलने का प्रयास कर रहे हैं। चूंकि रूस ने अभी यूक्रेन के बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है, इसलिए इस पहल से यूरोप और उससे आगे भू-राजनीति नया स्वरूप ले सकती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण सवाल बना हुआ है कि ट्रंप नीत शांति प्रयास का क्या नतीजा निकल सकता है? क्या इससे यूक्रेन की संप्रभुता प्रभावित होगी? और इसकी प्रतिक्रिया में यूक्रेन तथा यूरोप के समक्ष क्या विकल्प होंगे? यदि यूक्रेन को इन वार्ताओं में हाशिए पर धकेला जाता है तो उसे ऐसा समझौता स्वीकार करने पर मजबूर किया जा सकता है जिसमें रूस को क्षेत्र संबंधी लाभ हो, जबकि इसका अर्थ आक्रमण को पुरस्कृत करना होगा। रूस के लिए यह नतीजा रणनीतिक विजय होगा। इससे उसे यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर नियंत्रण का अधिकार होगा जिसमें वह क्षेत्र भी शामिल है जिस पर अभी उसका पूर्ण नियंत्रण नहीं है। यूक्रेन की पूर्ण सहभागिता और दिलचस्पी के बिना शांति समझौते के गंभीर प्रभाव होंगे। यूक्रेन सरकार ने लगातार कहा है कि किसी समझौते में 1991 की सीमा बहाल करने तथा आक्रमण के दौरान



युद्ध अपराधों की जवाबदेही निर्धारित होनी चाहिए। लेकिन ट्रंप द्वारा कराई संधि में कीव पर दबाव डाल कर उसे युद्ध समाप्त होने के बदले अपनी संप्रभुता से समझौते को मजबूर किया जा सकता है।

यूरोप के लिए भी यह परिदृश्य समान रूप से परेशानी भरा है। यदि रूस को युद्ध से क्षेत्र संबंधी लाभ होता है तो उसे नाटो के पूर्वी क्षेत्र पर और हमले की हिम्मत मिलेगी। क्रेमलिन का व्यापक लक्ष्य हमेशा सोवियत संघ के विघटन का रणनीतिक प्रभाव उलटना तथा पूर्वी यूरोपीय देशों की संप्रभुता सीमित करना रहा है। कमजोर यूक्रेन अपने प्रतिरोध का बोझ पूरी तरह नाटो के कंधों पर डाल देगा जिससे रूसी विस्तार को रोकने के लिए उसके सैनिक निवेश तथा प्रतिबद्धता में व्यापक वृद्धि होगी। ऐसे में ट्रंप के पहल की प्रभावशीलता अत्यधिक अनिश्चित है। हालांकि, युद्धविराम से तत्काल रक्तपात थम जाएगा, पर निश्चित रूप से इससे स्थायित्व आना जरूरी नहीं है। यदि यूक्रेन को शांति पर मजबूर किया गया तो प्रतिरोधी आंदोलन खड़े हो सकते हैं जिनसे निश्चित रूप से स्थायित्व को नुकसान होगा तथा लंबे समय तक कम तीव्रता वाला टकराव जारी रहेगा। इसके साथ ही कमजोर यूक्रेन के प्रभाव यूरोप से आगे जाएंगे। विजेता रूस चीन को ताइवान के प्रति ज्यादा आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने को प्रेरित कर सकता है क्योंकि उसे विश्वास हो जाएगा कि पश्चिम में अंतरराष्ट्रीय कानून को लागू कराने की प्रतिबद्धता में कमी आ गई है। यूक्रेन युद्ध रोकने की ट्रंप की पहल टकराव में एक परिवर्तनकारी मोड़ होगी, पर इसके तरीके से ही इसका प्रभाव तय होगा। यदि यूक्रेन को हाशिए पर धकेल दिया जाता है तथा क्षेत्र संबंधी रियायतें देने पर मजबूर किया जाता है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। इसका प्रभाव न केवल कीव पर, बल्कि पूरे यूरोप के सुरक्षा ढांचे पर पड़ेगा। हालांकि, शांति समझौते से अस्थाई राहत मिलेगी, पर यूक्रेन की संप्रभुता को संबोधित करने में विफल समझौता रूस की हिम्मत बढ़ा सकता है। इससे वैश्विक शक्ति संतुलन इस प्रकार बदलेगा जिसका असर आने वाले दशकों में अनुभव होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयास से पैदा विकल्प आने वाले महीनों में यूक्रेन, यूरोप और सारी दुनिया की सुरक्षा को परिभाषित करेंगे।

# दिल्ली की भूकंपीय संवेदनशीलता

हाल ही में दिल्ली-एनसीआर को झकझोर देने वाले 4.0 पैमाने के भूकंप ने दिल्ली में खतरनाक भूकंपीय जोखिम उजागर किया है क्योंकि वह सक्रिय फाल्ट लाइन पर स्थित है।



सतेंद्र सिंह
(लेखक, आपदा प्रबंधन से संबंधित हैं)



17 फरवरी, 2025 को तड़के दिल्ली-एनसीआर निवासियों की नींद एक भूकंपीय झटके से खुली। 4.0 तीव्रता वाले एक भूकंप ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था जिसका केन्द्र दिल्ली के धौलाकुंआ के निकट था। इससे शहर तथा पड़ोसी एनसीआर में भूकंपीय तरंगे फैलीं। हालांकि, यह भूकंप तुलनात्मक रूप से हल्का था, पर इसका असर ज्यादा अनुभव हुआ क्योंकि यह कम गहराई पर हुआ था और इससे बड़े भूकंपों से व्यापक भय गहरा हो गया। लोगों ने जल्दी से अपने घरों और इमारतों को छोड़ा और सोशल मीडिया चिन्ताओं से भरा रहा। यह घटना एक और चेतावनी के रूप में सामने आई कि दिल्ली खतरनाक रूप से भूकंपीय जोखिम का सामना कर रहा है जिसका कारण भूकंपीय गतिविधियां हैं।

दिल्ली खतरनाक रूप से कई सक्रिय फाल्ट लाइनों पर स्थित है जिनमें दिल्ली-हरिद्वार रिज तथा महेंद्रगढ़-देहरादून फाल्ट शामिल हैं। यह शहर भूकंपीय जोन-4 में आता है जिसे भूकंपों के लिए अत्यधिक जोखिम वाला माना जाता है। वैश्विक स्तर पर भूकंपीय रूप से एक सर्वाधिक सक्रिय क्षेत्र हिमालय से इसकी निकटता इसका जोखिम और बढ़ा देती है।

भूवैज्ञानिकों के अनुसार भारतीय प्लेट लगातार यूरेशियन प्लेट के नीचे धक्का दे रही है। यह प्रति वर्ष 47 मिमी. है जिससे काफी भूमिगत तनाव पैदा होता है। इस तनाव के मुक्त होने का नतीजा भूकंपों के रूप में सामने आता है जो हल्के से लेकर विनाशकारी तक हो सकते हैं। इतिहास ने भूकंपों का संभावित विनाश दिखाया है। 2001 में गुजरात के भुज में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था जिसके परिणामस्वरूप 20,000 लोग हताहत हुए थे तथा पूरा कस्बा खंडहर हो गया था।

यदि ऐसा ही भूकंप दिल्ली-एनसीआर में आ जाए तो इसके परिणाम ज्यादा विनाशकारी होंगे। वैश्विक भूकंपीय अध्ययनों के आधार पर बनाए 'साइम्यूलेशनों' में यूएसजीएस पेजर सिस्टम तथा जेम ग्लोबल सिस्मिक रिस्क मैप शामिल हैं। इनसे संकेत मिलता है कि दिल्ली में 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 1,50,000 से लेकर 2,50,000 तक लोग मर सकते हैं। घनी जनसंख्या, पुरानी ढांचागत संरचनाओं तथा अनियोजित शहरीकरण के कारण राजधानी खासकर व्यापक विनाश का खतरा झेल रही है। ऐसे में शहर के समक्ष मुख्य चिन्ता निर्माणों की गुणवत्ता होनी चाहिए। खासकर पुराने क्षेत्रों और अनाधिकृत बस्तियों में अनेक इमारतें बड़े भूकंप झेलने के लिए नहीं तैयार की गई हैं।

हालांकि, नेशनल बिल्डिंग कोड तथा ब्यूरो आफइंडियन स्टैंडर्डस-बीआईएस ने कठोर मानक निर्धारित किए हैं, पर अक्सर इनका समुचित क्रियान्वयन नहीं होता है। ऊंची इमारतें तथा यहां तक कि क्षेत्र में कुछ सरकारी सुविधायें भी आवश्यक रिट्रोफिटिंग से वंचित हैं जिससे उनकी भूकंपीय प्रतिरोध क्षमता मजबूत हो सकती है।

दिल्ली-एनसीआर में 30 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं, अतः भूकंप के कारण इतना व्यापक विनाश हो सकता है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इससे बचने के क्या कदम उठाए जाने की जरूरत है?

> भूवैज्ञानिकों के अनुसार भारतीय प्लेट लगातार यूरेशियन प्लेट के नीचे धक्का दे रही है। यह प्रति वर्ष 47 मिमी. है जिससे काफी भूमिगत तनाव पैदा होता है। इस तनाव के मुक्त होने का नतीजा भूकंपों के रूप में सामने आता है जो हल्के से लेकर विनाशकारी तक हो सकते हैं। इतिहास ने भूकंपों का संभावित विनाश दिखाया है। 2001 में गुजरात के भुज में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था।

सभी असुरक्षित इमारतों को गिराना तथा उनको भूकंप-प्रतिरोधी तकनीक से लैस कर पुनर्निर्माण व्यावहारिक या आर्थिक रूप से संभव नहीं है। लेकिन भूकंप जोखिमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के गंभीर प्रयास किए जा सकते हैं। इससे लोग दिल्ली में संभावित भूकंप के लिए तैयार हो जाएंगे। सबसे पहले और सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से जागरूकता पैदा करना तथा तैयारी सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक परिवार के पास एक सुपरिभाषित भूकंप बचाव योजना होनी चाहिए। स्कूलों और कार्यस्थलों में नियमित रूप से भूकंप-ड्रिल होनी चाहिए ताकि लोगों को भूकंपीय झटकों के दौरान समुचित प्रतिक्रिया हेतु तैयार किया जा सके। भारी फर्नीचर को फिक्स करने, घरों में सुरक्षित क्षेत्रों की पहचान करने तथा आपातकालीन किट तैयार रखने जैसे सरल कामों से सुरक्षा में व्यापक सुधार किया जा सकता है। सरकार को भी इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

इमारतों का एक ढांचागत आडिट होना चाहिए। इनमें खासकर आधुनिक भूकंपीय मानक बनने से पहले बनी इमारतों को शामिल किया जाना चाहिए। इसका तात्कालिक महत्व है। सुरक्षा मानकों पर खरी न उतरने वाली इमारतों को मजबूत करने के लिए रिट्रोफिटिंग की जानी चाहिए। नई परियोजनाओं में भूकंप-प्रतिरोधी निर्माण विधियों का प्रयोग करना बहुत जरूरी है। जोखिम वाली अनेक इमारतों में रिट्रोफिटिंग खर्चीली हो सकती है, पर मानव जीवन बचाने के लिए यह निवेश महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सार्वजनिक ढांचागत संरचनाओं का पुनः मूल्यांकन होना चाहिए। पुलों, फ्लाईओवरों और मेट्रो स्टेशनों का मूल्यांन भूकंपीय गतिविधि झेलने की उनकी क्षमता के आधार पर होना चाहिए। टोकियो तथा सैन्फ्रांसिस्को जैसे अनेक शहरों ने सफ्लतापूर्वक उत्कृष्ट तकनीक का प्रयोग कर इमारतों को ज्यादा भूकंप-सह बनाया है। दिल्ली को भी हताहतों की बड़ी संख्या के खतरे से बचने और उसे कम करने के लिए इन वैश्विक उदाहरणों से समुचित सबक लेने चाहिए।

विभीषिकाओं के लिए अच्छी तरह तैयार हमेशा शिक्षा तथा अपने निवासियों की जागरूकता में निवेश करते हैं। गुजरात में भुज की तरह दिल्ली में भी एक भूकंप जागरूकता संग्रहालय बनाया जाना चाहिए। इससे न केवल दिल्ली-एनसीआर, बल्कि पूरे देश में लोगों की जागरूकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। इस संग्रहालय में दिल्ली के भूकंपीय इतिहास को रेखांकित करते हुए भूकंपों के पीछे छिपे विज्ञान की जानकारी देते हुए लोगों को सुरक्षा व्यवहारों के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

इसके साथ ही संग्रहालय में एक प्रतिबद्ध 'भूकंप क्लीनिक' बनाई जानी चाहिए जो इंजीनियरों को कम खर्च में मकानों को भूकंप-प्रतिरोधी बनाने की मुफ्त सलाह दे सके। इसके साथ ही शीघ्र चेतावनी प्रणालियों के प्रयोग से हताहतों का जोखिम कम हो सकता है।

उदाहरण के लिए, जापान की शीघ्र चेतावनी प्रणाली लोगों को भूकंप के कुछ सेकेंड पहले चेतावनी दे देती है जिससे लोग छिप सकते हैं। दिल्ली में भी ऐसी ही प्रणाली स्थापित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। लेकिन वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद भूकंपों का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि, हम तैयारी के स्तर से आपदा आने पर उसका दुष्प्रभाव कम कर सकते हैं। दिल्ली में आए हालिया भूकंपीय झटके कोई मामूली घटना नहीं है। इसे अनदेखा करने के बजाय चेतावनी की तरह लिया जाना चाहिए। इसे अनदेखा करना विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। समय आ गया है कि हम सबक लें क्योंकि प्राकृतिक विभीषिका अत्यधिक विनाशकारी हो सकती है।

# जीवन में सही विकल्प चुनें

> "अगला स्तर उन लोगों का है, जो न केवल अच्छे हैं बल्कि वे अधिकतर धर्म का भी पालन करते हैं, जिससे भगवान प्रसन्न होते हैं।"

अजित कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)




हां, पांच विकल्प हैं, इन्हें चुनकर हम जीवन में उन्नति कर सकते हैं। ये हैं अच्छे इंसान बनना। हम जानते हैं कि हम किसे अच्छा कहते हैं। वे अपने व्यवहार, विकल्पों आदि में अच्छे होते हैं। अगला स्तर उन लोगों का है, जो न केवल अच्छे हैं बल्कि वे अधिकतर धर्म का भी पालन करते हैं, जिससे भगवान प्रसन्न होते हैं।

अगला स्तर कल्याण कार्यकर्ताओं का है, जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। धर्म के अनुयायियों में से, भगवान धर्म को बनाए रखने के लिए भगवान के लिए गतिविधियों को करने के लिए कुछ लोगों को अपना (निमित्त) साधन नियुक्त करते हैं। सबसे ऊपरी स्तर निस्संदेह भगवान के भक्तों का है। अब मैं इस बारे में विवरण दूंगा कि कोई व्यक्ति ये पांच कैसे बन सकता है और ऐसा करने से उसे क्या लाभ होंगे। आध्यात्मिक भाषा में अच्छा होने का अर्थ है अच्छाई के गुण का उच्चतम प्रतिशत होना। (भगवद गीता 14.10) सात्विकता पवित्रता के कारण प्रकाश देने वाली और रोगों से मुक्त होती है।

(14.6) रजोगुण आसक्ति के दोष से ग्रस्त होता है। (14.7) व्यक्ति कुछ कार्यों और उनके परिणामों के प्रति बहुत अधिक आसक्त हो जाता है। दुर्भाग्य से, परिणाम हमारे हाथ में नहीं होते। (2.47) इसलिए व्यक्ति चिंता, भय, अवसाद आदि से ग्रस्त होता है। अंधकार मोह पैदा करता है, जिससे लापरवाही जैसे कई दोष उत्पन्न होते हैं। (14.8) भगवान कृष्ण ने भगवद गीता में सात्विक गतिविधियों के बारे में बहुत विस्तार से बताया है।

यदि हम उन्हें आत्मसात करें, तो हमारे अंदर धीरे-धीरे सात्विकता का प्रतिशत बढ़ जाएगा। ऐसा करने से कई




लाभ हैं और सबसे अच्छा लाभ यह है कि अच्छाई भक्ति जीवन की सीढ़ी है - निश्चित रूप से सर्वोच्च और अच्छे कर्मफल। अगला स्तर उन व्यक्तियों का है, जो अच्छे होने के साथ-साथ धर्म का सख्ती से पालन करते हैं। यह उन्हें आम लोगों से अलग करता है। हम ईश्वर की योजना के साथ जुड़े होते हैं, जो धर्म की रक्षा के लिए है। ऐसा करने के लिए भगवान अवतार भी लेते हैं। (6.7) हम जानते हैं कि धर्म क्या है; यह सर्वोच्च नैतिक और धार्मिक सिद्धांत है। पुण्य कर्मों के संचय सहित कई लाभ हैं। तीसरा उच्च स्तर कल्याण कार्यकर्ताओं का है। भगवान ऐसे लोगों के लिए कोई %दुर्गति% (बुरा अंत) नहीं होने का वादा करते हैं। (6.40) यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि बुढ़ापा और बुरा अंत मनुष्य के लिए बहुत डरावनी संभावनाएं हैं।

भगवान कृष्ण ने इस संबंध में भगवद-गीता (3.20) में राजा जनक को आदर्श के रूप में चुना है। अगला उच्च स्तर भगवान के निमित्त (साधन) का है; वह उन्हें उन लोगों में से चुनते हैं जो आदतन धर्म के अनुयायी हैं और भगवान की सेवा करने के लिए इच्छुक हैं जैसे अर्जुन ने किया था। भगवान उनके लिए एक कर्ता के रूप में सब कुछ करते हैं और उन्हें किए गए कार्यों का श्रेय मिलता है। (11.33) सबसे ऊपरी श्रेणी भगवान के भक्तों की है।

उनका उत्थान अच्छे लोगों से धर्म के सख्त अनुयायी बनने तक होता है। फिर, वे प्रार्थना, भगवान के विग्रहों के दर्शन, भगवान को प्रणाम करना, भगवान के नामों और मंत्रों का जाप, भगवान का ध्यान, किए गए उपकारों के लिए भगवान को धन्यवाद देना आदि आध्यात्मिक अभ्यास करते हैं। वे भगवान के बहुत प्रिय हो जाते हैं, जो सब कुछ हैं। (7.19) भगवान के भक्त होने का सबसे बड़ा लाभ कुछ ही जीवन में मुक्ति है। (6.45) मैं अधिक विस्तार से लाभों का वर्णन करने जा रहा हूं क्योंकि ये सबसे बड़े हैं।

भगवान मार्गदर्शन करते हैं, और वे सर्वज्ञ होने के कारण हर बार जानते हैं कि क्या काम करेगा। जब भी मुझे किसी चीज़ के बारे में कुछ संदेह होता है, तो मैं मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करने की आदत बना लेता हूं। मैं भगवान की प्रतिक्रिया से आश्चर्यचकित हूं। वे अब अंतर्ज्ञान नहीं हैं क्योंकि वे काम करते हैं। मदद के मामले में भी यही होता है। भगवान अपने भक्तों की ऐसी मदद करते हैं जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।

# उत्तराखंड में यूसीसी : सुधार, प्रतिरोध और आगे का रास्ता

**उत्तराखंड** ने 27 जनवरी, 2025 को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दिया है, जिससे वह ऐसा करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। उत्तराखंड सरकार का यह कदम गोद लेने, विरासत, तलाक और विवाह से संबंधित व्यक्ति गत कानूनों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करेगा। राज्य विधानसभा ने फरवरी 2024 में इस कानून को एक समान कानूनी व्यवस्था बनाने के इरादे से पारित किया था जिसका पालन सभी नागरिक, चाहे उनकी धार्मिक मान्यताएँ कुछ भी हों, कर सकें। सभी समुदायों में महिलाओं को समान अधिकार देने वाले इस कदम की लैंगिक समानता की दिशा में एक कदम के रूप में सराहना की गई है। इसके बावजूद, इस पर बहस और चिंताएँ भी रही हैं, खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों की ओर से, जिन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अपने कानूनों और परंपराओं को खत्म कर सकती है। उत्तराखंड के UCC के तहत विवाह और लिव-इन रिलेशनशिप को पंजीकृत किया जाना चाहिए, जो इसके सबसे महत्वपूर्ण प्रावधानों में से एक है। जो जोड़े अपने विवाह को पंजीकृत करने में विफल रहते हैं, वे सरकारी लाभों तक पहुँच खोने का जोखिम उठाते हैं, जबकि लिव-इन रिलेशनशिप, जो लंबे समय से कानूनी रूप से एक ग्रे क्षेत्र रहा है, अब औपचारिक रूप से प्रलेखित किया जाएगा। यह दोनों भागीदारों के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और ऐसे संबंधों से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाता है। कानून मुसलमानों से जुड़ी विवादास्पद प्रथाओं, जैसे हलाला, बाल विवाह और ट्रिपल तलाक को भी स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करता है। बुद्धिजीवियों में से कई इसे प्रतिगामी प्रथाओं को हटाकर महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास के रूप में देखते हैं। इसके अलावा, ष्टष्ट विरासत और संपत्ति के अधिकारों को संबोधित करके सभी धर्मों की महिलाओं के लिए समान कानूनी स्थिति की गारंटी देता है। अतीत में, धार्मिक कानूनों की पितृसत्तात्मक व्याख्याओं के परिणामस्वरूप उत्तराधिकार के मामलों में कई महिलाओं के साथ भेदभाव हुआ है। इन असमानताओं को दूर करने और महिलाओं को उनके सही उत्तराधिकार के लिए कानूनी सुरक्षा देने के लिए, UCC समान संपत्ति अधिकारों को संहिताबद्ध करना चाहता है। एक और बड़ा बदलाव जो नागरिकों के लिए कानूनी प्रक्रिया को आसान बनाएगा, वह है कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के माध्यम से एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली की स्थापना। सरकार ने 7,000 से अधिक अधिकारी पहचान पत्र बनाए और प्रणाली के क्रियान्वयन से पहले इसकी प्रभावशीलता का परीक्षण करने के लिए एक विशाल मॉकड्रिल के भाग के रूप में 3,500 डमी पंजीकरण किए गए।

अपने प्रगतिशील पहलुओं के बावजूद, समान नागरिक संहिता ने धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों को चिंतित किया है, जिन्हें डर है कि उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को कम किया जा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25-28 के अनुसार, धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी दी गई है, और कई आलोचकों का तर्क है कि एक समान व्यक्ति गत कानून इन अधिकारों का उल्लंघन करेगा। ये असंगतताएँ इस बात को लेकर चिंता बढ़ाती हैं कि क्या समान नागरिक संहिता वास्तव में एक सार्वभौमिक कानूनी सुधार है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम स्वयं देश के कानून के सम्मान की निंदा नहीं करता है। मुसलमानों को कुरान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जब तक धार्मिक स्वतंत्रता सुरक्षित है, तब तक शासक वर्ग के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें। पैगंबर मुहम्मद ने इस विचार की पुष्टि की कि न्यायपूर्ण शासकों की आज्ञा मानने के दायित्व पर जोर देकर नागरिक कर्तव्य और आस्था एक साथ रह सकते हैं। धार्मिक मान्यताओं का उल्लंघन किए बिना ट्यूनीशिया और तुर्की जैसे मुस्लिम बहुल देशों में समान पारिवारिक कानूनों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इसी तरह, गोवा, एकमात्र भारतीय राज्य है जिसका नागरिक कानून लंबे समय से मौजूद है, जिसने दिखाया है कि विभिन्न धार्मिक समुदाय एक ही नियमों के तहत काम कर सकते हैं। यदि अन्य भारतीय राज्य समान नागरिक संहिता लागू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो सभी की राय को शामिल करना महत्वपूर्ण है। किसी भी समुदाय को बहिष्कृत महसूस न हो, इसके लिए सुधारों को किसी एक तरीके से थोपे जाने के बजाय चर्चा के माध्यम से विकसित किया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करने और महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने की क्षमता है, लेकिन इसका अनुप्रयोग निष्पक्ष होना चाहिए। यदि समान नागरिक संहिता को निष्पक्ष और संवेदनशील तरीके से लागू किया जाए और इस प्रक्रिया में सामाजिक सद्भाव और न्याय के प्रति देश की प्रतिबद्धता को मजबूत किया जाए, तो यह भारत में कानूनी समानता के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती है।

**- इशांवारसी**

## भारत की विदेश नीति

**ट्रंप** युग की वापसी के पश्चात भारत द्वारा रुस को लेकर अपनाई गई संतुलित विदेशनीति की सार्थकता सिद्ध हुई है। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन पर हमले के पश्चात भारत पर चौतरफ़ा दबाव था कि रूस के खिलाफ़ खुलकर सामने आए। अमेरिका सहित संपूर्ण पश्चिमी देश चाहते थे कि जैसा उनका रवैया रुस के साथ है वही रवैया भारत भी अपनाये लेकिन भारत ने इसे दृढ़तापूर्वक अस्वीकार कर दिया।पश्चिमी प्रेस भी भारत के रुख की तीखी आलोचना कर रही थी। लेकिन भारत ने रुस के साथ दशक पुरानी मित्रता पर कोई आंच न अने दी तथा रूस से सस्ता तेल ख़रीदना शुरू कर दिया । दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 60 अरब डॉलर को पार कर गया। अब ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिका ने खुद ही पुतिन के प्रति नरमी दिखानी शुरू कर दी है।यदि भारत बाइडन और पश्चिमी देशो के दबाव में आकर रूस के खिलाफ़ पश्चिम के प्रतिबंध में शामिल हो जाता तो भारत और रूस के संबंध खराब होते तथा भारत को एक विश्वसनीय मित्र को खोना पड़ता।

**- विमलेश पगारिया**, बदनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पीएम किसान सम्मान निधि: 1.24 लाख से अधिक किसानो के खाते में 19वीं किश्त की 55.66 करोड़ हुई जारी

## किसान सम्मान समारोह वर्चुअली कार्यक्रम में बालोद जिले के 120 किसान हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



ग्राम अरौद कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम, पी-एम किसान की 19 वीं किश्त का हस्तांतरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समय एक बजकर 45 मिनट से बिहार के भागलपुर में आयोजित किसान सम्मान समारोह से जारी की गई। कार्यक्रम के तहत लगभग 9.8 करोड़ पात्र किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में की गई। जिसमें बालोद जिले के 1 लाख 24 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हुए, जिन्हे लगभग 55 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक राशि जारी हुआ। उक्त दिवस को ''पी-एम किसान उत्सव दिवस'' के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकॉस्ट के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद के सभाकक्ष में बालोद जिले के किसानों को जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से दिखाया गया एवं किसानो के साथ संवाद कराया गया।

### तिलहनी फसलों से जल-स्तर में हो रहा सुधार

उक्त कार्यक्रम में पूरे जिले से लगभग 120 किसानों की भागीदारी रही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों व प्रगतिशील किसानों ने अपनी-अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से कृषि योजनाओं से हो रही लाभों के संबंध में चर्चा की। साथ ही कुछ किसानों ने कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा दिये समूह अग्रिम प्रदर्शन से लाभांवित कृषकों ने भी अपनी सफलता की कहानी इस कार्यक्रम के दौरान बताया की तिलहनी फसलों से गांवों में पानी कम उपयोग होने से जमीन में जल-स्तर में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में कृषि संबंधित विभागों के अधिकारीगण, पीएम किसान सम्मानिधि के हितग्राहीगण, उन्नतशील कृषकगण एवं केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. केआर साहू, उपसंचालक कृषि जीएस ध्रुवे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, महेश मार्गेय, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी केआर पिस्दा सहित सभी कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### 19वीं किश्त जारी होने से किसानों के चेहरे में छाई खुशी

ग्राम अरौद के किसान कुमार सिंह गंगवंशी, ग्राम मुजगहन के किसान हीराराम धनकर, ग्राम सांकरा के किसान धनराज साहू, ग्राम देवीनवागांव के किसान डोमेन्द्र कुमार निषाद, ग्राम बासीन के किसान चमरू राम साहू, और ग्राम खपरी के किसान अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि 6 वर्ष से उनके खाते में किसान सम्मान निधि की किश्त आ रही हैं। वही किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त आने के बाद किसानों के चेहरे में खुशी देखने मिली है। किसानों ने दिल से प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। लाभान्वित किसानों की माने तो वे सम्मान निधि की राशि का खर्च खेती किसानी से सम्बंधी कार्य में करते है। कार्यक्रम में ट्रैक्टर चालित कृषि उपकरणों, प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि यंत्रों एवं उन्नत बीजों की जीवंत प्रदर्शनी प्रदर्शित किया गया, साथ ही समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन से लाभान्वित किसान जिन्हें उन्नत किस्मों के तिलहनी फसलों के लाभ के बारे में बताया। जो कि रबी धान के बदले तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित की गयी। कार्यक्रम में केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ. बलदेव अग्रवाल, एआर गौर, सचिन वर्मा, डॉ. भिमेश्वरी साहू, डॉ. नीतू सोनकर, केके लहरे, दीपशिखा मनु चंद्राकर, राजेश कुमार, थानेश्वर कुमार साहू, हेमलता नेताम उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पूल बी के तहत दो लीग मैच खेले गए





पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयत्र सी.एस.आर.विभाग के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम दल्लीराजहरा में रविवार को पूल बी के तहत दो लीग मैच खेले गए। जहां पहले मैच में यूनियन बैंक मुंबई ने रेल्वे जबलपुर को शुन्य (00) के मुकाबले चार (04) गोल पराजित किया और दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब ने एस.टी.एफ.सी. कश्मीर को (00) के मुकाबले (05) पांच गोल से करारी शिकस्त दी दोनों ही मैचो में पराजित टीम कोई भी गोल नहीं कर सका। इस तरह (पूल बी) के इस महत्वपूर्ण मैच पर दोनों ही विजय टीमों ने एक तरफा प्रदर्शन कर मैच अपने कब्जे में कर लिया। इस टूर्नामेंट के अंतर्गत (पूल ए) के दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला एवं बी.एन.आर.कोलकाता के मध्य खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच सेंट्रल एक्साइज चेन्नई वर्सेस रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर के मध्य खेला जाएगा। खेले गए पहले मैच में यूनियन बैक मुंबई की टीम ने शुरुआत से ही जबलपुर की टीम पर भारी पड़ता दिखा। मैच के दौरान मुंबई टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक फुटबॉल खेलते हुए बेहतर तालमेल एवं समझ-बूझ के साथ मैच खेला। इसके परिणाम स्वरूप पहले हाफ के 25 वे मिनट में खिलाड़ी नेस्टर जर्सी नंबर 23 ने पहला गोल किया। मध्यांतर तक मुम्बई की टीम शुन्य के मुकाबले एक गोल से बढत बनाये रखा। इसी तरह दुसरे हाफ में खेल के 49 मिनट में जर्सी नं.06 क्षितिज मैरल ने दूसरा गोल किया, रॉनी डिसिल्वा ने अपनी टीम के लिए खेल के 71 वें मिनट में तीसरा गोल किया और आखिरी गोल खेल के 85 मिनट में जर्सी नंबर 14 जुबेर केसरी ने किया इस तरह मुंबई की टीम ने लगातार एक के बाद एक चार गोल कर जबलपुर की टीम को शुन्य के मुकाबले चार गोल से करारी शिकस्त दी पराजित टीम कोई गल नहीं कर सका। वहीं (पूल बी) के अंतर्गत खेले गए दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम ने एस.टी.एफ.सी. कश्मीर की टीम पर एक तरफा दबाव बनाते हुए लगातार एक के बाद एक दनादन पांच गोल किए खेल के पहले हाफ में राजहरा माइंस के खिलाड़ी जर्सी नंबर 08 देशांतर कुमार ने खेल 25वें मिनट में पहला गोल किया मध्यांतर तक राजहरा माइंस की टीम शुन्य के मुकाबले एक गोल से बढ़त बनाए रखा। मध्यांतर के पश्चात दूसरे हाफ में खेलते हुए राजहरा माइंस के खिलाड़ियों ने शानदार फुटबॉल का प्रदर्शन करते हुए बेहतर सूझबूझ एवं तेजतर्रार फुटबॉल खेलते हुए चार गोल किए। अपनी टीम के लिए दूसरा गोल इनमें जर्सी नंबर 18 अमित कुमार ने खेल के 58 मिनट में दूसरा गोल किया। तीसरा गोल जर्सी नंबर 3 सुरेश कुमार ने खेल के 79 मिनट में एवं जर्सी नंबर 17 भालेश कुमार ने 89 मिनट में चौथा गोल तथा आखिरी गोल जर्सी नंबर 10 गौरव कुमार ने खेल के 90 मिनट में आखिरी गोल कर अपनी टीम को 05 गोल से अजय बढ़त दिला दी। इस तरह राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम शुन्य के मुकाबले पांच गोल से कश्मीर को करारी शिकस्त दी।

# निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पंडरिया और बोड़ला के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक का सारणीरकरण किया गया। सारणीकरण के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत दूसरे चरण 20 फरवरी को मतदान हुआ था। इसके बाद जिले के 08 जिला पंचायत क्षेत्र का सारणीकरण कर परिणाम बताया गया। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित दीपा पप्पु धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 02 से निर्वाचित अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 03 से निर्वाचित रामकुमार भट्ट, क्षेत्र क्रमांक 04 से निर्वाचित राजेश्री घृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 05 से निर्वाचित पूर्णिमा मनिराम साहू और क्षेत्र क्रमांक 06 से निर्वाचित ललिता रूप सिंह धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 07 से निर्वाचित गंगाबाई लोकचंद साहू और क्षेत्र क्रमांक 08 से निर्वाचित राजकुमार मेरावी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र क्रमांक 21 से रेखा पोषण सिन्हा जीते

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत बेरला के क्षेत्र क्रमांक 21 में हुए चुनाव में रेखा पोषण सिन्हा ने अपने प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ते हुए 2549 वोटो के अंतर से विजय प्राप्त की। यह जीत उनकी लोकप्रियता और क्षेत्र की जनता के प्रति उनके विश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाती है क्षेत्र में खुशी का लहर है मतदाताओं द्वारा पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई गई, मतदाताओं के साथ भेंट मुलाकात व बधाई देने का सिलसिला क्षेत्र वासियों द्वारा जारी है। चुनाव के नतीजे के बाद रेखा पोषण सिन्हा ने क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह जीत केवल मेरी नहीं बल्कि हमारे क्षेत्र की हर एक जनता की जीत है जनता ने मुझे जो विश्वास और अपार समर्थन दिया उसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूं। मैं इस जीत को क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की बेहतरी के लिए समर्पित करता हूं। उसकी इस जीत से क्षेत्र में खुशहाली और विकास की नई उम्मीद जगी है रेखा पोषण सिन्हा ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि वह जनहित के कार्यों में पूरी तरह से समर्पित रहेंगे और क्षेत्र के हर विकासात्मक पहलू पर काम करेंगे वही चुनावी परिणाम के बाद इलाके में जीत की खुशी का अलग ही माहौल है। रेखा पोषण सिन्हा के समर्थक और स्थानीय लोग इस जीत को लेकर अति उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि क्षेत्र में न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक और विकासात्मक बदलाव भी आएगा हमारे नेता ने हमेशा हमारे हितों की रक्षा की है हमारी समस्याओं का समाधान किया है इसलिए हमने उन्हें वोट दिया है । ग्रामीणों ने कहा कि रेखा पोषण दीदी की जीत से बेरला जनपद क्षेत्र के निवासियों में उत्साह और जोश का माहौल है और उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के सभी वर्गों के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।

# पेड़ों के बगैर जीवन की कामना दुर्लभ है : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ महा महोत्सव ग्राम मऊ सिद्ध बाबा कुटी में षष्ठम दिवस की कथा भाग में आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज ने रुक्मणी विवाह के मंगल मय प्रसंग मे समस्त भक्तो को सुनते हुए कहा की पेड़ों के बगैर जीवन की कामना दुर्लभ है। जीवन संभव ही नहीं विदेश में नदियां पर्वत पेड़ पौधे को केवल उपभोग की वस्तु ही माना जाता है जबकि भारत देश में जहां नदी और पेड़ों की पूजा होती है। देश में हो रही वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वायुमंडल एवं प्रकृति को कष्ट होता है। इसी प्रकार यह कार्य होता रहा तो विनाश संभव है। हजारों साल पहले ही पता चला कि मानव जाति का अस्तित्व तब तक है। जब तक नदियां, गौ माता, है बच्चे कोई भी त्यौहार हो यदि एक पेड़ रोपने का मन बना लिया जाए तो 135 140 करोड़ आबादी वाले इस देश में अरबो खराबो की संख्या में पेड़ पौधे लगाए जा सकते हैं। शास्त्री महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण से हम यह सीख सकते हैं की प्रकृति से कैसे प्रेम किया जाए और भगवान श्री कृष्ण यही संदेश देते हैं। की प्रकृति से प्रेम करें यह प्रभु ने सिखाया है कि पूजा भी आवश्यक है। सनातन धर्म मे प्रभु में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होते रासलीला की ही ले लो यह लीला गोलोंक की लीला है। व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए। कि अहंकार का अंश मात्र भी उनके अंदर मौजूद न रहे। किसी तरह आडंबर से भी बचना चाहिए ।लोग आराधना के नाम पर पूजा उपासना के नाम पर दूरी बना लेते हैं। इसे बढ़ाने की जरूरत है। तब जाकर पृथ्वी पर मनुष्य आगामी हजारों वर्षो तक स्वास्थ्य और संपन्न रहेगा। शास्त्री ने बताया की भागवत कथा राम कथा की परंपरा साल भर चलती रहे। इसी के बहाने लोग 365 दिन यानी साल भर भागवत से जुड़े साथ ही सनातन धर्म का उत्थान होगा। बाल लीला रासलीला के आनंद के साथ-साथ हमें यह भी समझना है कि शिशुपाल और कंस का वध किन परिस्थितियों में हुआ हमें आती वाचलता, दमनकारी ,हथकंडो से अपने हाथ खींच लेना चाहिए तथा रुक्मणी मंगल के पावन उत्सव में मंगल परिणय भगवान लक्ष्मी नारायण स्वरूप रुक्मणी और कृष्ण की पूजन आराधना का कार्य संपन्न हुआ

## पंजाब का प्रभारी बनाने पर भूपेश बघेल को बेमेतरा युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक के नेतृत्व में युवाओं ने दी बधाई



**बेमेतरा।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महासचिव एवं पंजाब प्रभारी बनाए जाने पर बेमेतरा युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक दुबे एवं उनके साथी शशांक दुबे सूरज ठाकुर एवं भानु प्रताप गोस्वामी द्वारा मुलाकात करके बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# मीठा जल सफाई को लेकर विधायक दीपेश ने नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, भाजपा पार्षदों, अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू ने अपने निवास कार्यालय मे बैठक आयोजित किया। जिसमे नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा सभी भाजपा पार्षद, सीएमओ, इंजिनियर शामिल हुए। बैठक के दौरान विधायक साहू ने नगर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई और मीठे जल आपूर्ति, विधुत व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए ताकि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, जल आपूर्ति को सुचारू करने और नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। विधायक साहू ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने पर जोर दिया। विधायक दीपेश साहू ने नगर में मीठे जल आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा की मीठा जल आवर्धन योजना के तहत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जहां-जहां जल संकट की स्थिति बनी हुई है, वहां त्वरित समाधान निकाला जाए। विधायक ने पाइपलाइन लीकेज, जल प्रदूषण और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को जल आपूर्ति की नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत देने के निर्देश भी दिए।नगरवासियों को बेहतर जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका और प्रशासन को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। विधायक दीपेश साहू ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक रूप से छुट्टी न लें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सफाई कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने को कहा। विधायक ने स्पष्ट किया कि अगर कोई कर्मचारी लापरवाही करता है या बिना कारण छुट्टी लेता है, तो उस पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विधायक दीपेश साहू ने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पार्षदों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए। विधायक ने पार्षदों से कहा कि वे अपने वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाएं, लोगों को कचरा उचित स्थान पर फेंकने, नालियों में कचरा न डालने और गीले व सूखे कचरे के सही निपटान के बारे में जागरूक करें। इसके अलावा, स्वच्छता को लेकर नगर पालिका द्वारा जनजागरण अभियान चलाने, दीवारों पर स्लोगन लिखने और पब्लिक अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। विधायक दीपेश साहू ने नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापारियों को भी सफाई के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदार और व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और कचरा इधर-उधर न फेंकें। विधायक ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे व्यापारियों को समझाइश दें और उन्हें डस्टबिन रखने, कचरे का सही निपटान करने और स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, यदि कोई व्यापारी बार-बार गंदगी फैलाने में लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए व्यापारियों, नागरिकों और सफाई कर्मियों को मिलकर कार्य करना होगा। विधायक ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।विधायक दीपेश साहू ने नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिस वार्ड में भाजपा के पार्षद नहीं हैं, वहां पार्टी के कार्यकर्ता और छाया पार्षद विशेष रूप से सफाई व्यवस्था पर ध्यान दें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे वार्ड में सफाई अभियान की निगरानी करें, आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और यदि कहीं सफाई को लेकर समस्या है, तो तुरंत नगर पालिका अधिकारियों को सूचित करें। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ काम कर रही है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर वार्ड में सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी वार्ड में सफाई को लेकर लापरवाही होती है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए जनभागीदारी जरूरी है, और भाजपा कार्यकर्ता इसमें अहम भूमिका निभाएंगे।

# बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा से मिले पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा

## जिले में शांति पूर्ण चुनाव संपादन पर दी बधाई



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कलेक्टर बेमेतरा रणवीर शर्मा से मुलाकात कर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते कहा कि चुनाव या निर्वाचन, लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनते है।चुनाव के द्वारा ही क्षेत्रीय एवं स्थानीय निकायों के लिये भी व्यक्तियों का चुनाव होता है।चुनाव लोकतंत्र का एक महापर्व है। चुनाव में कलेक्टर की भूमिका ज़िला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के तौर पर होती है।जिसमें हमारे ज़िले के कलेक्टर रणवीर शर्मा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा अपनी जिम्मेदारी का अच्छा निर्वहन किया है। इसके लिए बेमेतरा कलेक्टर और उनकी प्रशासनिक टीम धन्यवाद के पात्र है ।मै अपनी तरफ से उन्हें बधाई देता हूं। विजय सिन्हा ने आगे बताया कि अभी मै नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुआ हूं, शपथ ग्रहण भी नहीं लिया हूं। मेरे सामने नगर में गंभीर जल की समस्या सामने आ गई है। दैनिक जीवन में जल अति आवश्यक संसाधन है। पिछली बार कांग्रेस में भ्रष्टाचार इस कदर हुआ कि जहां 400 फीट होना था वहां 250 फीट कराया गया है। इस संबंध में मैने कलेक्टर से मिलकर सारी वस्तुस्थिति से अवगत करा निवेदन किया कि, जल की गंभीर समस्या से निजात दिलाने प्रशासन का पूरा सहयोग प्रदान करें।जिससे नगर में पानी की किल्लत दूर हो सके।

# कंप्यूटर आपरेटर को चुनाव में प्रचार करना पड़ सकता है भारी, जांच में पाया गया सही

**जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करना कंप्यूटर आपरेटर रवि जलतारे को पड़ सकता है भारी**

पायनियर संवाददाता < बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com






जांजगीर चांपा जिले के प्रथम चरण चुनाव मे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बोट मांग कर चुनाव प्रचार प्रसार करना अब कंप्यूटर आपरेटर रवि जलतारे को भारी पड़ रहा है सहकारिता विभाग ने खबर प्रकाशित होने के बाद इस पुरे मामले में जांच टिम का गठन कर के इसकी पुरी जांच करा ली है आप को बता दें की मिली 11 फरवरी के दिन बम्हनीडीह विकास खण्ड ग्राम पंचायत करनौद में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में प्रचार करते सेवा सहकारी समिति करनौद का कंप्यूटर आपरेटर रवि जलतारे देखा गया था जिसका गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा विडियो बना के सोशल मीडिया पर वायरल भी किया गया था जिसके बाद इसकी खबर पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद सहकारिता विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसके जांच के लिए तत्काल टिम का गठन कर इसकी पुरी जांच कराई जांच टिम ने सेवा सहकारी समिति करनौद का कंप्यूटर रवि जलतारे प्रथम चरण के चुनाव में कांग्रेस समर्पित जिला पंचायत सदस्य के चुनाव प्रचार में ग्राम पंचायत करनौद में रैली में शामिल होकर बोट मांगने की बात सही पाई गई है वहीं जांच अधिकारी का कहना है की इसकी जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारी को सौंपा जायेगा उच्च अधिकारी ही इनके खिलाफ कार्रवाई करगे ।

**आदर्श आचार संहिता का उलंघन करना आपरेटर को पड़ सकता है भारी**-आप को बता दें की चुनाव में शासकीय कर्मचारियों पर चुनाव प्रचार प्रसार करना पुरी तरह से प्रतिबंध रहता है पर यहां तो चुनाव प्रचार करना आपरेटर को भारी पड़ सकता है आपरेटर ने आदर्श आचार संहिता का खुले आम उलंघन कर चुनाव में प्रचार प्रसार किया है जब की आचार संहिता लागु होने के बाद कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त होने की अनुमति नहीं होती है। इसलिए उनके इस कार्य को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया पर यहां तो कंप्यूटर आपरेटर आदर्श आचार संहिता का खुले आम उलंघन करते विडियो में दिखाई दे रहा है जो उस पर भारी पड़ सकता है।

कंप्यूटर आपरेटर का चुनाव प्रचार करते विडियो सामने आया है इसकी जांच करने टीम का गठन कर दिया गया है जैसे ही रिपोर्ट मेरे पास आती है रिपोट 'के आधार पर कंप्यूटर आपरेटर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी
**-उमेश गुप्ता**
**उप संचालक सहकारी संस्था जांजगीर चांपा**

# लायंस क्लब चांपा द्वारा निःशुल्क स्वाथ्य शिविर सम्पन्न हुआ





पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

लायंस क्लब इंटरनेशनल की चांपा ईकाई द्वारा ग्राम पीथमपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 180 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मौसम में होने वाले बिमारियों के बारे में जानकारी देते हुए उनके बचाव के उपाय के बारे में बताया। इस उपलक्ष्य में लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब का एक मात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये आज हम सभी लायन ग्राम पीथमपुर में एकत्रित हुए हैं। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाईयां दी गई तथा मौसमी बिमारी सर्दी, बुखार, सिरदर्द, उल्टी, दस्त आदि से बचने के उपाय बताये गये। शिविर में चांपा के डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. के. पी. राठौर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. जी. पी. दुबे(जनरल फिजिशियन), डॉ. व्ही. एन. बिरथरे (जनरल फिजिशियन) ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। शिविर में अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, जोन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन खूबचंद देवांगन, लायन वासुदेव देवांगन के अलावा ग्राम पीथमपुर के नागरिकगण विशेष रूप से उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने दी।

# दीपशिखा विद्यालय में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com




दीपशिखा विद्यालय डूमरडीह उतई में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा 12 वीं के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़पेंड्री के प्राचार्य संजय टिकरिया, अति विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी उपस्थित थे। इस अवसर पर दीपशिखा शिक्षण समिति के संचालक डी एल सिन्हा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में सिखाए गए अनुशासन एवं संस्कार को अपने जीवन में हमेशा बनाए रखते हुए उच्च शिखर तक पहुंचने की बात कही। विशिष्ट अतिथि विपिन रंगारी ने अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन की आवश्यकता होती है। हम बुराइयों के बीच में कभी न फंसे और हमेशा अपने आप को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। मुख्य अतिथि संजय टिकरिया ने कहा कि समय का पालन करना सीखें। समय के अनुसार अध्ययन करें प्रतिदिन टाइम टेबल बनाकर अध्ययन करें तो सफलता निश्चित प्राप्त होगी। उन्होंने कहा हमारा अधिकार केवल कर्म करने पर है फल की परवाह न करें। यदि हम सच्ची लगन, मेहनत और ईमानदारी से सही दिशा पर कार्य करें तो सफलता निश्चित है और यही सफलता का मूल मंत्र है। शाला नायिका गुंजन देवांगन, उपशाला नायिका पुष्पांजलि साहू, स्कूल सचिव तृषा वर्मा, सानिया देवांगन, कुमकुम यादव एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापन काल के अनुभव को साझा किया। प्राचार्य के आर सिन्हा ने कहा कि विदाई का क्षण बड़ा ही भावुक पल होता है। एक तरफ बिछड़ने का गम लेकिन दूसरी तरफ आगे बढ़ने की खुशी होती है। कक्षा 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन केके साहू, वेदांत वर्मा एवं हर्षिता बारले व आभार इंग्लिश मीडियम की प्रिंसिपल शांता सोनवानी ने किया।

इस अवसर पर प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, पालक शिक्षक समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर, ललित कुमार, तुलसी देवांगन, झरना हिरवानी, प्रदीप सिंह, प्रमोद कुमार एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शिवरीनारायण में खुलेगा शासकीय नवीन महाविद्यालय और केंद्र सरकार की प्रसाद-योजना में शामिल होंगे: माता शबरी जन्मभूमि शिवरीनारायण

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, धार्मिक व्यापारिक नगरी तथा श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ के मुख्य केंद्र बिन्दु शिवरीनारायण में माघी पूर्णिमा मेला के अवसर पर 23 फरवरी 2025 को शिवरीनारायण महोत्सव शुभारंभ के मुख्य अभ्यागत छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से नगर के पावन धरा आनंदम-धाम में नगर के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। भेंट के दौरान नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य के आग्रह पर शिवरीनारायण में माता शबरी शासकीय महाविद्यालय खोलने तथा धार्मिक स्थलों को धार्मिक-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी " प्रसाद-योजना " में इस धर्म धरा शिवरीनारायण को शामिल करने की उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने हांमी भरी। प्रतिनिधि मंडल ने इस मौके पर उप मुख्यमंत्री साव को धर्म-धरा शिवरीनारायण में शराब की अवैध बिक्री पर पाबंदी लगाने बाबत नागरिकों की हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन सौंपते हुए शराब माफियाओं पर कठोरता से कार्रवाई करने का भी आग्रह किया है। आनंदम धाम में इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. कैवर्त्य सहित नगर विकास के हितचिंतक गिरीश केसरवानी, शिवरीनारायण महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, पवन सुल्तानिया राजेश अग्रवाल, ईश्वरी केसरवानी, खगेंद्र केसरवानी, नीरज केसरवानी, भूपेंद्र दुबे, अरुण प्रभुवा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा का किया अनावरण



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पहुँचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिक्षा बस स्टैण्ड ठाकुर जगमोहन सिंह पुस्तकालय के समीप नगर पंचायत शिवरीनारायण व्दारा निर्मित भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण एवं अटल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर के साहू, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल थवाईत, पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल ठेकेदार गौरव केशरवानी, सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले के सभी 05 जनपद पंचायत क्षेत्र में तीन चरणों में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के सभी 05 जनपद पंचायत क्षेत्र में तीन चरणों में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के डौण्डीलोहारा, डौण्डी, बालोद, गुरूर और गुण्डरदेही जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 194 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। जिसमें कुल 06 लाख 04 हजार 115 मतदाताओं में से 05 लाख 10 हजार 646 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जो कि कुल मतदाताओं का औसत रूप से 84.53 प्रतिशत मतदान हुआ है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों में 01 लाख 59 हजार 237 मतदाताओं में से 01 लाख 32 हजार 284 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान प्रतिशत 83.07 रहा। इसी प्रकार डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों के 81 हजार 66 मतदाताओं में से 68 हजार 233 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 84.17 रहा। इसी प्रकार बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों के 85 हजार 625 मतदाताओं में से 73 हजार 231 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 85.53 रहा। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों के 01 लाख 12 हजार 842 मतदाताओं में से 97 हजार 653 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 86.54 रहा। गुण्डरदेही विकासखण्ड के 117 ग्राम पंचायतों के 01 लाख 65 हजार 346 मतदाताओं में से 01 लाख 39 हजार 245 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 84.21 रहा।

# भारती विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विविध आयोजन



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विविध आयोजन किए गए। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, निबंध, कविता, एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. (डॉ.) बी.एन. तिवारी ने अपने उद्बोधन मातृभाषा के संरक्षण की वर्तमान परिदृश्य में आवश्यकता के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक छोटा बच्चा अपनी मातृभाषा में ही अपनी भावनाओं एवं संवेगों की मुखर अभिव्यक्ति दे पाता है, सही संवाद कर पाता है।

अतः शिक्षकीय गुणवत्ता के लिए शिक्षकों को भी मातृभाषा को महत्व देना नितांत आवश्यक है। हमारी नयी शिक्षा नीति ने भी मातृभाषा के संरक्षण हेतु सकारात्मक पहल की है। कविता पाठन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यामिनी साहू एवं द्वितीय स्थान लाकेश्वरी वर्मा ने, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेजस्वी निषाद तथा द्वितीय स्थान ऋषभ देव सोनबेर ने, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेवती बघेल तथा द्वितीय स्थान आशीष कुमार मारकण्डेय ने तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेता भूपेश वर्मा तथा आयूषी रहे। आयोजन में प्राध्यापकगण डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम, दुर्गा श्रीवास्तव, प्रभा गिरी, नीलम त्रेहान, निकिता, अखिलेश सेन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विद्यावती चंद्राकर तथा संचालन डॉ. मंजू साहू ने किया।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन एवं रीना गेवाडीन ने की अनुकरणीय पहल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की पवित्र धर्म की नगरी प्रयागराज में प्रारंभ हुए महाकुंभ में जहां देश दुनिया के करोड़ों धर्म प्रेमियों ने पहुंचकर वहां स्नान किया है, तो वही इस प्रयागराज महाकुंभ की पवित्रता तथा वहां स्नान के महत्व को देखते हुए ऐसे भी धर्म प्रेमी है जिन्होंने अपने क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रयागराज महाकुंभ के जल को मंगवाकर वहां तालाबों में इसे अर्पित करते हुए जनकल्याण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल की है, इसी श्रृंखला में नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीनएवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना गेवाडीन ने 24 फरवरी को विद्वान पंडित एवं सुप्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य पंडित भोलाशंकर तिवारी के सानिध्य में शक्ति शहर के पुरेन्हा तालाब, बंधवा सागर तालाब, मां महामाया दर्री तालाब, गणेश बंध तालाब, दुकाल सागर तालाब, सुकाल सागर तालाब सहित विभिन्न तालाबों में जहां प्रयागराज महाकुंभ के जल को विधिवत पूजा- अर्चना कर इसे अर्पित किया। तो वहीं इस अवसर पर उपस्थित विद्वान पंडित भोलाशंकर तिवारी ने कहा कि आज प्रयागराज महाकुंभ का यह जल नगर कल्याण की सोच से अर्पित किया जा रहा है, तथा ऐसे लोग जो कि महाकुंभ में नहीं पहुंच पाए हैं उन्हें इस जल के अर्पित करने से इसका पुण्य प्राप्त होगा तथा इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना गेवाडीन ने भी कहा कि प्रयागराज महाकुंभ ने जहां पूरी दुनिया में आस्था की दृष्टि से एक मिसाल कायम की है, तो वहीं इस महाकुंभ में लोगों ने पहुंचकर वहां स्नान किया तथा आज शक्ति नगर के कल्याण एवं जन कल्याण की सोच से गंगा के जल को शक्ति शहर के सभी प्रमुख तालाबों में पूजा- अर्चना कर अर्पित किया गया है, तथा वे सदैव मां गंगा से यही मंगल कामना करते हैं कि सदैव शक्ति नगर का कल्याण हो एवं क्षेत्र में सदैव, सुख, शांति समृद्धि बनी रहे। उल्लेखित हो की छत्तीसगढ़ शासन ने भी प्रदेश के सभी जेलों में प्रयागराज महाकुंभ के जल को मंगवा कर सभी बंदियों को महाकुंभ के जल से स्नान करवाने की भी व्यवस्था की है, तथा शासन की भी इस पहल की जहां लोग प्रशंसा कर रहे हैं, तो वहीं के सक्ती के गेवाडीन दंपत्ति द्वारा भी की गई इस पहल पर शहर वासियों ने उनका साधुवाद ज्ञापित किया है।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मिट्टी, कला, खुशबू और लोककला को प्रदर्शित किया जाएगा**

# उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने शिवरीनारायण महोत्सव का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में 23 फरवरी 2025 रविवार को महंत लालदास महाविधालय के ग्राउंड पर 4 दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, जांजगीर चांपा के सांसद कमलेश जांगड़े, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंस, जांजगीर जिले के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, राजे महंत रामसुंदर दास महाराज पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़, राहुल थवाईत, गणमान्य नागरिकों अधिकारियों, कर्मचारियों और शिवरीनारायण महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों के बीच गरिमामय माहौल में किया गया। महोत्सव के पहले दिन छत्तीसगढ़ की लोकगायिका आरू साहू ने अपने साथियों के साथ रंगारंग प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों ने सराहा उसके बाद विवेक शर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी 24 फरवरी को महतारी लोककला मंच की प्रस्तुति रात्रि 8बजे सेहुआ 25 फरवरी मंगलवार को फुलवारी लोककला मंच अलका चंद्राकर और साथियो के द्वारा किया जायेगा 26 फरवरी को रात्रि 9 बजे से देश और छत्तीसगढ़ राज्य के सुप्रसिद्ध साहित्यकार और कवियों के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

23 फरवरी से 26 फरवरी महाशिवरात्री पर्व तक देश और छत्तीसगढ़ राज्य के ख्याति प्राप्त कलाकारो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जिसमे छत्तीसगढ़ के मिट्टी, कला, खुशबू और लोककला को प्रदर्शित किया जाएगा इन चार दिनों में नगर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखेरी जाएगी। महोत्सव समिति और आयोजन समिति के सदस्यों ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर चार दिवसीय मेला महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील किया है।

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र तुमगांव विकासखण्ड व जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**
मुख्य मार्ग महासमुन्द चौक तुमगाँव, वि.ख. महासमुन्द दुरभाष नं. 07723-223232, ईमेल आईडी: bmo_msmd@rediffmail.com

क्रमांक/स्थापना/2024-25/139 महासमुन्द, दिनांक 17/02/2025

// निविदा सूचना //

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव वि.ख.-जिला महासमुन्द में वर्ष 2024-25 हेतु स्टेशनरी, प्रिटिंग कार्य, फलेक्स, सन बोर्ड प्रिंटिंग आदि कार्य करने हेतु ईच्छुक निविदाकारों से न्युनतम दर पर नवीन कर प्रणाली GST अंतर्गत पंजीकृत निविदाकर्ता से एक वर्ष के अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक निविदाकार कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी तुमगाँव में आवेदन के साथ रूपये 500/- अक्षरी (पाँच सौ मात्र) भुगतान कर निविदा प्राप्त कर सकते है।

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय** - 07.03.2025 सांय 4.00 बजे
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** - 12.03.2025 दोपहर 02.00 बजे
**निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय** - 12.03.2025 शाम 04.00 बजे
**स्थान** : कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव, जिला व विकासखण्ड महासमुन्द छ.ग.

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव**
**विकासखण्ड-महासमुन्द**

G-242505523/2

# ठण्ड के मौसम में जंगल सफारी लाये जा रहे हिमालयन भालू की गर्मी से मौत, खोखले दावे कर रहा है वन विभाग: सिंघवी


CERTIFICATE OF RECEIPT

The following LIVE ANIMAL species belonging to Nagaland Zoological Park, Rangapahar Dimapur Nagaland are given to Nandavan Zoo & Safari, Naya Raipur, Chhattisgarh.

| Sl. No | Species | Sex (M:F:U) | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | Himalayan black bear (Ursus thibetanus) | 1:1:0 | 2 |
| | | Total = 2 | |

Handed Over by: Dr. Michael R. ...
Dated: 15.02.2025
Place: Rangapahar

Received by: Dr. Rakesh Verma
Dated: 15.02.2025
Place: Rangapahar


NAGALAND ZOOLOGICAL PARK
RANGAPAHAR: CHUMOUKEDIMA
Health cum Fitness Certificate

Species: Himalayan Black Bear — Scientific Name: Ursus thibetanus laniger

Name: KALLU — Sex: Male — Age: 6 Years (Approx.)
Name: BEMBO — Sex: Female — Age: 7 Years (Approx.)

Dated: 15th February 2025

Zoo Veterinarian
Nagaland Zoological Park
Rangapahar Chumoukedima

Countersigned:


GOVERNMENT OF NAGALAND
Office of the Director
Nagaland Zoological Park, Rangapahar
Chumoukedima - 797112 Nagaland

TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN

| Sl. | Vehicle | Regd. No |
|---|---|---|
| 1 | Truck/Lorry | CG-02-7736 |
| 2 | Mahindra Scorpio Cab | CG-23-2289 |
| 3 | Mahindra Scorpio SUV | CG-02-AU-0521 |

| | Animal Species | Numb |
|---|---|---|
| 1 | Himalayan black bear (1 M:1F) | |
| | Total | 2 Live Animals |

... transportation of the above said LIVE ANIMALS. As these vehicles are on Government Duty with Government Property, they may kindly be exempted from paying all toll taxes in the transit route.

Date: 15th February 2025
Place: Rangapahar

(Dr. C. ZUPENI TSANGLAI) IFS
Director
Nagaland Zoological Park
Rangapahar Dimapur

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 15 फरवरी को नागालैंड जूलॉजिकल पार्क, दीमापुर से जंगल सफारी रायपुर लाये जा रहे एक नर उम्र 6 वर्ष (नाम कल्लू) और एक मादा उम्र 7 वर्ष (नाम बेंबू) हिमालयन ब्लैक भालू में से नर भालू की मृत्यु रास्ते में हो गई। वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने कहा कि इसको लेकर वन विभाग ने मीडिया में दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में जगह-जगह गाड़ी को रोक कर जांच की गई, ऐसे में हिमालयन भालू की गर्मी के कारण मौत हो गई। यह भी बताया गया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल से वन्य जीवों की तस्करी होने की जानकारी दी थी इस कारण से वहां के वन अधिकारी गाडियों को रोक कर जांच कर रहे थे। इसके चलते हिमालयन भालू ला रहा वाहन घंटो फंसा रहा।

### सिंघवी ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की

नितिन सिंघवी ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि जंगल सफारी से जब हिरण ले जाए गए तो एक डॉक्टर हिरनों के साथ गया और दूसरा हवाई जहाज से, वहीं लौटते समय एक डॉक्टर भालुओं के साथ आया और दूसरे डॉक्टर का कहना है कि वह हवाई जहाज से आया। जबकि अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही डॉक्टर भालू के साथ आए। मामले को लेकर सिंघवी ने कहा कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) को बताना चाहिए कि आखिर सत्यता क्या है?

### वाहन रोकने का प्रश्न ही नहीं उठता

वन विभाग के उक्त दावे को खोखला और जनता को दिग्भ्रमित करने वाला बताते हुए रायपुर के नितिन सिंघवी ने कहा कि जो गाड़ी भालू को लेकर आ रही थी उसको रोकने का प्रश्न ही नहीं उठता, क्योंकि वाहन चालक के पास नागालैंड जूलॉजिकल पार्क द्वारा सभी संबंधितों के लिए जारी प्रमाण पत्र था। जिसमें लिखा गया है कि लॉरी-ट्रक सहित दो अन्य गाड़ियां जिन्दा जानवर लेकर जा रही हैं रास्ते में इन्हें आवश्यक सहायता मुहैया करवाई जाये। और तत्काल और सुरक्षित रूप से निकल जाने दिया जाए और इन वाहनों से टोल टैक्स भी नहीं लिया जाए। प्रमाण पत्र में लिखा था कि वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत इन्हें किसी भी प्रकार के ट्रांजिट परमिट की जरूरत नहीं है। सिंघवी ने कहा कि अगर वाहनों को रोका जा रहा था हो छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के अधिकारियों से बात कर हस्तक्षेप क्यों नहीं किया ? जबकि छत्तीसगढ़ से जो हिरण ले गए थे उनको तो ले जाने में कहीं पर देरी नहीं हुई और ना ही कोई चेकिंग हुई।

### गर्मी से मरने की बात भी गलत

सिंघवी ने कहा जहां तक गर्मी से भालू मरने की बात है वन विभाग का यह दावा भी खोखला है क्योंकि उत्तर पूर्व से लेकर छत्तीसगढ़ तक ऐसी गर्मी नहीं पड़ रही कि भालू की मौत गर्मी से हो जाए। जानकारी के अनुसार असम से ही 2014 की तेज गर्मी में ट्रेन से भालू लाये गए थे, 12 घंटे हावड़ा में ट्रेन रुकी रही तब कोई भी भालू नहीं मरा था। नियमानुसार वन विभाग जानवरों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए वातानुकूलित वाहन उपयोग करता है, उनमें स्प्रिंकलर भी लगा रहता है। अगर वाहन वातानुकूलित नहीं था तो उसमे ठंडी जगह रहने वाले हिमालयन भालू क्यों लाया गया? दोनों भालू जब नागालैंड से निकले थे तो वहां के डॉक्टर ने स्वास्थ प्रमाण पत्र दिया था जिसमें बताया था कि भालू स्वस्थ है उसे कोई स्पर्शजन्य-रोग और संक्रामक रोग नहीं है वो ट्रांसपोर्टेशन के लिए फिट है।

### गाड़ियों में लगे हैं सीसीटीवी

सिंघवी ने कहा कि एक मिनिट में तो गर्मी लगने से भालू की मौत नहीं हुई होगी, उसकी तबियत धीरे-धीरे खराब हुई होगी। छत्तीसगढ़ वन विभाग के वन प्राणियों को लाने ले जाने वाले वाहनों में सीसीटीवी लगे हुए हैं। जिसका लिंक सामने वाहन चला रहे ड्राइवर, डॉक्टर, उच्च अधिकारियों सहित प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वनप्राणी) तक को दिया जाता रहा है क्या किसी को भी नहीं दिखा कि भालू की तबियत खराब हो रही है।

### क्या डॉक्टर गाड़ी के साथ नहीं था?

सिंघवी ने कहा कि रास्ते का एक वीडियो बताता है कि चेकिंग के दौरान अधिकारी स्तर का डॉक्टर वहां नहीं था। वाहन को ढाई मिनिट में ही आगे जाने दिया गया था। सिंघवी ने मांग की कि बताया जाये कि डॉक्टर कहां थे? उनकी गाडी साथ साथ चल रही थी कि नहीं इस बात की जांच टोल नाके में लगे सीसीटीवी से की जानी चाहिए।

# वागीशा एवं आंचल ने प्राप्त किया उत्कृष्ट पायदान

# सरयू साहित्य द्वारा यज्ञस्थल मे प्रतिभा का सम्मान

## बीएड परीक्षा मे प्रावीण्य स्थान प्राप्त करने पर अभिनंदन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

अनुष्ठान आयोजन एवं आंदोलन की त्रिवेणी अपने मे समाहित किए हुए नगर की रचनात्मक संस्था द्वारा समय समय पर विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज उपयोगी संदेश प्रसारित किया जाता है, इसी कड़ी मे परिषद द्वारा 16 अप्रैल 2023 से प्रत्येक रविवार को यज्ञस्थल मे आयोजित होने वाले मानस गान आख्यान के अनुष्ठान कड़ी के बीच सम्मान अभिनंदन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गयी है।

### यज्ञ स्थल में हुआ आयोजन

सरयू साहित्य परिषद द्वारा प्रत्येक रविवार को संध्या चार बजे यज्ञशाला मे मानस गान आख्यान का आयोजन विगत दो वर्षो से निरंतर जारी है। उपरोक्त अनुष्ठान प्रक्रिया के साथ अभिनंदन सम्मान की कड़ी भी जुड़ती हुई प्रतीत हो रही है, जिसके तहत प्रारंभ आस्था की जीवटता के अभिनंदन के रुप मे हुआ, वहीं अब अगली कड़ी के रुप मे उपलब्धि का सम्मान के तहत गौरव सम्मान के रुप मे गरिमामय अभिनंदन सम्मान का आयोजन हनुमान लला के पूजन अर्चन तथा मानस पठन आख्यान के उपरांत संपन्न हुआ।

### प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान

शिक्षकीय कौशल उन्नयन की शिक्षा बीएड शिक्षा की परीक्षा मे प्रावीण्य सूची मे गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री उषा शास्त्री की दोनों सुपुत्रियों वागीशा मिश्रा एवं आंचल मिश्रा द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रावीण्य सूची मे क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि का आयाम स्थापित किया गया, कमलाकांत इंस्टीट्यूट मे अध्ययन रत इन बालिकाओं के गौरवपूर्ण उपलब्धि का अभिनंदन करते हुए सरयू साहित्य परिषद द्वारा दोनों प्रतिभाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया।

### आशीर्वचन एवं उदबोधन की कड़ी

सम्मान की कड़ी संपन्न होने के उपरांत उदबोधन की कड़ी मे यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रतिभाओं का अभिनंदन किया गया, सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा बालिकाओं के ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष जाहिर करते हुए उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी, मुकेश शर्मा द्वारा भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए निरंतर सफलता की ओर अग्रसर होने की शुभकामनाएं दी गयी। सुषमा मिश्रा द्वारा बेटियों की उपलब्धि पर अत्यंत भावुकता के साथ अपने भाव व्यक्त किया गया एवं हर्ष के साथ इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी गयी।

### प्रतिभाओं ने व्यक्त किए आत्मकथन

आत्मकथन अभिव्यक्ति की कड़ी मे वागीशा मिश्रा द्वारा अभिनंदन आयोजन की सराहना करते हुए सरयू साहित्य के इस आयोजन को प्रोत्साहन के अहम कड़ी के रुप मे निरूपित किया गया,आंचल मिश्रा द्वारा सफलता के लिए आवश्यक बिन्दुओ तथा उपलब्धि मे माता पिता परिवार की अहम भूमिका सहित संस्कार जैसे पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया,आयोजन को सफल बनाने मे उषा मिश्रा, सरिता रानी शर्मा, माही शर्मा, पोषिता मिश्रा, दिनेश शर्मा आदि की अहम भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ टूरिज़्म द्वारा प्रस्तुत पहली एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप की शुरुआत 25 फरवरी से

## छत्तीसगढ़ में अपने पहले आयोजन के साथ पीजीटीआई ने नए क्षेत्र में प्रवेश किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




टाटा स्टील प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई), साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) और छत्तीसगढ़ सरकार ने संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ टूरिज़्म द्वारा प्रस्तुत पहली एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप शुरू किए जाने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ में यह पीजीटीआई की पहली ईवेंट है, जिसमें 1 करोड़ रुपये का पुरस्कार वितरित किया जा रहा है। यह ईवेंट 25 फरवरी से 28 फरवरी, 2025 के बीच नया रायपुर के मैग्निफिसेंट फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट में आयोजित हो रही है। एसईसीएल इस ईवेंट का टाइटल पार्टनर है। छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड प्रेज़ेंटिंग पार्टनर है तथा छत्तीसगढ़ हर्बल्स, एनएमडीसी, एनआरडीए एवं पर्पल गोट एसोसिएट स्पॉन्सर हैं। ईवेंट का मेजबान स्थल फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट, नया रायपुर है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री, अरुण साव भी छत्तीसगढ़ टूरिज़्म द्वारा राज्य की पहली प्रोफेशनल गोल्फ ईवेंट, एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में इस आयोजन के महत्व के बारे में उन्होंने कहा, ''मुझे पीजीटीआई के सहयोग से छत्तीसगढ़ में पहली प्रोफेशनल गोल्फ ईवेंट के आयोजन की खुशी है। पहली छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप राज्य को गोल्फ के लिए एक आकर्षक स्थान के रूप में स्थापित करेगी। इससे अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ बिरादरी में राज्य की स्थिति मजबूत होगी। इस ईवेंट में न केवल भारत, बल्कि विदेशों से भी दिग्गज खिलाड़ी छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इससे राज्य में गोल्फ के खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और ऊँचा लक्ष्य बनाने की प्रेरणा मिलेगी।'' यह चैंपियनशिप खेल के विकास और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए अवसरों का निर्माण करने की अरुण साव की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, ताकि ये खिलाड़ी विकास कर सकें और बड़े खेलों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन स्थल के रूप में छत्तीसगढ़ की क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। पीजीटीआई के प्रेसिडेंट, कपिल देव ने कहा, ''पीजीटीआई में हम पहली बार छत्तीसगढ़ आकर नए क्षेत्रों की खोज करने के लिए उत्साहित हैं। इससे देश में पीजीटीआई का विस्तार होगा। यह हमारे भारतीय खिलाड़ियों के लिए खेल के सर्वाधिक अवसरों का निर्माण करने के पीजीटीआई के उद्देश्य के अनुरूप है। हम इस कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार, एसईसीएल, छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड, फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिज़ॉर्ट एवं अन्य सभी ईवेंट पार्टनर्स के आभारी हैं। देश में प्रोफेशनल गोल्फ का विकास करने के हमारे उद्देश्य में उनके योगदान की हम सराहना करते हैं।'' बिरांची दास, डायरेक्टर (पर्सनल), साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), बिलासपुर ने एसईसीएल छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के साथ एसईसीएल के सहयोग पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इस खेल और क्षेत्रीय विकास की ओर संगठन की प्रतिबद्धता पर बल दिया। दास ने कहा, एसईसीएल को छत्तीसगढ़ में पहले प्रोफेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में सहयोग देने पर गर्व है। यह एक लैंडमार्क ईवेंट है, जिससे न केवल राज्य में खेल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवा एथलीट्स को अपने कौशल को निखारने की प्रेरणा भी मिलेगी। हम इस उद्योग के दायरे से ऊँचा लक्ष्य रखते हैं। हम इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास में योगदान देना चाहते हैं। इस उद्देश्य को पूरा करने में खेल की अहम भूमिका है। हम इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि इससे भविष्य में ऐसे अनेक आयोजनों का रास्ता तैयार होगा।

# 7 जिला पंचायत सदस्यों के लिए हुए चुनाव में 6 भाजपा एक निर्दलीय जीतने की चर्चा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला के बचत सात जिला पंचायत सदस्यों के लिए हुए चुनाव में 6 भारतीय जनता पार्टी एवं एक निर्दलीय उम्मीदवार जीतने की चर्चा जिला मुख्यालय में हो रही है सभी संभावित जीतने वाले प्रत्याशियों के द्वारा अपनी जीत के दावा किया जा रहा है। लगभग सभी सातों जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए चुनाव क्षेत्र पर तस्वीर स्पष्ट दिख रहा है लेकिन जब तक के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अधिकृत रूप से निर्वाचित घोषित नहीं किया जाता दावा प्रति दावा की स्थिति जारी रहेगा। यही स्थिति बनी रहेगी। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में बेरला जनपद पंचायत क्षेत्र एवं साजा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में पंच सरपंच जनपद पंचायत सदस्य एवं 7 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान सुबह 7:00 से दोपहर 3:00 बजे तक हुआ उसके बाद कुछ अंतराल के बाद फिर मतगणना शुरू हुई, जिसमें सबसे पहले पंच फिर सरपंच जनपद पंचायत सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्यों मतों की गणना किया गया है चूंकि जिला पंचायत सदस्यों का क्षेत्र बहुत विस्तृत है इस संबंध में बताया जाता है कि लगभग 70 से लेकर 80 मतदान केंद्र एक जिला पंचायत क्षेत्र में आता है और सबसे आखरी में जिला पंचायत सदस्यों की मतों की गणना हुई है जो देर रात चला इस कारण सातों जिला पंचायत क्षेत्र के संभावित जीतने वाले प्रत्याशी अपने-अपने आंकड़े को लेकर दावा और प्रति दावा किया जा रहा है इसमें तो यह भी बताया जा रहा है कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 मे भाजपा के कल्पना योगेश तिवारी लगभग 21 हजार वोट से जीत रहे हैं वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से देवी परमेश्वर वर्मा भाजपा क्षेत्र क्रमांक 9 से प्रीति गोवेंद्र पटेल भाजपा क्षेत्र क्रमांक 10 से अनिल वर्मा निर्दलीय क्षेत्र क्रमांक 11 से खुशबू गोविंद वर्मा भाजपा क्षेत्र क्रमांक 12 से अंजनी प्रीतम चंदेल भाजपा क्षेत्र क्रमांक 13 से राहुल टिकारिहा भाजपा क्षेत्र क्रमांक से 14 से कल्पना योगेश तिवारी भाजपा से चुनाव जीत चुके हैं यह सब संबंधित प्रत्याशी तथा क्षेत्र में चल रही चर्चा के आधार पर नाम दिया जा रहा है विधिवत अधिकृत रूप से निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए जाने वाले प्रमाण पत्र ही प्रत्याशी को जीत माना जाता है अधिकृत रूप से इन किसी का नाम अभी तक के नहीं घोषित किया गया है इसलिए जब तक की निर्वाचन अधिकारी के द्वारा ऐसे अधिकृत घोषित नहीं किया जाएगा तब तक के पूर्ण रुप से जीत की बात नहीं किया जा सकता लेकिन एक बात जरूर है कि जो स्थिति वर्तमान में आ रही है उसके हिसाब से बेमेतरा जिला के दोनों विकासखंड साजा तथा बेरला में कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब हो गई है और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी की ज्यादातर जीत हासिल हुई है। जबकि इसके पहले बीते 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जिला पंचायत के सात सदस्य के चुनाव हुआ था जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से अंजली नंदकुमार गंधर्व निर्दलीय क्षेत्र क्रमांक 2 से हरीश पंचु साहू कांग्रेस क्षेत्र क्रमांक 3 से बालकुमारी ध्रुव कांग्रेस क्षेत्र क्रमांक 4 से शशिप्रभा गायकवाड़ कांग्रेस क्षेत्र क्रमांक 5 से अंजू बघेल भाजपा एवं क्षेत्र क्रमांक 6 से सुशील जोशी निर्दलीय 7 से मधु राय विजयी घोषित किए गए हैं।

# मोंहरेंगा में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा में शिक्षासत्र 2024--25 में अध्ययनरत कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को उनके जूनियर कक्षा ग्यारहवीं के समस्त विद्यार्थियों द्वारा विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सँस्था के प्रभारी प्राचार्य शिवबसँत टँडन, वरिष्ठ व्याख्याता अंजू बारमते, देवकुमारी साहू, श्वेता निर्मल, सेवानिवृत व्याख्याता व साहित्यकार डॉ गोकुल बँजारे चँदन तथा स्वयं सेवी शिक्षिका हेमा पाटिल उपस्थित रहे, इस अवसर पर प्राचार्य टँडन द्वारा विद्यार्थियों को सँबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक परीक्षा में अच्छे अँक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन करें, परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई, वहीं डॉ गोकुल बँजारे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन श्रेष्ठ जीवन है, विद्यार्थी अपने गुरुवों द्वारा प्राप्त शिक्षा,ज्ञान व नैतिक शिक्षा का सदैव पालन करते हुए व्यक्तित्व विकास कर अपने भविष्य को रौशन करें, उपस्थित व्याख्याताओं द्वारा अच्छे अँक प्राप्त करने के लिए उचित मार्गदर्शन दिये गए। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजनात्मक गेम का भी आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अँत में स्वल्पाहार कराया गया, व कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर ससम्मान बिदाई दी गयी। कार्यक्रम का सँचालन दिव्या साहू कक्षा ग्यारहवीं ने की। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

# 27 फरवरी तक बिजली 24 घंटे नहीं मिलने पर किसान करेंगे चक्का जाम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बिजली देने की आपूर्ति नहीं होने से 22 गांव के किसानों ने परेशान हो कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर बेमेतरा को इस संबंध में लिखित रूप से ग्राम घठोली, घनेली पौसरी, मोहरेंगा पुरान, उसलापुर तुमा, आन्दु जोगपुर रउरपुर अर्जुनी खैरझिटी, बगौद नायापार बालसमुंद मुनरबोड, सहित 22 ग्रामों के किसान के तरफ़से बताया गया है कि ग्राम सोनपुरी वालो से 100 बोर को बस्ती (गांव घर) लाईन में जोड़कर बिजली विभाग द्वारा हर बोर पिछे 5000 5000 रूपये ले कर 24 घण्टे बिजली दे रहा है। वहीं हरियाणा बारी वालो तालाब वालो झिरिया उसलापुर पुरन सोनपुरी हजारी एकड़ में 26 घण्टा बिजली दे रहे है एंव नदी से पानी खीच रहे है। सब स्टेसन अर्जुन में आप के द्वारा अगले वर्ष दिलाये गये टान्सफार्मर को विभाग द्वारा दुसरे जगह देने के कारण दो माह से दो चार घण्टा ही तथा कई दिनों तक बिजली बन्द रहता है जबकि पुरुष नायापार के खेत के पास ट्रांसफार्मर लाईन पांच दिन से टूटा पड़ा है जिससे किसानों का धान फसल नष्ट होने के कगार पर है। 24 घण्टे के अन्दर बिजली 24 घण्टा दे नहीं देने पर 27 फरवरी दिन गुरुवार से घड़ी चौक बेमेतरा में ग्रामवात्ती चठोली, धनेली पौसरी, मोहरेंगा पुरान, उसलापुर तुमा, आन्दु जोगपुर खैरी रउरपुर अर्जुनी खैरझिटी बगौद नायापार, बालसमुद मुनरबोड, आदि 22 ग्रामों के किसान चक्का जाम करके जेल जायेगे तथा दूसरे दिन सम्पूर्ण परिवार आकर के घड़ी चौक से सीधा जेल जायेगे। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में हस्ताक्षर कमलेश द्वारिका जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभात गायकवाड़ कमलेश सेन आदि का शामिल हैं।

### सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी

गरियाबंद। सखी वन स्टॉप सेंटर गरियाबंद में दैनिक कार्यों के संचालन हेतु पैरा लीगल कार्मिक - वकील 01 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक 01 पद एवं सुरक्षा गार्ड - नाईट गार्ड 03 पद सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है। उक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदनों के पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों से 10 फरवरी 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। उक्त प्राप्त कुल 07 दावा आपत्ति आवेदनों का चयन समिति के द्वारा निराकरण किया गया है। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् चयन समिति के द्वारा अंतिम पात्र - अपात्र सूची एवं वॉक इन इन्टरयू कौशल परीक्षा हेतु सूची तैयार की गई है।

# जीवन में शांति और आनंद संभव है-प्रेम रावत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व शांति दूत प्रेम रावत ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित कन्वेंशन सेंटर में एक विशाल जनसमूह को संबोधित किया। उनको सुनने के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा झारखण्ड, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों से बड़ी संख्या में श्रोता आये थे।

प्रेम रावत ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में कहा कि रायपुर का यह कार्यक्रम सुनने और समझने का एक बहुत सुंदर अवसर है। उन्होंने समझाया कि संसार का हर व्यक्ति-चाहे वह कोई भी हो, कहीं भी रहता हो, वह तीन कानूनों से बंधा हुआ है



एक दिन हम इस संसार में आये थे, अभी हम जीवित हैं और एक दिन हमें इस संसार से जाना होगा।

उन्होंने आगे समझाया कि एक गंगा प्रयागराज में स्थित है, जहाँ पहुँचने के लिए सबको वहाँ तक जाना पड़ता है। लेकिन एक गंगा ऐसी भी है, जो हमारे अंदर की गंगा है। इस अंदर की गंगा में डुबकी लगाने के लिए, हमें कहीं जाने की जरूरत नहीं है, सिर्फ अपने अंदर जाने की जरूरत है।

प्रेम रावत ने कहा कि हमारे सामने दो रास्ते होते हैं पहला श्रेय- जो सही है उसे चुनना। और दूसरा प्रेय जो अच्छा लगे उसे चुनना। उन्होंने समझाया कि मनुष्य सही क्या है उसे नहीं चुनता। वह उस रास्ते को चुनता है जो उसे पसंद आता है, फिर चाहे वह सही न भी हो और इस लिए संसार की यह हालत हो गयी है।

उन्होंने मनुष्य जीवन में स्वाँस के महत्व को समझाते हुए कहा कि 'यह जो स्वाँस आ रहा है, जा रहा है, यह भगवान की कृपा है। और जब तक यह आ रहा है, जा रहा है तुम जीवित हो। तुम इस बात का निर्णय ले सकते हो कि तुम्हारी जिंदगी में क्या होना चाहिए। जब तक तुम जीवित हो अपने जीवन में यह निर्णय ले सकते हो कि मैं उस आनंद का अनुभव करना चाहता हूँ, जो मेरे अंदर है। अगर तुमने यह निर्णय ले लिया कि तुम उस आनंद का अनुभव करना चाहते हो, तब मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूँ।'

उन्होंने अपने सम्बोधन के अंत में कहा कि ''इस जीवन में जो भी होता है, वह तुम्हारी मर्जी से होता है। इसलिए जो कुछ भी करो, सोच समझ कर करो। तुम अपना जीवन आनंद से भर सकते हो। सबके अंदर वह शांति और आनंद है जिसका सब अनुभव कर सकते हैं।''



**प्रेम रावत**
एक अंतरराष्ट्रीय वक्ता, न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक, एजुकेटर और ग्लोबल पीस एंबेसडर

## कौन हैं प्रेम रावत

1970 के दशक में एक बाल प्रतिभा और युवा आइकन के रूप में शुरुआत करने वाले प्रेम रावत ने लोगों को स्पष्टता, प्रेरणा और जीवन के प्रति गहरी समझ दी है।

एक विश्व शांतिदूत की भूमिका के रूप में उन्होंने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। आज उनका संदेश 110 से अधिक देशों में सुना जाता है, जहाँ वे हर व्यक्ति को आशा और शांति का संदेश देकर आंतरिक सुख और शांति का व्यावहारिक मार्ग दिखा रहे हैं।

उनके कार्यों को दुनिया भर में सराहना मिली है, जिसमें (1) एक लेखक के पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सबसे अधिक श्रोताओं की उपस्थिति दर्ज करने के लिए (114,704 लोग 'स्वयं की आवाज' के पढ़ने में) और (2) एक सम्बोधन में सबसे बड़ी दर्शकों की संख्या (375,603 लोग) के लिए दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं। ये दोनों रिकॉर्ड 2023 में स्थापित किए गए। उन्हें 20 से अधिक प्रमुख शहरों की सम्मान चाबियां और कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें 2012 का प्रतिष्ठित 'एशिया पैसिफिक ब्रांड लॉरिएट लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' शामिल है। इससे पहले यह अवॉर्ड नोबेल पीस प्राइज विजेता नेल्सन मंडेला और स्टीव जॉब्स को प्रदान किया गया है।

एक लेखक होने के अलावा, प्रेम रावत 'द प्रेम रावत फाउंडेशन' (IPRF) के संस्थापक भी हैं। यह संस्था भोजन, पानी और शांति जैसी बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करती है। इसकी 'जन भोजन' पहल भारत, नेपाल, घाना और दक्षिण अफ्रीका में प्रतिदिन जरूरतमंद बच्चों और बीमार वयस्कों को पौष्टिक भोजन प्रदान करती है। उनके व्याख्यानों पर आधारित 'पीस एजुकेशन प्रोग्राम' 1,400 से अधिक शैक्षिक एवं अन्य संस्थानों में दिखाया जाता है, जिससे 5 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है। यह कार्यक्रम 1,000 से अधिक जेलों में भी चल रहा है, जिसके प्रभाव से कैदियों में दोबारा अपराध करने की संभावना कम पायी गई है।

वर्ष 2023 में प्रेम रावत ने टीवी, प्रिंट और रेडियो सहित विभिन्न मीडिया माध्यमों से 91.6 करोड़ लोगों तक अपना संदेश पहुँचाया। उनका पॉडकास्ट चैनल ' लाइफ एसेंशियल्स (Life's Essentials)' 110 से अधिक देशों में सुना जाता है। उनकी किताबें 'स्वयं की आवाज़' और ' शांति संभव है (Peace is Possible)' दुनिया भर में सराही गई हैं। प्रेम रावत केवल एक वक्ता या लेखक ही नहीं, बल्कि एक आविष्कारक, संगीतकार, कलाकार, फोटोग्राफर और कुशल जेट व हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं, जिनके पास 15,000 घंटे के उड़ान समय का अनुभव है। वे विवाहित हैं और उनके चार बच्चे और चार पोते-पोतियाँ हैं।

प्रेम रावत के कार्यों को सरकारों, गैर-लाभकारी संगठनों, व्यापारिक संस्थानों और दुनिया भर के नागरिक संगठनों द्वारा स्वीकार किया गया है। उन्होंने ब्रिटेन से लेकर न्यूज़ीलैंड तक की संसदों में और हार्वर्ड व ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में व्याख्यान दिए हैं। 2011 में, प्रेम रावत यूरोपीय संघ (EU) के एक विशेष कार्य म के मुख्य वक्ता थे, जहाँ उन्होंने 'शांति की प्रतिज्ञा (Pledge to Peace)' पर हस्ताक्षर किये और उन्हें इसका एंबेसडर घोषित किया गया।

# श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में मेडिकल इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में मेडिकल इंडस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में एआई की भूमिका, नवीनतम तकनीकों और उनके प्रभावों पर चर्चा करना था। कार्यशाला का नेतृत्व एआई विशेषज्ञ ओम प्रकाश त्रिपाठी ने किया, जिन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से मेडिकल फील्ड में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने समझाया कि कैसे एआई के उपयोग से रोगों का त्वरित एवं सटीक निदान संभव हो रहा है, जिससे चिकित्सा सेवाएं अधिक प्रभावी और उन्नत हो रही हैं। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन कुंडम गेडाम एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मेडिकल छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान एआई टूल्स की सहायता से किया।



**छात्रों ने पूछे अपने सवाल, चैटजीपीटी के उत्तरों से हुए प्रभावित** - कार्यशाला की खास बात यह रही कि छात्रों ने खुद अपनी क्वेरी के माध्यम से चैटजीपीटी से सवाल पूछे और उसके उत्तरों से प्रभावित हुए। छात्रों ने अपने कोर्स से संबंधित प्रश्नों के साथ-साथ स्ट्रेस मैनेजमेंट से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका जवाब चैटजीपीटी ने अत्यंत सहज और सटीक तरीके से दिया। इससे छात्रों को यह समझने का अवसर मिला कि कैसे एआई टूल्स उनकी पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य में सहायक हो सकते हैं।

**एआई टूल्स की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई** - चैटजीपीटी के अलावा, कार्यशाला में 20 अन्य एआई टूल्स के उपयोग और उनकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी गई। इनमें मेडिकल रिसर्च, डायग्नोसिस, हेल्थकेयर ऑटोमेशन और मेडिकल डेटा एनालिसिस में मदद करने वाले उन्नत टूल्स शामिल थे।

**भविष्य में भी होंगे ऐसे इनोवेटिव कार्यक्रम** - कॉलेज प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्र नवीनतम तकनीकों से परिचित हो सकें और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और ढ्ढ के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

# आयुष शर्मा ने यूजीसी नेट में 94 प्रतिशत अंक पाकर सफलता अर्जित की

**रायपुर।** आयुष राज शर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का अद्भुत परिचय दिया है। उनका रविशंकर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची एलएलएम में आठवां स्थान प्राप्त करना भी प्रशंसा योग्य उपलब्धि है। परिवार के इस गौरवपूर्ण अवसर पर छोटे भाई प्रत्यूष राज शर्मा की बधाई, पिता धीरेंद्र कुमार शर्मा और माता विभा शर्मा की सराहना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विभा शर्मा, जो होली क्रॉस बैरन बाजार में पिछले 16 वर्षों से विज्ञान की अध्यापिका हैं, ने निश्चित रूप से अपने बेटे को प्रेरित किया होगा। यह उपलब्धि माता-पिता, गुरुजनों और समाज के प्रबुद्ध जनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन का भी परिणाम है। ईश्वर उन्हें निरंतर सफलता प्रदान करें।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन रायपुर में सैकड़ों विद्यार्थी एवं शिक्षक हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूली बच्चों में विज्ञान अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाने, विज्ञान के प्रचार प्रसार करने, नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर जिलास्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के सौजन्य से प्यारे लाल यादव हिंदू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में किया गया। कार्यक्रम रायपुर जिलाशिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुई। डीईओ ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को मोटिवेट करते हुए डॉ सीवी रमन के द्वारा उनके खोज रमन इफेक्ट के कारण नोबेल पुरस्कार तक के सफर को संक्षिप्त में बताए एवं बच्चों को निरंतर नए-नए सोच को स्वयं करके देखने, परखने की बात कही। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ रागिनी पाण्डेय विभागाध्यक्ष भौतिकी दु बा कॉलेज रायपुर



उपस्थित रही, जो कि शिक्षकों के लिए विशेष व्याख्यान में कहा कि भौतिकी हमारे दैनिक जीवन का अहम हिस्सा है। हम बिना विज्ञान के कोई काम नहीं कर सकते है। वैज्ञानिको के द्वारा किए गए अनुसंधान के बारे में हमारे वेदों से लेकर अनेक धर्म ग्रंथों में कई जगह वर्णन मिलते है। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्राचार्य दोन्देकला रूचि सोनी, प्राचार्य नीलिमा शर्मा रविशंकर परिसर हा से विद्यालय रायपुर, प्राचार्य पुरेना रायपुर मंजरी जैन, प्राचार्य मठपारा रीना पाण्डेय, प्राचार्य देशमुख हिन्दू हा.से. विद्यालय रायपुर, के एस पटले, डीएमसी समग्र शिक्षा रायपुर, इंदिरा गांधी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान क्विज, पोस्टर, मॉडल एवं शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विधाओं में 106 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं 65 शिक्षकों ने कार्यशाला में भाग लिया। चयनित प्रतिभागी हाईस्कूल मॉडल में प्रथम रूपल राठी पीएमश्री तिल्दा नेवरा, द्वितीय मानसी पटेल पीएमश्री सेजेस खोरपा, तृतीय नंदिनी यादव शास हा से स्कूल बोरियाखुर्द, हायर सेकंडरी मॉडल में प्रथम सादिया सुल्ताना शहीद स्मारक रायपुर, द्वितीय जैस अहमद बी पी पुजारी रायपुर, तृतीय मुस्कान पटेल जे आर दानी रायपुर रहे।

पोस्टर हाई स्कूल में प्रथम

# इलेक्रामा 2025 ने भारत के विद्युत उपकरण उद्योग को वैश्विक निर्यातक बनाने की ओर बढ़ाया बड़ा कदम

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्रामा 2025 भारत के ऊर्जा और विद्युत क्षेत्र के भविष्य को दिशा देने वाला प्रमुख मंच बना हुआ है। यहां उद्योग जगत, नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों के बीच रणनीतिक चर्चाएं हो रही हैं, जिससे नई नीतियों और नवाचारों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। इस मंच पर उद्योग सहयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर सके। इलेक्रामा 2025 के पहले दिन आयोजित सीईओ राउंडटेबल ने ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य पर एक महत्वपूर्ण संवाद की नींव रखी। इस सत्र में 120 से अधिक उद्योग जगत के दिग्गजों, नीति निर्धारकों और वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया और ऊर्जा रूपांतरण, स्मार्ट ग्रिड, स्वच्छ गतिशीलता (क्लीन मोबिलिटी) और एआई-संचालित विद्युत प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। इन चर्चाओं ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत अपनी ऊर्जा अवसंरचना (पावर इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और नेट-ज़ीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उद्योग और सरकार के बीच रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ा रहा है। इसी गति को बनाए रखते हुए, इलेक्रामा 2025 के दूसरे दिन मंच पर पंकज अग्रवाल, सचिव, विद्युत मंत्रालय, और गुरदीप सिंह, सीएमडी, एनटीपीसी की उपस्थिति रही। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सरकार भारत की ऊर्जा क्रांति को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पंकज अग्रवाल, सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, ने इलेक्रामा 2025 में उच्चस्तरीय चर्चाओं में भाग लिया। उन्होंने सीईओ राउंडटेबल में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने तकनीक-संचालित, सशक्त और सतत ऊर्जा क्षेत्र के लिए सरकार की दूरदृष्टि पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। भारत के बदलते ऊर्जा परिदृश्य पर बात करते हुए, पंकज अग्रवाल ने कहा, भारत वैश्विक स्तर पर विद्युत उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# भारत में अमेजन प्राइम सदस्यों को 2024 में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड मिली


पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

2024 में, भारत में प्राइम सदस्यों ने तेज़ और मुफ्त डिलीवरी पर औसतन 3300 रुपये से ज्यादा की बचत की, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी अधिक है। हर साल, अमेज़न ग्राहक सिर्फ प्राइम सदस्यता लेकर बड़ी बचत कर रहे हैं। 2024 में, प्राइम सदस्यों को अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी मिली और उन्होंने पहले से कहीं अधिक बचत की। 2024 में अमेजन इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अब तक की सबसे तेज डिलीवरी की और 41 करोड़ से ज्यादा आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिला। सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर पिछले साल औसतन 3300 रुपये से अधिक की बचत भी की है, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी ज्यादा है। दुनियाभर में, अमेजन प्राइम ने पिछले साल 9 अरब से ज्यादा उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए और प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर करीब 95 अरब डॉलर की बचत की है। स्पीड और विशाल चयन ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसे समझते हुए अमेजन ने लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी क्षमताओं में लगातार इन्वेस्ट किया है। सबसे बड़ा उत्पाद चयन सबसे तेज स्पीड से डिलीवर करने के लिए, अमेजन प्राइम ने 2024 में सेम-डे/नेक्स्ट-डे डिलीवरी के तहत सेवा वाले पिन कोड की संख्या 11% से अधिक बढ़ा दी, जिससे भारत के विभिन्न शहरों और कस्बों में और भी ज्यादा ग्राहकों को प्राइम सुविधाओं का लाभ मिलने लगा। आज, प्राइम सदस्यों को 10 लाख से ज्यादा आइटम्स पर मुफ्त, अनलिमिटेड सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से अधिक आइटम्स पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी अमेजन.इन पर मिल रही है। यही नहीं, सब-सेम डे डिलीवरी के तहत, प्राइम सदस्यों को अमेजन.इन पर 20,000 से अधिक बेस्टसेलिंग आइटम्स सिर्फ 4 घंटे में डिलीवरी के लिए उपलब्ध हैं। अमेजन प्राइम, स्पीड एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, इंडिया के डायरेक्टर एंड हेड अक्षय साही ने कहा, हमारे ग्राहक ही हमारे हर पहल का केंद्र हैं, और यह जानकर हमें बेहद गर्व और खुशी होती है कि हमने न सिर्फ अमेज़न पर उनकी खरीदारी को तेज़ डिलीवरी स्पीड के साथ बेहतर बनाया, बल्कि उन्हें बचत करने में भी मदद की है। हम प्राइम अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारे मेम्बर्स अपनी जरूरत की चीजें सही समय पर प्राप्त कर सकें और शॉपिंग, एंटरटेनमेंट समेत कई अन्य लाभों का आनंद ले सकें।

# कॉमेडके/यूनिगेज यूजीईटी 2025 की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीख घोषित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछले पांच दशकों में, कर्नाटक ने हायर एजुकेशन में अपने आप को हमेशा आगे रखा है, जिसने देश के सभी कोनों से बड़े बड़े सपने देखने वाले इंजीनियरों को आकर्षित किया है। राज्य में कई अच्छे कॉलेज हैं, जहां अलग-अलग तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। यहां के छात्रों को अच्छी नौकरियां भी मिलती हैं। इस स्ट्रोंग एजुकेशन सिस्टम की वजह से स्किल्ड लोग तैयार हो रहे हैं, जो देश और विदेश में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। कॉमेडके यूजीइटी / यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा शनिवार, 10 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कर्नाटक के 150 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट और सेल्फ-फंडेड यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होती है। इसे कुपेका और यूनिगेज से जुड़े संस्थानों में बी.ई/बी.टेक में एडमिशन के लिए आयोजित किया जाता है। यह ऑनलाइन परीक्षा भारत के 200 से ज्यादा शहरों में 400 से अधिक सेंटर पर होगी। इसमें 1,20,000 से ज्यादा छात्र शामिल हो सकते हैं। देशभर के छात्र इस





परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्र 3 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 2022 में, कॉमेडके ने छात्रों की स्किल्स को सुधारने के लिए कई कोर्स प्रदान करके छात्रों को वर्कफोर्स के लिए तैयार करने के लिए 8 कॉमेडके केर्स इनोवेशन हब पेश किए। कॉमेडके के अब कर्नाटक में 10 इनोवेशन हब हैं, जिनमें से 4 बेंगलुरु में और बाकी मैसूरु, कलबुर्गी, मैंगलोर, बेलगाम, तुमकुरु और हुबली में हैं। ये सेंटर 5,000 स्क्वायर फुट में फैले हैं और लकड़ी के रूटिंग, रैपिड प्रोटोटाइप, लेजर कटिंग, 3 डी प्रिंटर, एआर/वीआर टेकनीक आदि सहित मॉडर्न टूल्स से लैस हैं। इनोवेशन हब मॉडर्न सेक्टर जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआईएमएल), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग (आईडीटी), कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा, कॉमेडके का मानना है कि किसी छात्र की योग्यता ही उसकी शिक्षा का आधार होनी चाहिए। कॉमेडके यूजीइटी परीक्षा फेयरनेस, ट्रांसपेरेंसी और ऑपर्च्यूनिटी देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस प्लेटफॉर्म से 150 से ज्यादा बेहतरीन कॉलेज छात्रों को प्रवेश देते हैं, और हम युवा प्रतिभाओं को अच्छी शिक्षा से जोड़ने पर गर्व महसूस करते हैं। ईआरए फाउंडेशन के सीईओ पी. मुरलीधर कहते हैं, हम यूनिगेज के जरिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं।

# स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मैट्स यूनिवर्सिटी, अरंग कैंपस, रायपुर में तीन दिवसीय सीएटीआईए वर्कशॉप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसईआईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मैट्स यूनिवर्सिटी, अरंग कैंपस में तीन दिवसीय सीएटीआईए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप अरभट ब्लॉक के स्मार्ट रूम में आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी कौशल से सशक्त बनाना और शैक्षणिक ज्ञान तथा उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करना था। सीएटीआईए एक अग्रणी सीएडी/ सीएएम/सीएई सॉफ्टवेयर है, जो उत्पाद मॉडलिंग, सिमुलेशन और विश्लेषण के लिए व्यापक रूप से इंजीनियरिंग और डिजाइन उद्योग में उपयोग किया जाता है। इस वर्कशॉप के माध्यम से छात्रों को सीएटीआईए के एडवांस्ड डिज़ाइन टूल्स का व्यावहारिक अनुभव और रियल-वर्ल्ड एप्लिकेशन को समझने का अवसर मिला। इस वर्कशॉप का संचालन नरेश केसरीया ने





किया, जो सीएडी/सीएएम/सीएई प्रोजेक्ट्स, डिजाइन इंजीनियरिंग, और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में 28 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव रखते हैं। अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम (के) में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्य कर चुके केसरीया CREO, CATIA Vz, SolidWorks, ANSYS, Mold Flow Analysis, Image Ware, Hypermesh, और Auto Forge जैसे सॉफ्टवेयर में विशेषज्ञता रखते हैं। उनके व्यावहारिक अनुभव और गहन ज्ञान ने छात्रों को सीएटीआईए सॉफ्टवेयर की क्षमता और इसके इंजीनियरिंग डिजाइन में उपयोग को समझने में काफी मदद की। वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र में एमएसईआईटी की निदेशक डॉ. आशा अंभईकर ने छात्रों की उत्साही भागीदारी के लिए बधाई दी और इस तरह के वर्कशॉप्स को छात्रों को उद्योग-उपयुक्त प्रोफेशनल्स के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण बताया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र नायक ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस तरह के तकनीकी सत्रों को पाठ्यक्रम को उद्योग के बदलते मानकों के अनुरूप बनाए रखने के लिए आवश्यक बताया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की आयोजन समिति ने इस वर्कशॉप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण ने छात्रों के लिए एक ऐसा मंच तैयार किया, जहां वे 3डी मॉडलिंग, सिमुलेशन, और ड्राफ्टिंग तकनीकों को सीखते हुए वास्तविक इंजीनियरिंग समस्याओं को हल करने का अनुभव प्राप्त कर सके। इस वर्कशॉप में छात्रों ने मैन्युफैक्चरिंग और प्रोटोटाइपिंग के लिए आवश्यक सटीक इंजीनियरिंग ड्रॉइंग्स तैयार करने की कला को भी सीखा। इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने संकाय, छात्रों और आयोजन समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। मैट्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल प्रियेश पगारिया ने अपने शुभकामनाएं व्यक्त कीं और नवाचार तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के तकनीकी कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का आह्वान किया। मैट्स यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने अपने संदेश में एक समावेशी और सहयोगी कैंपस वातावरण के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जो रचनात्मकता और पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करता है। एमएसईआईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के माध्यम से इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह वर्कशॉप छात्रों को उनके पेशेवर करियर में सफल होने और इंजीनियरिंग उद्योग में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार करती है।

# टाटा.ईवी ने 2 लाख ईवी की बिक्री का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

2 लाख से अधिक ईवी की बिक्री के साथ भारत की ईवी क्रांति के झंडाबरदार और भारतीय ईवी बाज़ार के लीडर, टाटा.ईवी ने इस दमदार पड़ाव का जश्न मनाने की शुरुआत कर दी है, जिसके लिए उसने न केवल ग्राहकों का धन्यवाद किया है, बल्कि अगले 45 दिनों तक कई तरह के सीमित समय के शानदार फायदों को भी पेश किया है, जिनका उद्देश्य न केवल नए ग्राहकों को स्थायी और उत्सर्जन मुक्त इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनो के लिए प्रोत्साहित करना है, बल्कि मौजूदा टाटा मोटर्स के वाहनों के मालिकों और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिकों को नई ईवी में अपग्रेड करने की सहूलियत देना भी है। टाटा.ईवी के 2 लाख से ज़्यादा संतुष्ट ईवी ग्राहकों के कस्टमर बेस ने केवल 5 सालों में सामूहिक रूप से 5 अरब किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय की है, जिससे 7 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है। इस कारण से, जब से यह कैटेगरी प्रभावी रूप से तैयार की गई है, तब से ही कंपनी ने ईवी स्पेस में सबसे ज़्यादा बिकने वाले 4-व्हीलर उत्पादक के रूप में अपने लीडरशिप को मजबूत किया है। 8,000 से ज़्यादा ईवी यूज़र्स ने 1 लाख किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय की है, जिससे टाटा.ईवी का प्रोडक्ट पोर्टफोलियो समझदार ग्राहकों के लिए अपने दमदार वैल्यू प्रपोजिशन को साबित करता है। इसके अलावा, टाटा.ईवी ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों तक ईवी तक को अधिक सुलभ बनाने वाले इकोसिस्टम को विकसित करने की दिशा में सक्रिय रूप से निवेश कर रहा है। इसने हाल ही में 2027 तक 400,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट स्थापित करके भारत के पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को दोगुना करने के प्रयासों की घोषणा की। लगातार नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए और नवाचार, इंफ्रास्ट्रकचर और बाज़ार विकास पर एक अटूट ध्यान देते हुए, टाटा.ईवी मोबिलिटी के भविष्य को आकार दे रहा है और एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल करते हुए भारत की वैश्विक ईवी उम्मीदों पर खरा उतर रहा है।

# एनटीपीसी सीपत द्वारा जिला पुलिस बिलासपुर के सहयोग से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु हेलमेट वितरण अभियान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सीपत
www.dailypioneer.com





एनटीपीसी सीपत द्वारा जिला पुलिस बिलासपुर के सहयोग से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट वितरण अभियान का आयोजन 24.02.2025 को नवाडीह चौक सीपत में यातायात एवं जिला पुलिस विभाग बिलासपुर के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रजनेश सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक बिलासपुर की उपस्थिति तथा विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी सीपत) की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राम गोपाल करियारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने अपने संबोधन में लोगों को हेलमेट पहनने तथा जीवन के महत्व के बारे में बताते हुए देश में हो रही दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी। विजय कृष्ण पाण्डेय , परियोजना प्रमुख ने अपने संबोधन में हेलमेट पहनने को अपनी आदत में शामिल करने का सुझाव देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा स्वयं को ही करनी है। रजनेश सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने भी सभी को संबोधित कर हेलमेट पहनने की अपील की तथा इस बात पर ज़ोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन नहीं चलाएं। उन्होंने एनटीपीसी सीपत प्रबंधन का उच्च गुनवत्ता वाले हेलेमेट उपलब्ध कराने के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात उन्होने सभी को यातायात के प्रति शपथ भी दिलाया। विदित हो कि दिनोंदिन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ते जा रहा है जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके बावजूद ज्यादातर दो पहिया वाहन चालक बिना क्रैश हेलमेट के ही वाहन चलाते है जिससे दुर्घटना होने पर सिर पर गंभीर चोट लगने का डर रहता है और जान भी जाने की संभावना बनी रहती है। इन दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही एनटीपीसी सीपत के द्वारा जिला यातायात एवं पुलिस विभाग बिलासपुर द्वारा हेलमेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में गोपाल सतपति, थाना प्रभारी सीपत थाना ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिव चरण परिहार, डीएसपी यातायात, जय प्रकाश सत्यकाम, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, डॉ. राजीव शंकर खेर, प्राचार्य, शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत, मुगल शर्मा, एसआई, सहेत्तर कुर्रे, एसआई, कमल फूल साहू, शिव सिंह बक्साल, एसआई, धर्मेंद्र यादव एसआई, भरत सिंह मरकाम, एसआई स्थानीय सीपत के स्टॉफ सहित मीडिया बंधु मौजूद रहे।

# मुंगेली में सहायक उप निरीक्षक और उसका सहयोगी रिश्वत लेते पकड़े गए

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली जिले के लालपुर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक और उसका सहयोगी रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथे पकडा। घटना का ग्राम सूरजपुरा जिला मुंगेली निवासी देवेंद्र बर्मन द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो में यह शिकायत की गई थी कि उसके विरुद्ध थाना लालपुर जिला मुंगेली में अपराध क्रमांक 174/24 दर्ज है।उक्त मामले में बड़ी धारा जुड़ने से बचाने के लिए थाने के सहायक उप निरीक्षक राजाराम साहू द्वारा 15000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है।शिकायत का सत्यापन कराए जाने के दौरान आरोपी द्वारा 5000 रुपए प्रार्थी से प्राप्त कर लिया गया तथा शेष 10000 रुपए लेने हेतु सहमति दी गई जिसके आधार पर कार्यवाही की योजना बनाई जाकर एसीबी की टीम द्वारा 24 .2 2025 को आरोपी राजाराम साहू को रिश्वती रकम 10000 देने हेतु प्रार्थी को रिश्वती रकम सहित भेजा गया था जो प्रार्थी द्वारा आरोपी से बात करने पर उसके द्वारा पैसे को नजदीक में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले प्रेमसागर जांगड़े को देने को कहा जिस पर प्रार्थी द्वारा प्रेमसागर जांगड़े को रिश्वती रकम दिए जाने पर पहले से घेराबंदी में लगी हुई एसीबी की टीम ने राजाराम साहू और जांगड़े को पकड़ लिया ।आरोपिया के विरुद्ध एसीबी के द्वारा धारा 7, 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व ही मुंगेली में शिक्षा विभाग के दो और राजस्व विभाग के 2 अधिकारियों को विभिन्न काम के एवज में बड़ी राशि रिश्वत में लेते हुए पकड़ा गया है। एसीबी की सूत्रों के अनुसार भ्रष्टाचार के खिलाफइस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## तीसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में कुल 80.18 प्रतिशत हुआ मतदान, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा 25 को

**जशपुरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 23 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र में कुल 80.18 प्रतिशत मतदान हुआ। जिनमें जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार में 76.27 प्रतिशत, जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल में 77.77 प्रतिशत और पत्थलगांव जनपद पंचायत क्षेत्र में 84.03 प्रतिशत मतदान हुआ।

# किसान सम्मान निधि रू 102191 किसानों के खाते में 20.44 करोड़ रूपए अंतरित



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 19वीं किश्त के रूप में बिहार के भागलपुर से 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से 22 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि अंतरित की। इनमें जिले के 102191 किसानों के बैंक खाते में 02-02 हजार रूपए के मान से 20.44 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया गया। जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किसानों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। साथ ही वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन एवं तिलहन की उन्नत कृषि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. एल. शर्मा, कृषि विभाग के उप संचालक एम. आर. तिग्गा, सहायक संचालक एम.एस.पैकरा एवं ललिता मरावी, इंजीनियर डॉ.पी.के. सिंह एवं एस. के. लहरे, विषय विस्तु विशेषज्ञ पल्लवी पोर्ते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.पी. कोशले सहित विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सहकार से समृद्धि के विजन को जन-जन तक पहुंचाएगा सहकारिता विभाग

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है अतः केंद्र एवं राज्य के सहकारिता मंत्रालय ने इस वर्ष के लिए सालभर होने वाली गतिविधियों का एक कैलेंडर जारी किया है. इस बंसमदकमत में सालभर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन तक सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहलों को पहुंचाने और लोगों को सहकारिता से जोड़ कर रोजगार का सृजन करने और सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाकर आमजनों को अपने ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की सुविधा देने की योजना है इसी अनुक्रम में डनदहमसप जिला में भी ब्सममदकमत तैयार किया गया है जिसे शीघ्र ही से अनुमोदन कराया जाना है कैलेंडर के अनुरूप जिले में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसमें जनवरी में नवीन समितियों को प्रमाण पत्र वितरण, नवीन समितियों का प्रशिक्षण और 26 जनवरी के अवसर पर सहकारिता विभाग द्वारा झांकी प्रदर्शन भी कराया गया था जिसे द्वितीय पुरस्कार भी मिला था. फरवरी में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के समस्त चंबे/संउचे को के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया. विदित हो कि जिले के सभी चंबे/संउचे सहकारी समितियों को पक प्रदान किया गया है जिससे समितियों की आय बढ़ेगी साथ ही कृषकों को अपने पंचायत स्तर पर के लाभ मिल सकेंगे.

# जिले में 28 फरवरी से 08 मई 2025 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

## कलेक्टर अग्रवाल ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम 2025 के अनुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च 2025 एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी वार्षिक परीक्षा 2025 के अनुसार विश्वविद्यालयीन परीक्षा 01 मार्च से 08 मई 2025 तक आयोजित की जाएंगी।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग से परीक्षा एवं छात्र- छात्राओं के पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं की तैयारी में व्यवधान न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला गरियाबंद में 28 फरवरी से 08 मई 2025 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आदेश जारी किये है। कलेक्टर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 18 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह प्रतिबंध लगाया है। विशेष परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने की अनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अधीन देंगे।

# फिंगेश्वर एवं देवभोग विकासखंड में कुल 89.83 प्रतिशत हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत जिले के फिंगेश्वर एवं देवभोग विकासखंड में 23 फरवरी को हुए मतदान के लिए मतदाताओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। फिंगेश्वर एवं देवभोग विकासखंड के कुल 124 ग्राम पंचायतों के 360 मतदान केंद्रों में वोटिंग सम्पन्न हुआ। इनमें कुल एक लाख 61 हजार 632 मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार दोनों विकासखंड में कुल 89.83 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें फिंगेश्वर विकासखंड के कुल 99 हजार 118 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें 49 हजार 750 पुरूष एवं 49 हजार 368 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार देवभोग विकासखंड में 62 हजार 514 मतदाताओं ने वोट डाले इनमें 30 हजार 794 पुरूष एवं 31 हजार 720 महिला मतदाता शामिल है। पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत हुए मतदान दिवस में सुबह से ही लोगों में मतदान के लिए काफी उत्साह रहा, जो मतदान समाप्ति तक बना रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में तृतीय चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत मतदान कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदान में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांजनों सहित सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। उल्लेखनीय है की कलेक्टर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन संपादन के लिए मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। केंद्रों में पानी, छाया, बैठक व्यवस्था, मतदाता मित्र, व्हीलचेयर सहित आदर्श मतदान केन्द्र आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इसके फलस्वरूप रविवार को मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लम्बी लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र फंदवानी एवं कंतेली में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रसारण एवं कृषकों का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वी किश्त हस्तांतरण प्रधानमंत्री द्वारा भागलपुर बिहार से किया गया इस अवसर पर मुंगेली जिले में उक्त कार्यक्रम का प्रसारण प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में सहकारी समिति कंतेली एवं फंदवानी में किया गया जिसमें सहकारी समिति अंतर्गत आने वाले अनेक कृषकों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर प्रसारण देखा उक्त कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत समितियों द्वारा कृषकों का सम्मान किया गया तथा सहकारिता विभाग द्वारा सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत कृषकों के हित के लिए तथा सहकारी संस्थाओं के उत्थान के लिए संचालित की जाने वाली विभिन्न पहलों यथा माइक्रो एटीएम संचालन, कॉमन सर्विस सेंटर संचालन, ई-डिस्ट्रिक्ट के कार्य, चंबे कंप्यूटरकरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र आदि की जानकारी उपस्थित कृषकों को दी गई. सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि हमारी सहकारी समितियां में कृषकों के हित के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा अनेक पहलें की जा रही है जिसकी जानकारी आम जनों तक पहुंचाना तथा उसे लाभान्वित करना विभाग का उद्देश्य है तथा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में हमारी सहकारी संस्थाएं प्रत्येक आमजनों तक पहुंच कर उन्हें सहकारिता विभाग की योजनाओं से जोड़ेंगे तथा लाभान्वित करेंगे इसके लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी डीसीडीसी की मार्गदर्शन में हम सतत कार्यरत हैं.

# रामचंद्रपुर जनपद सदस्य चुनाव सम्पन्न, अशर्फी यादव ने पूर्व जनपद उपाध्यक्ष को दी 1517 मतों से पटकनी

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर में 23 तारीख को चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 18 में 2 प्रत्याशी मैदान में चुनाव लड़ रहे थे जिसमें जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बी.डी. लाल गुप्ता एवं अशर्फी यादव के बीच मुख्य मुकाबला था। और इस क्षेत्र की जनता इस चुनाव परिणाम को लेकर टक टक्की लगाए बैठी थी। बी.डी.लाल गुप्ता को यह विश्वास था कि वह चुनाव जीत जाएंगे। लेकिन अशर्फी यादव ने जनता के बीच रहकर किए गए सेवा भाव से प्रश्न जनता ने उन्हें 1517 मतों से विजय घोषित करा दिया। और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बी.डी.लाल गुप्ता को हार का सामना करना पड़ा? विजई युवा प्रत्याशी अशर्फी यादव ने अपनी जीत का श्रेय अपने क्षेत्र की जनता को देते हुए उन्होंने बताया कि यह चुनाव मेरे जीवन की पहलि चुनाव है और मैं राजनीति के क्षेत्र में अपना स्थान इस क्षेत्र की जनता की मदद से संभव कर पाया हूं। इस क्षेत्र की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर हमारे जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है अब इनको हर दुख सुख में ईनकी समस्याओं को अपनी समस्या मानकर हमेशा तत पर रहूंगा। वैसे तो मैं अपने क्षेत्र की जनता का हमेशा ध्यान रखा है और निस्वार्थ भाव से उनकी सेवा करता आया हूं आज उसी का परिणाम है कि हमें इनका भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। अब हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना एवं मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखना होगा।

## कमलेश को पीएचडी की उपाधि



**उतई।** देवादा निवासी कमलेश चेलक को पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है । वे जवाहर चेलक एवं बुधवंतीन चेलक के सुपुत्र हैं। उन्हें यह उपाधि उनके शोध विषय दुर्ग संभाग में फसल प्रारूप की बदलती प्रवृत्तियों का कृषकों की आय पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण के लिए दिया गया है। उनके शोध कार्य के निर्देशक डॉ. के. के. बिंदल प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर एवं सह निर्देशक डॉ. विनोद कुमार जोशी प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर के दिशा निर्देश में पूरा किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपनी धर्मपत्नी वेणुका चेलक व अपने परिवार को दिया है।

## जनपद का प्रथम सम्मेलन 7 को तो जिला पंचायत का 10 मार्च को, गुंडरदेही जनपद में 25 में बीजेपी 10, कांग्रेस 10 और 4 अन्य ने मारी बाजी

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज के भतीजे को भाजपा के दुर्गानंद ने दी शिकस्त, गुरुर जनपद के 21 सीट में 16 पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने जीता चुनाव

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com





पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में जिले के गुंडरदेही व गुरुर ब्लॉक के 550 मतदान केंद्रों में 85.16 प्रतिशत मतदान हुआ। यह मतदान दिन का अंतिम मतदान प्रतिशत है। कुल 2 लाख 36 हजार 898 मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुरुर ब्लॉक में 86.54 फीसदी मतदान हुआ तो गुंडरदेही ब्लॉक में 84.21 प्रतिशत। पिछले 2020 के चुनाव की अपेक्षा गुरुर में 2.7 और गुंडरदेही में 2.41 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। 2020 के चुनाव में गुरुर ब्लॉक में 89.24 प्रतिशत तो गुंडरदेही ब्लॉक में 86.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। वही त्रिस्तरीय पंचायत के तीनों चरणों में संपन्न हुए जिले के पांचों ब्लॉक बालोद, गुंडरदेही, गुरुर, डौंडी एवं डौंडीलोहारा के 434 ग्राम पंचायतों में 5 लाख 10 हजार 646 मतदाताओं में मतदान किया है, जिसका कुल मतदान प्रतिशत 84.53 हैं। आपको बता दे कि ज़िले में कुल 436 ग्राम पंचायत है, जहां 2 ग्राम पंचायत में चुनाव नहीं हूए। इस 2025 के पंचायत चुनाव में पंच से लेकर सरपंच, जनपद, और जिला तक अधिकांश सीटों पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी चुनाव जीत कर आये है। निकाय चुनाव के बाद पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। रविवार को संपन्न हुए तीसरे चरण के चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है, कई दिग्गज चुनाव हार गए। कांग्रेस नेत्री जिला पंचायत अध्यक्ष रही सोनादेवी देशलहरा व गुंडरदेही जनपद अध्यक्ष सुचित्रा साहू एवं भाजपा नेता पोषण बनपेला जिला पंचायत चुनाव और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के भतीजे तोषण साहू भी चुनाव हार गए। कुल 5 जिला पंचायत सीट भाजपा के खाते में आई है। वही गुरुर जनपद की बात करें तो गुरूर जनपद पंचायत में 21 में भाजपा से अधिकृत 16, कांग्रेस से अधिकृत 2 और 4 निर्दलीय चुनाव जीते है। बताया जा रहा है कि 4 निर्दलीय में 3 भाजपा से बागी और एक कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़े थे। वही गुंडरदेही जनपद में 25 में बीजेपी 10, कांग्रेस 10 और 4 अन्य ने बाजी मारी हैं।

**पूर्व गृहमंत्री के भतीजे को हार**-नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी कमल खिला हैं। बालोद की जिला और जनपद पंचायत की सीटों में बीजेपी अधिकृत प्रत्याशी ही जीते हुए नजर आ रहे हैं। गुरूर जनपद में भाजपा ने 21 सीटों में से 16 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया। प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के भतीजे तोषण साहू को भाजपा के दुर्गानंद साहू ने हरा दिया। दुर्गानंद साहू ने एक हजार 20 वोटों के बड़े अंतर से पूर्व गृह मंत्री के भतीजे को हराया हैं। यह भाजपा की सबसे बड़ी जीत बताई जा रही है।

**गुरुर ब्लॉक से कांग्रेस का अस्तित्व खत्म करने का दावा**-तोषण साहू को हराने के बाद दुर्गानंद साहू ने कहा जो जीत हासिल हुई है, वो मेरे क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। यहां के मतदाताओं की जीत है। कांग्रेस का भ्रष्टाचार का कार्यकाल रहा है। इसी वजह से कांग्रेस का आज ये स्थिति है। गुरुर ब्लॉक में पूर्व गृहमंत्री के भतीजे को हराकर ये साबित कर दिया है कि अब कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। दुर्गानंद साहू ने जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष को हराया है। यहां पर हराने के साथ ही उनकी दावेदारी उपाध्यक्ष के सीट पर मानी जा रही है। अध्यक्ष पद के लिए यहां महिला सीट आरक्षित है। वहीं उपाध्यक्ष के सीट के लिए दुर्गानंद साहू का नाम प्रमुखता से रखा जा रहा है।

**10 मार्च को जिला पंचायत के प्रथम सम्मेलन का आयोजन**- जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के निर्वाचन एवं निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन तथा प्रथम सम्मेलन आयोजित करने हेतु जिला निर्वाचन के द्वारा समय सारणी जारी की गई है। 27 फरवरी को जनपद सदस्यों के निर्वाचन की प्रकाशन की अधिसूचना और निर्वाचन हेतु निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी की जाएगी, 4 मार्च को प्रथम सम्मेलन की सूचना जारी कर, 7 मार्च को जनपद पंचायत के प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 5 मार्च को जिला पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सम्मेलन की तिथि एवं निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना और प्रथम सम्मेलन की सूचना जारी की जाएगी। वहीं 10 मार्च को जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन आयोजन किया जाएगा।

**14 में 8 सदस्य भाजपा के जीते**-इस बार जिला पंचायत के 14 में 8 आठ सदस्य भाजपा के जीतकर आए हैं, और 5 कांग्रेस व एक निर्दलीय। तो ऐसे में यह माना जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी इस बार भाजपा के कब्जे में जाएगी। भाजपा जिला संगठन से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से कांति सोनेश्वरी, क्षेत्र क्रमांक 3 से तारिणी चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 4 से लक्ष्मी साहू, क्षेत्र क्रमांक 6 से प्रभा नायक, क्षेत्र क्रमांक 7 से चुन्नी मानकर, क्षेत्र क्रमांक 10 से तोमन साहू, क्षेत्र क्रमांक 13 से चंद्रिका गंजीर और क्षेत्र क्रमांक 14 से तेजराम साहू ने चुनाव जीता है। वही कांग्रेस से क्षेत्र क्रमांक 5 से गुलशन चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक दो से मीना साहू, क्षेत्र क्रमांक 9 से पूजा साहू, क्षेत्र क्रमांक 8 से राजाराम तारम और क्षेत्र क्रमांक 12 से मिथलेश नुरेटी ने चुनाव जीता है।

एक सीट क्षेत्र क्रमांक 11 में निर्दलीय निलिमा श्याम ने बड़ी जीत दर्ज की है, उन्होंने यहां कांग्रेस से अधिकृत पूर्व मंत्री की भतीजी और भाजपा प्रत्याशी को हराया है। वही बता दे कि क्षेत्र क्रमांक 4 से भाजपा 200 मत और कांग्रेस 350 मत से जितने का दावा कर रही है। अब ये सारणीकरण पश्चात ही स्पष्ट हो पाएगा।

# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का किया शुभारम्भ

**हर साल की तरह बजट सत्र के पहले दिन पूरी विधानसभा पहुंची शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर, मुख्यमंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकगण शामिल हुए**





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

हर साल की तरह इस साल भी बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद पूरी विधानसभा जिसमें पक्ष और विपक्ष के सारे सदस्य शामिल थे शुद्ध और सात्विक भोजन के लिए ब्रह्माकुमारीजके शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे का शिकार होकर भटक रही है। ऐसे समय पर आप लोगों ने युवा पीढ़ी को सही राह पर लाने का बीड़ा उठाया है। यह अच्छी पहल है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पूरे देश में अध्यात्म के विकास के लिए काम कर रही है। यह राज्य के लिए गौरव की बात है कि नशामुक्ति अभियान की शुरूआत आप लोग छत्तीसगढ़ राज्य से कर रहे हैं। इस प्रदेश में प्रतिवर्ष छः हजार लोग दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जिसमें से अधिकांश नशाखोरी करने वाले युवक ही होते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सात्विक भोजन से मन, विचार और भावनाएं पवित्र होती हैं। शुद्ध अन्न का स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। उन्होंने राष्ट्रीय नशामुक्ति अभियान की शुरूआत छत्तीसगढ़ से करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य के सारे जनप्रतिनिधि यहाँपर उपस्थित हैं। नशामुक्ति अभियान की शुरूआत के लिए यह अच्छा अवसर है। भविष्य में हम विकास, शान्ति और नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमारे सारे विधायकों का सहयोग नशामुक्ति के कार्य में आपको मिलेगा। माउण्ट आबू से आए मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी ने बतलाया कि भारत सरकार के नारकोटिक्स कन्ट्रोल विभाग के साथ एमओयू के अनुसार ब्रह्माकुमारी संस्था गांव-शहर सभी जगह लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है। इसी दिशा में आज से हम छत्तीसगढ़ राज्य को भी नशामुक्त राज्य बनाने के लिए कार्य करेंगे। ब्रह्माकुमारीज़ के अतिरिक्त महासचिव ब्रह्माकुमार मृत्युंजय ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष सहित सभी को पुनः एक बार राजयोग द्वारा कुशल प्रशासन की तकनीक सीखने के लिए माउण्ट आबू आने का निमंत्रण दिया। समारोह में ब्रह्माकुमारी बहनों ने मुख्यमंत्री सहित सबका शॉल, श्रीफल और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय निदेशिका बीके हेमलता दीदी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महन्त, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक एवं गौरीशंकर अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में विधायकगण उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन विधानसभा भवन का विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रियों एवं विधायकों द्वारा किया गया स्थल निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधान के सेक्टर-19, नवा रायपुर-अटल नगर स्थित निर्माणाधीन विधानसभा भवन का विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्रियों एवं विधायकों द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करने के पश्चात लोक निर्माण विभाग द्वारा एक प्रेजेन्टेशन के माध्यम से उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को नवीन विधान सभा भवन के ड्राईंग डिजाईन एवं बजट की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मान. विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा-कि नवीन विधान सभा भवन का स्ट्रक्चर का काम माह अप्रैल, 2025 तक एवं बिजली इत्यादि का कार्य मई, 2025 तक पूर्ण किये जाने की संभावना है। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नवीन विधान सभा भवन की समस्त उर्जा जरूरतों की पूर्ति हेतु सोलर टेक्नोलॉजी के समुचित उपयोग, पूरे भवन परिसर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाने हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं वर्शा जल का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए आधुनिक टेक्नोलॉजी का समावेश कर समस्त कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।



रायपुर। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने विधायक दल की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आईसीसी राष्ट्रीय महासचिव पंजाब प्रभारी बनाये जाने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। भूपेश बघेल को इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनायें दी है।

## अन्नदाताओं के खाते में हमने एक लाख करोड़ रुपए भेजे : सीएम विष्णुदेव साय



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश भर के 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इनमें छत्तीसगढ़ के 25 लाख 95 हजार 832 किसान शामिल हैं। इन किसानों खाते में 599 करोड़ 38 लाख रुपए की सम्मान निधि भेजी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया। मुख्यमत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अन्नदाताओं का सम्मान माँ अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। इस योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसानों को मोदी ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी दी थी। हमारी सरकार ने यह वायदा निभाया है। साथ ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की गारंटी भी दी गई थी।

## देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन 4-5 मार्च को नई दिल्ली में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 4 मार्च और 5 मार्च को देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाने, चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका और आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का यह पहला सम्मेलन है। आयोग ने इसके लिए सभी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने-अपने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक-एक डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) और ईआरओ (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) को नामित करने के निर्देश दिए हैं। वैधानिक प्राधिकारियों के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का दो दिनों का यह सम्मेलन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार-मंथन और आपस में एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के पहले दिन आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाने और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी। वहीं दूसरे दिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ पहले दिन विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा पर अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

## 25 जिलों में भाजपा पीछे कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष बनेंगे : सुशील शुक्ला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में 25 जिलों में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि 18 जिलों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत है तथा 7 जिलों में कांग्रेस के विचारधारा के सदस्यों के साथ हमारा बहुमत है। भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर केवल 8 जिला पंचायतों में ही बहुमत पर है। तीनों चरण में कांग्रेस के कुल 234 जिला पंचायत सदस्य चुनाव जीत कर आये है। जनपद पंचायतों एवं सरपंचों के चुनावों में भी कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार भाजपा से अधिक चुनाव जीत कर आये है। जनपद पंचायत में कुल 2932 क्षेत्रों में से कांग्रेस के 1761 सदस्य चुनाव जीत कर आये है। सरपंचों के 10187 गांवों में से 6985 कांग्रेस समर्थित सरपंच चुनाव जीत कर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला पंचायतो एवं जनपदों में हारने के बाद सत्ता के दुरुपयोग पर उतर आई है। बिना बहुमत के भी भाजपा का अध्यक्ष बनाने के लिये कांग्रेस समर्थित सदस्यों पर सरकार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। कलेक्टर एसपी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को जिला पंचायत सदस्यों को उठाने की जवाबदारी दी गयी है।

### उद्योग मंत्री पाली महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल



**कोरबा।** प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन बुधवार 26 और 27 फरवरी को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे रायपुर से कार द्वारा रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे ग्राम कोहड़िया चारपारा जिला कोरबा पहुंचेंगे, तत्पश्चात् सायं 5.45 बजे चारपारा कोहड़िया से प्रस्थान कर सायं 7 बजे ग्राम केराझरिया में ऐतिहासिक पाली महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद वे रात्रि 8 बजे पाली कोरबा से प्रस्थान कर रात्रि 10.30 बजे रायपुर लौट आएंगे। इसी प्रकार मंत्री देवांगन गुरूवार 27 फ़रवरी को सायं 4.30 बजे रायपुर से जिला कोरबा पाली के लिए प्रस्थान कर सायं 7 बजे केराझरिया में पाली महोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 8 बजे जिला कोरबा पाली से प्रस्थान कर रात्रि 10.30 बजे रायपुर लौट आएंगे।

## एनएमडीसी बचेली में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस निगम स्तरीय राजभाषा तकनीकी सेमिनार में एनएमडीसी की विभिन्न परियोजनाओं से प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बचेली प्रतिबिंब पत्रिका का विमोचन किया गया। परियोजना द्वारा निर्धारित दो तकनीकी विषयों पर आयोजित किए गए इस राजभाषा सेमिनार में कुल 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस आयोजन को राजभाषा के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में महेश नायर, महाप्रबंधक कार्मिक सह सर्वकार्यभारी अधिकारी (राजभाषा) ने मुख्य अतिथि व विभिन्न परियोजनाओं से पधारे आलेखदाताओं का स्वागत करते हुए पूर्व के वर्षों में आयोजित तकनीकी सेमिनारों की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने एवं कार्यक्रम संचालन सौरभ चढ़ार, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। इस कार्यक्रम में पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं यूनियनों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403